मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj #saveelephant

वर्ष : 2 अंक: 161 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार , 02 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित




## स्वास्थ्य सुविधाओं में निवेश करने से आयेगी स्थिरताः निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए बजट पेश करते हुए कहा कि यह छह स्तंभों पर आधारित है जिनमें स्वास्थ्य एवं देखभाल, वित्त पूंजी एवं बुनियादी ढ़ांचा, आकांक्षी भारत में समग्र विकास, मानव संसाधन का विकास, नवाचार एवं अनुसंधान और न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन शामिल है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में बुनियादी ढ़ांचे में निवेश करने से स्थिरता आयेगी। इसके लिए बचाव, निदान और देखभाल पर जोर दिया जाएगा। केंद्र सरकार अगले छह वर्ष के लिए 64 हजार 180 करोड रुपए की योजना शुरू करेगी जो स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, निदान केंद्रों के विकास और उभरती बीमारियों से निपटने के प्रयासों पर केंद्रित होगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में शोरगुल के बीच सोमवार को केंद्रीय बजट 2021-22 लोकसभा में पेश किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए जैसे ही सीतारमण को वित्त वर्ष 2021-22 का आम बजट पेश करने के लिए पुकारा तो सदन में शोर शराबा आरंभ हो गया। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को आम बजट 2021 -22 को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संसद भवन परिसर में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई जिसमें वित्त वर्ष 2021-22 का अनुमोदन किया गया। निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट मंत्रिमंडल के समक्ष रखा। इससे पहले उन्होंने वित्त वर्ष 2021-22 के आम बजट की एक डिजीटल प्रति राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंपी और राष्ट्रपति से आम बजट पेश करने की मंजूरी ली।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए बजट पेश कर रही हैं। उन्होंने अपने बजट भाषण के दौरान कई घोषणाएं की हैं। उन्होंने कोरोना संक्रमण के दौरान देश को दिए गए आर्थिक पैकेज का भी जिक्र किया। अपने बजट भाषण के दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया को मिली शानदार जीत का भी उल्लेख किया। प्रस्तुत है भाषण की महत्वपूर्ण बातें :



- पिछले छह साल में बिजली क्षेत्र में कई सुधार किये गये, इस दौरान कुल क्षमता में 1,38,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता जोड़ी गई।
- कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान बिना किसी बाधा के ईंधन आपूर्ति जारी रखी गई।
- वित्त मंत्री ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत 2,000 करोड़ से अधिक की सात बंदरगाह परियोजनाओं की घोषणा की।
- बिजली उपभोक्ताओं को वितरण कंपनियों का विकल्प देने के लिये नियम बनाए जाएंगे।
- बिजली उपभोक्ताओं को एक से अधिक वितरण कंपनियों में से किसी को चुनने का विकल्प देने के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी।
- रेलवे को 2021-22 में रिकॉर्ड 1,10,055 करोड़ रुपये दिए गए, जिनमें से 1,07,100 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए हैं।
- वित्त मंत्री ने कहा कि ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के शत प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य दिसंबर 2023 तक पूरा किया जाएगा।
- सड़क बुनियादी ढांचा को और बेहतर करने के लिये मार्च 2022 तक 8500 किमी सड़क, राजमार्ग परियोजनाओं का आवंटन किया जाएगा।
- मुफ्त रसोई गैस रसोई गैस योजना उज्ज्वला को 1 करोड़ और लाभार्थियों तक बढ़ाया जाए।
- वित्त वर्ष 2021-22 में पूंजीगत व्यय बजट बढ़ाकर 5.54 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव। वित्त मंत्री ने चालू वित्त वर्ष के 4.39 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले अगले वित्त वर्ष के लिये 5.54 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखा।
- उत्पादन आधारित योजना (पीएलआई) पर इस वित्त वर्ष से शुरू अगले पांच साल में 1.97 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगेः वित्त मंत्री
- वित्त मंत्री ने पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए स्वैच्छिक वाहन स्क्रैपिंग नीति की घोषणा की, निजी वाहनों के लिए 20 साल बाद फिटनेस परीक्षण का प्रस्ताव।
- सरकार 20,000 करोड़ रुपये की पूंजी के साथ विकास वित्त संस्थान गठित करने के लिये विधेयक लाएगी।
- वित्त मंत्री ने 2021-22 के बजट भाषण में कहा कि गेल इंडिया लि., इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और एचपीसीएल की 20 पाइपलाइन को बाजार पर चढ़ाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ढांचागत क्षेत्र की पुरानी संपत्तियों को बाजार पर चढ़ाने के लिये योजना लाई जाएगी।
- जल जीवन मिशन (शहरी) की होगी शुरूआत।
- तीन साल में सात टेक्सटाइल पार्क बनाये जायेंगे।
- कोविड-19 टीकाकरण के लिए बजट में 35000 करोड़ का प्रावधान।
- मिशन पोषण 2.0 की घोषणा।
- बजट में प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वास्थ्य योजना के लिए 64,180 करोड़ रुपये।
- 500 शहरों में अपशिष्ट प्रबंध के लिए अमृत शहर योजना के तहत 2.87 लाख करोड़ रुपये।
- आज भारत के पास 2 टीके उपलब्ध हैं और उसने न केवल अपने नागरिकों को बल्कि 100 या अधिक देशों के लिए कोरोना के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना शुरू कर दिया है। यह जानकर सुकून मिला है कि जल्द ही 2 और टीके भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है।
- मई 2020 में, सरकार ने आत्मानिभर भारत पैकेज की घोषणा की, रिकवरी को बनाए रखने के लिए हमने दो और आत्मानिर्भर पैकेजों की शुरूआत की। आरबीआई द्वारा किए गए उपायों सहित सभी पैकेजों का कुल वित्तीय प्रभाव लगभग 27.1 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान था।
- इस बजट की तैयारी ऐसी परिस्थितियों में की गई थी, जो पहले कभी ऐसी आपदाओं के मद्देनजर नहीं हुई हैं, जिन्होंने किसी देश या देश के भीतर किसी क्षेत्र को प्रभावित किया हो।
- वित्त वर्ष 2021-22 के आम बजट में स्वास्थ्य एवं देखभाल, वित्तीय पूंजी एवं बुनियादी ढ़ांचा, आकांक्षी भारत के लिए समग्र विकास, मानव संसाधन विकास, अनुसंधान एवं नवाचार और न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर जोर दिया गया है।

### किसानों, मछुआरों और गरीबों को सहारा देने की कोशिश

- ऑपरेशन ग्रीन में जल्द खराब होने वाली 22 फसलें शामिल की जाएंगी।
- एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड तक एपीएमसी की भी पहुंच होगी।
- कोच्ची, चेन्नई, विशाखापट्टनम, पारादीप, पेटुआघाट में 5 फिशिंग हार्बर बनेंगे।
- वन नेशन, वन राशन कोर्ड 32 राज्यों में लागू होगा। 86% लोग इसमें कवर हो चुके।



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा सरकार को किसानों के दुःख दर्द का एहसास नहींः अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को किसानों के दुःख दर्द का एहसास नहीं, वह उसे झूठे भुलावों में फंसाये रखना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि किसानों के पक्ष में उमड़ा जनसैलाब दशार्ता हैं कि आम जनता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नीतियों से किस कदर परेशान है। यादव ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार किसानों के दुःख दर्द का एहसास अभी भी नहीं कर रही है। उसे झूठे भुलावों में फंसाये रखना चाहती है। किसानों की राय के बिना थोपे गए कृषि कानूनों पर अभी भी भाजपा सरकार हठधर्मी दिखा रही है। भाजपा की प्राथमिकता में किसान और खेती नहीं, उद्योगपति और बड़े पूंजीघराने रहे हैं। किसानों को बदनाम करने के प्रपंचों से किसान इसीलिए बहुत आहत हैं। भाजपा ने नोटबंदी, जीएसटी, श्रमकानून और कृषि कानून लाकर खरबपतियों को ही फायदा पहुंचाने वाले नियम बनाए हैं। आम जनता को तो भाजपा ने बस सताया ही है।

### म्यामांर में सैन्य तख्तापलट

## सेना अपने कदमों को वापस लेंः अमेरिका

**वॉशिंगटन।** म्यांमार में सैन्य तख्तापलट और नोबेल पुरस्कार विजेता राष्ट्रपति आंग सांग सू की को गिरफ्तार किए जाने पर अमेरिका ने वहां की सेना को चेतावनी दी है। अमेरिका ने कहा कि अगर म्यांमार की सेना ने अपने आज के कदमों को वापस नहीं लिया तो बाइडेन प्रशासन इस पर कड़ी कार्रवाई करेगा। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति को भी पूरी घटना से अवगत कराया गया है। पूरे घटनाक्रम पर अमेरिका अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। अमेरिका ने म्यांमार की सेना के तख्तापलट पर गहरी चिंता जताई है। राष्ट्रपति कार्यालय वाइट हाउस की प्रवक्ता जेन पास्की ने कहा कि अमेरिका उन रिपोर्टों से चिंतित है कि म्यांमार की सेना ने देश के लोकतांत्रिक बदलाव को खोखला कर दिया है और आंग सांग सू की को अरेस्ट कर लिया है। इस घटना के बारे में राष्ट्रपति जो बाइडेन को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने जानकारी दी है। जेन पास्की ने कहा कि हम म्यांमार की लोकतांत्रिक ताकतों को समर्थन देते रहेंगे और सेना से अपील करेंगे कि सभी हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा किया जाए। अमेरिका चुनाव परिणाम को बदलने या लोकतांत्रिक बदलाव में बाधा डालने के किसी भी प्रयास का विरोध करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आज उठाए गए कदमों को वापस नहीं लिया गया तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई करेगा। जेन ने कहा कि अमेरिका म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है।

इससे पहले म्यांमार में सेना ने देश की नेता आंग सांग सू की और राष्ट्रपति यू विन म्यिंट को अरेस्ट कर लिया है। सत्तारूढ़ पार्टी एनएलडी के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सेना ने एक साल के लिए आपातकाल लगा दिया है और पूर्व जनरल तथा उपराष्ट्रपति मिंट स्वे को कार्यकारी राष्ट्रपति बनाया गया है। उन्हें सेना प्रमुख का भी दर्जा दिया गया है। सड़कों पर सेना तैनात है और फोन लाइनों को बंद कर दिया गया है। इससे पहले एनएलडी के प्रवक्ता मयो न्यूंट ने कहा कि राष्ट्रपति आंग सांग सू की और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को सेना ने सोमवार अल सुबह छापेमारी की कार्रवाई के बाद हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह राष्ट्रपति आंग सांग सू की और अन्य नेताओं को 'उठाया' गया। मयो ने आशंका जताई कि उन्हें भी जल्द ही हिरासत में लिया जा सकता है।

## सरकार इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाकर किसानों की आवाज दबाने पर आमादा हैः काग्रेस

- भाजपा सरकार लोकतंत्र की अनदेखी कर किसान आंदोलन को दबाने का कर रही है प्रयास!

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आंदोलन स्थलों के आसपास इंटरनेट सेवा पर रोक लगा कर किसानों की आवाज दबाने पर आमादा है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि सरकार ने किसान आंदोलन को कुचलने के लिए इंटरनेट सेवा पर रोक लगाई है। उन्होंने इंटरनेट सेवा बहाल करने की मांग करते हुए कहा कि आम लोगों के साथ-साथ छात्रों को भी काफी परेशानी हो रही है जिनकी परीक्षाएं होने वाली हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की अनदेखी कर किसान आंदोलन को दबाने और नाकाम करने पर आमादा है। सरकार उन स्थानों के आसपास इंटरनेट कनेक्शनों पर रोक लगा रही है जहां आंदोलन चल रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि मैं हमारे अन्नदाताओं पर इस सरकार द्वारा इस तरह के अत्याचार का विरोध करता हूं। शर्म करो भाजपा। शेम, शेम। चौधरी ने दावा किया, भाजपा आंसुओं से डर गई है। किसानों की आंखों से निकले आंसुओं की ताकत ने भाजपा को हिला दिया है जो हर मौके का इस्तेमाल घड़याली आंसू बहाने के लिए करती है।



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन कानूनों पर 18 महीने के लिए रोक लगा दी गई है। उन्होंने ट्वीट कर पूछा कि संसदीय समिति को यह समय इन कानूनों का परीक्षण करने और संसद को रिपोर्ट करने के लिए क्यों नहीं दिया गया। पार्टी के अन्य नेता विवेक तन्खा ने भी रमेश की बात का समर्थन किया। उन्होंने ट्विटर पर कहा, मोदी जी की मंशा पीछने हटने की नहीं है। हालांकि सरकार चिंतित है लेकिन उनका मकसद वार्ताओं आदि को विभाजित करना और किसानों को थकाना है। इस बार उन्होंने गलत नंबर मिला दिया है।

## पीएसयू बैंकों और बीमा को विभाजित करने की जरूत : बीएमएस



**नई दिल्ली।** बीएमएस ने बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान के वर्तमान प्रयासों के लिए सरकार को बधाई दिया। पश्चिम बंगाल और असम में चाय श्रमिकों के लिए विशेष योजना, श्रम निर्माण क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्कर परियोजनाओं पर उन्मुख विकास,पांच प्रमुख मछली पकड़ने वाले बंदरगाहो, कोच्चि, चेन्नई, विशाखापत्तनम, पारादीप, पेटूघाट को आर्थिक गतिविधियों के हब के रूप में विकसित करने के सरकार की प्रयासो की सराहना की। लेकिन आत्मनिर्भर भरत की खूबसूरत अवधारणा को एफडीआई के साथ मिलाना और केंद्रीय बजट में विनिवेश कर्मचारियों के लिए निराशाजनक है। सरकार का बीमा क्षेत्र में एफ डी आई को 49% से बढाकर 74% करने का प्रस्ताव तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र में विदेशी निवेश की छूट बढाने से विदेश पर निर्भरता बढेगी इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को विभाजित करने जैसे विनिवेश कार्यक्रम(PSB) और एक सामान्य बीमा कंपनी, LIC का सार्वजनिक प्रस्ताव (IPO) सरकार द्वारा लाया जा रहा है, एनआईटीआई अयोग को विनिवेश के लिए नई कंपनियों को सूचीबद्ध करने के लिए कह रहा है। इससे गैर-रणनीतिक और रणनीतिक क्षेत्रों में विनिवेश, रेलवे योजना, 12 लाख करोड़ रुपये का मुद्रीकरण, भूमि की तरह सरकारी संपत्ति राजकोषीय घाटा, सार्वजनिक निजी भागीदारी आदि का आकर्षण कम हो जाएगा। आत्मनिर्भर भरत और बजट में कुछ अच्छे प्रस्तावों के लाभ मेगा टेक्सटाइल , मछली पकड़ने के प्रमुख बंदरगाह आदि का स्वागत है । लेकिन इस तरह के मौजूदा प्रस्ताव में श्रमिकों और मछुआरों के हित के लिए कोई समर्थन नहीं है। बीएमएस और अन्य ट्रेड यूनियनों द्वारा उठाए गए मांगों में से कोई भी इसमे शामिल नहीं है। पश्चिम बंगाल में चाय श्रमिकों के लिए एक विशेष योजना को छोड़कर बजट में अन्य महत्पूर्ण विषयों को शामिल नहीं किया जाना प्रक्रिया को मजाक बना रहा है।

## उद्धव सरकार ने आम आदमी को दिया बड़ा झटका

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना नीत उद्धव ठाकरे सरकार ने आम जनता को बड़ा झटका देते हुए 71.68 लाख बिजली कनेक्शन धारकों को नोटिस जारी कर दिया है। सरकारी बिजली कंपनी महावितरण की ओर से 71.68 लाख ग्राहकों को बिजली कनेक्शन काटने का नोटिस भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर जल्द से जल्द उन्होंने बिजली का बकाया बिल जमा नहीं किया तो वह कनेक्शन काट दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक आज से बिजली काटने का काम भी शुरू हो जाएगा। मालूम हो कि कोरोना काल के दौरान सभी सरकारी और निजी दफ्तर बंद चल रहे हैं। ज्यादातर लोग अपने घरों से ही काम कर रहे हैं। ऐसे भी सभी घरों के बिजली मीटर ने रफ्तार पकड़ ली है। लोगों के बिल कई गुना ज्यादा आने लगे हैं। ग्राहकों का कहना है कि लॉकडाउन के दौरान जब बिजली के बिल ज्यादा आने लगे थे जब राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, ऊर्जा मंत्री नितिन राउत सहित तमाम नेताओं ने बिजली बिल में राहत देने का वादा किया था। यहां तक कि सरकार की ओर से बिजली के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव देने की भी बात कही गई थी। सरकार की ओर से बिजली कंपनियों को आदेश दिए गए थे कि किसी भी हालत में बिजली का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

उस दौरान उद्धव सरकार ने 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने की भी बात कही थी लेकिन अब सरकार अपनी बात से पलट गई है और ग्राहकों को बिजली बिल का भुगतान करने के लिए कहा गया है।

## कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन जारी

### कई मेट्रो स्टेशन बंद, अक्षरधाम पर ट्रैफिक भी डायवर्ट

**नई दिल्ली।** संसद द्वारा पास तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों का विरोध प्रदर्शन सोमवार को 66वें दिन भी जारी है। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए बॉर्डर पर सुरक्षा बल तैनात हैं। किसान नेताओं और सरकार के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन नतीजा नहीं निकल सका है। हाल ही में सर्वदलीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सरकार किसानों को दिए गए सभी प्रस्तावों पर आज भी कायम है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था की बातचीत के जरिए ही इसका हल निकाला जा सकता है। आपको बता दें कि किसानों ने पहले एक फरवरी यानी आज के दिन संसद मार्च की घोषणा की थी, लेकिन गणतंत्र दिवस के दिन ट्रैक्टर परेड के दौरान लाल किले हिंसा के बाद उन्होंने इसे रद्द कर दिया। हालांकि दिल्ली में जहां-जहां किसान आंदोलन कर रहे हैं सुरक्षा व्यवस्था सख्त है। ट्रैफिक में भी बदलाव किए गए हैं।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मुताबिक ब्रिगेडियर होशियार सिंह, बहादुरगढ़ सिटी, पंडित श्रीराम शर्मा और टिकरी बॉर्डर मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार बंद हैं। वहीं गाजीपुर (दिल्ली-उत्तर प्रदेश) बॉर्डर पर कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए नोएडा के लिए अक्षरधाम पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि जब तक सरकार बात नहीं करेगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। विपक्ष यहां पर वोट तलाशने नहीं आए। विपक्ष यहां हमदर्दी के लिए आता है। हम कोई चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वहीं इससे पहले कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शरद पवार के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह देश के बड़े



राजनेता हैं और कृषि से जुड़े विषयों पर बड़ी जवाबदेही के साथ बात करते रहे हैं। मैं उनका सम्मान करता हूं। जब वे कृषि मंत्री थे उन्होंने कृषि सुधार करने की कोशिश की थी। आज उनके कुछ ट्वीट आए, उन्हें देखकर मुझे निराशा हुई। कृषि मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि शरद पवार जी के सामने बिल के तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया होगा। मैं आशा करता हूं कि वो सही तथ्यों को समझेंगे और कृषि सुधार बिलों पर अपनी राय को बदलेंगे।

## केंद्रीय बजट में मिडिया की उपेक्षा निराशाजनकःडब्लूजेआई

**नई दिल्ली ।** देश के पत्रकारों के शीर्ष संगठन, वर्किंग जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया, सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ ने केंद्र सरकार के वर्ष 2021 के बजट में मीडिया व मीडियाकर्मियों के लिये, एक भी कोई घोषणा नही करने की निंदा की है। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप चौधरी के अनुसार बजट से ये साफ हो गया है कि देश के ज्यादातर नेता मीडियाकर्मियों को समाज का हिस्सा नही मानते है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल व देश मे लगे लॉक डाउन से मीडिया उद्योग की हालात खस्ता हो गए है। इस उद्योग के हालात खराब होने से देशभर में विभिन्न समाचार पत्रों के प्रकाशन बंद हो गए और वहां कार्य कर रहे पत्रकारों की या तो छंटनी हो गयी या उनकी तनख्वाह में कटौती कर दी गयी। सैंकड़ो स्माल व मीडियम न्यूजपेपरो का प्रकाशन बंद हो गया। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप चौधरी के अनुसार , ऐसे समय मे केंद्र सरकार को मीडिया को ज्यादा से ज्यादा विज्ञापन देने चाहिये थे लेकिन केंद्र सरकार ने कोरोना




काल मे मीडिया को एकतरह से विज्ञापन देने में भी कटौती शुरू कर दी। चौधरी ने मीडिया से जीएसटी हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस समय ये उद्योग बढेगा उसी तरह से उसमे पत्रकारों के लिये नौकरियां बढ़ेंगी। श्री चौधरी ने मीडिया में एफडीआई पर भी रोक लगाने की मांग की है। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव श्री नरेन्द्र भंडारी ने किसान आंदोलन के दौरान सिंघु बॉर्डर पर अपने रिपोर्टिंग ड्यूटी को अंजाम दे रहे पत्रकार मंदीप पुनिया की दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने कहा कि निर्भीक पत्रकार मंदीप धरने पर बैठे किसानों को स्थानीय चंद लोगो द्वारा प्रताड़ित करने व इस मामले में स्थानीय पुलिस की खबरों के जरिये पोल खोल रहा था। श्री भंडारी के अनुसार दिल्ली के बॉर्डर्स पर बैठे किसानों की कवरेज कर रहे ऑनलाइन मीडिया के पत्रकारों के समक्ष स्थानीय प्रशासन तरह तरह की बाधाएं खड़ी कर रहा है । श्री भंडारी ने पुलिस से पत्रकार मंदीप के खिलाफ मुकदमो को वापिस लेने व उसे तत्काल रिहा करने की मांग की है । यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री संजय कुमार उपाध्याय के अनुसार देश मे कई पत्रकार फेक न्यूज का सहारा लेकर झूठी खबरे चला रहे है। उन्होंने कहा कि यूनियन फेक न्यूज चलाने वाले पत्रकरो के कभी भी समर्थन में खड़ी नही होगी।





# पैट्रोलिंग स्टाफ की सजगता से स्नैचर एवं डैकेती का आरोपी गिरफ्तार

» विजय गौड़ वरिष्ठ संवाददाता

नई दिल्ली। स्नेचिंग डकैती एवं वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की नियमित दिशा-निर्देशन और विषम समय में पिकेट चेकिंग करने के आदेशों के पालन से अपराध पर अंकुश लगने से जनता का विश्वास एवं पुलिस का मनोबल बढ़ा है ।

शिकायतकर्ता अभिनव गुप्ता ने बताया कि गत 30 जनवरी को लगभग रात 8:48 बजे, वह रूप नगर, दिल्ली में अपने निजी काम से जा रहा था। इस बीच, दो अज्ञात लड़के नागिया पार्क की तरफ से स्कूटी पर आए और उसके हाथ से सैमसंग जे -2 मोबाइल फोन छीन लिया और रोशन आरा रोड की ओर भागने की कोशिश की। शिकायतकर्ता ने तुरंत शोर मचाया और अपराधियों के पीछे दौड़ा। सौभाग्य से, इस बीच, सीटी सांवरमल जो इलाके में गश्त ड्यूटी पर थे, ने शिकायतकर्ता की आवाज सुनी, उन्होंने पीछा करके छीना मोबाइल फोन और स्कूटी के साथ सवार को रोक दिया। लेकिन स्कूटी का मुख्य सवार मौके से भागने में सफल रहा। मामले के अनुसार केस दर्ज हो गया है पकडे हुए आरोपी नितिन से मोबाइल के साथ केश० पुरम से चोरी हुई स्कूटी भी बरामद हुई।



## दिल्ली के तीन धरनास्थलों पर इंटरनेट सेवाएं दो फरवरी की रात तक निलंबित

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने किसानों के प्रदर्शन स्थल सिंघू, गाजीपुर और टीकरी बॉर्डर पर इंटरनेट सेवाओं के निलंबन की अवधि मंगलवार रात तक के लिए बढ़ा दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन तीन बॉर्डर पर किसान केंद्र के नए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ नंवबर से प्रदर्शन कर रहे हैं। इन स्थानों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। यह व्यवस्था 31 जनवरी को रात 11 बजे से आरंभ हुई और दो फरवरी को रात 11 बजे तक जारी रहेगी। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि टेलीकॉम सेवाओं के अस्थायी निलंबन (जन आपातकाल या जन सुरक्षा) नियम 2017 के तहत यह फैसला 'सार्वजनिक सुरक्षा को बनाए रखने तथा जन आपातकाल से बचने' की खातिर लिया गया है।

# मेवाड़ में दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित

## मोहित व तरुण की टीम ने बाजी मारी

» नवीन दास



गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट में आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में एलएलबी व बीएएलएलबी के विद्यार्थियों की 14 टीमों ने देश के चर्चित अपराधिक कानूनी मामलों पर जमकर बहस की। भारतीय दंड संहिता की धाराएं 350, 354, 375, 376, आईटी एक्ट की धारा 66 व 66ए आदि से सम्बंधित केस पर विद्यार्थियों ने अनेक तर्क प्रस्तुत किए। मुख्य रूप से सलमान बनाम केरल राज्य, दीपक गुलाटी बनाम हरियाणा राज्य-2013, दिलीप कुमार बनाम बिहार राज्य-2005 आदि केस पर प्रतिभागियों में जमकर बहस-मुबाहसा हुआ। मेमोरियल की विषय-वस्तु एवं श्रेष्ठ प्रस्तुति के आधार पर विजेता टीमों की घोषणा की गई। एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी मोहित यादव व तरुण छाबड़ा प्रथम, बीएएलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राएं प्रगति शर्मा व मुस्कान द्वितीय और बीएएलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी उत्कर्ष शर्मा, यश वशिष्ठ व नारायणी तृतीय घोषित किये गये। मूट कोर्ट के जज के रूप में दिल्ली हाईकोर्ट के वकील चैधरी रविन्द्र सिंह व मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ आरके उपाध्याय रहे। चैधरी रविन्द्र सिंह और डा. उपाध्याय ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके साक्ष्यों या बहस में आई कमियों को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से विधि एवं विभिन्न धाराओं का समुचित प्रयोग करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट के शिक्षक डा. अटल कुमार, विभागाध्यक्ष शिव शंकर मौर्य, संगीता धर, राकेश कुमार राय, अजित प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे। मूट कोर्ट का समन्वयन मोहम्मद आसिफ ने किया। मेवाड़ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने बताया कि मेवाड़ मूट कोर्ट के जरिये विधि के विद्यार्थियों को पारंगत करने में जुटा है। यह सिलसिला कई सालों से अनवरत जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कस्टम ने पकड़े दो अफगानी नागरिक, नशीला सामान बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम ने दो अफगानी नागरिकों को पकड़ा है। उनके पास से 208 कैप्सूल बरामद किए हैं, जिनमें 1635 ग्राम सफेद पदार्थ था। उसे नशीला सामान माना जा रहा है।

### डीयू में विदेशी छात्रों के दाखिले के लिए फरवरी से खुलेगी विंडो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के यूजी, पीजी, एमफिल, पीएचडी, सर्टिफिकेट व सर्टिफिकेट डिप्लोमा में दाखिले की तैयारी शुरू हो गई है। डीयू में इस बार विदेशी छात्रों के दाखिले के लिए आवेदन करने की विंडो फरवरी में खुलेगी। इसको लेकर आगामी सप्ताह में एक बैठक होने जा रही है। बैठक में तिथि व अन्य गाइडलाइन पर मुहर लगेगी। कोरोना संक्रमण के कारण इस बार दाखिला प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जा रहा है। डीयू में विदेशी स्टूडेंट (डिप्टी डीन) प्रो. अमरजीव लोचन का कहना है कि फरवरी में विदेशी छात्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस बार छात्रों को सुविधा देते हुए पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाएंगे। अब तक छात्रों को फॉर्म डाउनलोड कर उसे भर कर पोस्ट से भेजना होता था। लेकिन इस बार उन्हें पोस्ट से नहीं भेजना होगा। वह सीधे फॉर्म भर सकेंगे। कोरोना महामारी के कारण हुए लॉकडाउन के बाद पोस्ट से आए फॉर्म प्रशासन को जून-जुलाई तक मिले थे। प्रशासन नहीं चाहता कि फिर से ऐसी कोई स्थिति बने। विदेशों में डीयू अपने शैक्षणिक माहौल व कोर्सेज के लिए पहचाना जाने लगा है। इसीलिए विदेशी छात्रों में डीयू की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। डीयू में विदेशी छात्रों के लिए विभागों व कॉलेजों में दाखिले के लिए पांच फीसदी कोटा होता है। जबकि पीएचडी स्तर पर यह कोटा दस फीसदी होता है।

### सीएम के वीडियो से छेड़छाड़ पर अदालत जाएगी आप

नई दिल्ली। आप पार्टी ने भाजपा पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के वीडियो से छेड़छाड़ कर वायरल करने का आरोप लगाते हुए अदालत जाने की घोषणा की है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है। इसीलिए मुख्यमंत्री के लंबे इंटरव्यू के वीडियो को एडिट कर भाजपा कृषि विरोधी काले कानून थोपने की साजिश रच रही है। किसानों के खिलाफ साजिश विफल होने के बाद भाजपा ने केजरीवाल की विश्वसनीयता का सहारा लेने का कुचक्र रचा है। इसीलिए कृषि कानूनों पर उनका फर्जी वीडियो जारी किया गया है। आप मुख्यालय में मीडिया से वार्ता में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता में भाजपा के सभी नेताओं, मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री तक की विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है। अब अरविंद केजरीवाल के इंटरव्यू में छेड़छाड़ कर ट्वीट किया गया है। साथ ही दावा है कि उन्होंने तीनों कृषि कानूनों का समर्थन किया है। लंबे इंटरव्यू को जोड़-तोड़ कर फर्जी तरीके से बनाया गया है। उन्होंने पूरा इंटरव्यू दिखाकर बताया कि इसके किन हिस्सों को हटाकर फजीर्वाड़ा किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी की कई राज्यों और केंद्र में सरकार है और जिसके नेता नरेंद्र मोदी हैं, वह आज इतनी बेचारी और असहाय हो गई है कि उसे कृषि कानूनों की विश्वसनीयता साबित करने के लिए वीडियो एडिट करना पड़ रहा है।

# के पी सिंह राष्ट्रपति पदक से सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। प्रताप विहार मे रहने वाले एवं डीएस कैबल के संचालक के पी सिंह को नागरिक सुरक्षा संगठन सेवा करने पर राष्ट्रपति पदक से मोहन नगर स्थित कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में भारत सरकार द्वारा प्रदत 'गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा पदक' से नवाजा गया। डिविजनल वार्डन के पी सिंह को नागरिक सुरक्षा संगठन में उनकी सराहनीय सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए 15 अगस्त 2014 को राष्ट्रपति पदक दिया गया था।



स्क्वाडर्न लीडर अनुज चोपड़ा (भारतीय वायु सेना), सीओ यातायात महिपाल सिंह, जोनल अधिकारी नगर निगम शिव कुमार गौतम द्वारा बुके और शॉल प्रदान की गई तथा राष्ट्रपति पदक प्रदान किया गया। मंच का कुशल संचालन डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल ने किया समारोह में सहायक उप नियंत्रक दिनेश कुमार, डिविजनल वार्डन एके ठाकुर, एके जैन, राजेंद्र शर्मा, स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन गोपाल बंसल शामिल हुए।

# हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, कब्जे से 560ग्राम नशीला प्रदार्थ बरामद

» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। गाजियाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद द्वारा बदमाशों अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत इंदिरापुरम पुलिस ने सोमवार को एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से करीब 560 ग्राम नशीला पदार्थ भी बरामद किया गया। इंदिरापुरम थाना अंतर्गत अभय खंड चौकी के अंतर्गत आने वाली झुग्गी झोपड़ी के पास से सोमवार को गौरव नामक हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जिसके कब्जे



से करीब 560 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह यह नशीला पदार्थ कम दामों में खरीद कर नशा करने वाले लोगों को ऊंचे दाम में बेचा करता था पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी अलग-अलग थानों में कई मुकदमे दर्ज है।

## दिल्ली में कोरोना संक्रमण के 121 नए केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में समाप्त 24 घंटों में कोरोना के तीन मरीजों की मौत हो गई। कोरोना के शुरूआती दिनों के बाद से मौत का यह सबसे छोटा आंकड़ा है। दिल्ली में अब कोरोना संक्रमण दर 0.28 फीसदी हो गई है। रिकवरी दर 98.09 फीसदी है जो कि अब तक की सबसे बड़ी दर है। दिल्ली में अब सक्रिय कोरोना मरीजों की दर 0.2 फीसदी है जो कि अब तक का सबसे कम स्तर है। दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमित सक्रिय मरीजों की संख्या 1265 है जिसमें से होम आइसोलेशन में 504 मरीज हैं।

# भाजपा ने दिल्ली में होने वाले नगर निगम के उपचुनाव के लिए कसी कमर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में होने वाले नगर निगम के पांच सीटों पर उपचुनाव के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने त्रिलोकपुरी वार्ड के महर्षि वाल्मीकि के मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुनाव अभियान की शुरूआत की। आदेश गुप्ता के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल और प्रदेश उपाध्यक्ष जयवीर राणा भी मौजूद थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने त्रिलोकपुरी और कल्याणपुरी वार्ड के बूथ स्तर के कार्यकताओं से बातचीत कर रणनीति बनाई। इसके अलावा भाजपा राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी डॉक्टर अलका गुर्जर और प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शालीमार बाग (उत्तरी) में, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने रोहिणी वार्ड-सी में और प्रदेश महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने चौहान बांगड़ वार्ड में जाकर कार्यकर्ताओं से मिलकर होने वाले उपचुनाव के लिए रणनीति बनाई। वहां के अधिकांश स्थानीय निवासियों ने बताया कि उनके क्षेत्रिय विधायक ना तो क्षेत्र में नजर आते हैं और ना ही उनकी समस्याओं को निपटाने की कोशिश करते हैं। इन क्षेत्रों में पीने का पानी और सिवरेज की भारी समस्या है, वहीं सड़कों और दिल्ली सरकार के स्कूलों की भी हालत खस्ता है।

# केमिक फैक्ट्री मे आग, लाखो का समान जलकर खाक

» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। साहिबाबाद थाना अंतगत आन्द इन्डस्ट्रील एरिया मे बनी एक केमिकल कम्पनी मे सोमवार दोपहर आचनक भीषण आग लगी। आग की सूचना पर कई फायर बिर्गेड की गाड़िया मौके पर पहूँची और कई घण्टो की जदोजहद के बाद आग पर काबू पाया गया। बता दें कि सोमवार दोपहर साहिबाबाद थाना अंतर्गत आने वाले आनंद इंडस्ट्रियल एरिया में बनी एक केमिकल फैक्ट्री में अचानक आग लग गई आग लगने से कंपनी में रखे लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया आग की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने बड़ी मुश्किल से कई घंटों की जदो जहद के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया मौके पर मौजूद अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और आग लगने से किसी जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।



# नीरज कुमार शुक्ला खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में चयनित



» मदरलैंड संवाददाता

बलरामपुर। लोकसेवा आयोग उ. प्र. द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी परीक्षा 2019 का परिणाम अंतिम रूप से घोषित किया जिसमें कुल 309 लोग सफल घोषित हुए। बलरामपुर के नीरज कुमार शुक्ल का चयन भी खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है। वर्तमान में नीरज प्राथमिक विद्यालय सोनपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। नगर के खलवा मोहल्ले में निवास करने वाले एम एल के पी जी कालेज से रसायन विज्ञान में परास्नातक व बीएड है। नीरज ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की अनुकम्पा तथा बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद को दिया। मित्रों तथा सहकर्मियों का प्रोत्साहन तथा पत्नी शुभ्रा शुक्ला का हर परिस्थिति में सहयोगी भाव ने हर संघर्ष को आसान किया है। परीक्षा में चयनित पर मित्रों, परिजनों व गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नीरज कुमार शुक्ला को बधाई व शुभकामनाएँ दी।

# दिल्ली में श्रीराम जन्मभूमि निधि समर्पण अभियान समिति का गठन



» स्वतंत्र सिंह भुल्लर

नई दिल्ली। विगत 492 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा, 76 युद्धों, 4 लाख से ज्यादा राम भक्तों के बलिदान, 70 वर्षों की कानूनी लड़ाई लड़ने के पश्चात श्री राम जन्मभूमि के मुक्त होने के कारण समाज में अपार उत्साह है, स्वप्रेरणा से समाज के अनेक बन्धु संपर्क कर रहे हैं श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण में संग्रह करने के लिए स्वयंसेवक बनकर कार्य करना चाहते हैं। मंदिर निर्माण के निमित्त निधि समर्पण करने हेतु एक समिति श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि संग्रह अभियान समिति (दिल्ली) गठित हुई है, जिसमें समाज के सभी वर्गों धार्मिक क्षेत्र व्यापारी सेवानिवृत्त, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, कला एवं साहित्य, जाति-बिरादरी, खेल जगत आदि के प्रतिनिधि मनोनीत हुए हैं। अभियान समिति के अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति महेश भागचंदका ने रहना स्वीकार किया है। समिति की पहली बैठक 31 जनवरी रविवार सायं 4 बजे, उदासीन आश्रम, आराम बाग में सम्पन्न हुई। बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मा. आलोक कुमार, स्वामी राघवानन्द महाराज,. महन्त नवल किशोर दास, केशव मुरारी -एस्कान टेम्पल, भन्ते राहुल सहित 30 संत व लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. चतुवेर्दी, सेवानिवृत्ति प्रशासनिक अधिकारी श्रीमान एम.एल. मीना, उद्योगपति लक्ष्मी गोयल, प्रसन्न जैन सिंघवी, किशोर जैन कोचर सहित अन्य समाजसेवी बन्धु शामिल हुए।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली में मजबूत करने के लिए एकता के साथ मिलजुलकर मजबूती से काम करना होगा: शक्ति सिंह गोहिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली और देश की बिगड़ते हालात, मौजूदा राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों पर चर्चा और विचार विमर्श के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में बुलाई। बैठक में मौजूद नेताओं ने तीन प्रमुख प्रस्तावों को उच्च स्वर में सर्वसम्मति से पारित किया। प्रस्तावों में राहुल गांधी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा और दिल्ली में 26 जनवरी को किसानों की ट्रैक्टर रैली के दौरान हिंसा और दिल्ली की वर्तमान स्थिति के लिए दोनो को जिम्मेदार ठहराते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली के मुख्मंत्री अरविन्द केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रुप अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी शक्तिसिन्ह गोहिल मौजूद थे। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखजी, कांग्रेस के दिवंगत नेताओं अहमद पटेल जी, मोतीलाल वोरा जी, शौकत राणा एवं तरुण गोगई, सहित कार्यकर्ताओं, किसानों और कोरोना योद्धाओं जिनकी पिछले कुछ महीनों में मृत्यु हुई थी, उनको श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। बैठक में पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार, पूर्व विधायक, निगम पार्षद सहित वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे।



प्रथम प्रस्ताव में देश में अशांति और अलोकतांत्रिक राजनीतिक परिस्थिति को देखते हुए राहुल गांधी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने का अनुरोध किया। आज कांग्रेस पार्टी को राहुल गांधी जैसे गतिशील व शक्तिशाली नेता की जरुरत है, उनके नेतृत्व में साम्प्रदायिक, सत्तावादी व अलोकतांत्रिक ताकतों का मुकाबला करके देश को विनाश के रास्ते पर जाने से रोका जा सकेगा।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने तीनों किसान विरोधी कृषि कानूनों का संसद और संसद के बाहर जबरदस्त विरोध किया, और कृषि कानूनों को खत्म करने की मांग के लिए कांग्रेस पार्टी किसानों का समर्थन किया, यह कृषि कानून देश के लिए विनाशकारी होगे, जबकि मोदी सरकार ने कुछ पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुचाने के लिए कानून बनाए है। दो अन्य प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से निंदा की गई जिनमें केद्र में मोदी सरकार ने अपने कुछ चुनिंदा पूंजीपति कॉपोर्रेट्स को फायदा पहुॅचाने के लिए किसानों को कुचलने के लिए तीन कृषि कानूनों को संसद में पारित किया। और कोविड-19 महामारी संकट से निपटने में दिल्ली की अरविन्द सरकार की विफलताओं और दिल्ली की सीमाओं पर किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान दोहरा मांपदंड अपनाया जबकि किसाना तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग कर रहे है। प्रस्ताव में 26 जनवरी के दिन किसानां की शांतिपूर्ण ट्रेक्टर रैली के दौरान लाल किले और आईटीओ पर हिंसा फैलाने वाले आरोपियों को सजा दिलाने और गाजीपुर, सिंघू बार्डर पर आंदोलनकारी किसानों को जबरन हटाने के बारे में चर्चा हुई, जिसके लिए गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग भी की गई।

प्रस्तावों में कहा गया कि मोदी सरकार ने बिना किसान संगठनों और विपक्ष से विचार विमर्श करके तीन किसान विरोधी कृषि कानून पारित किए, जबकि मोदी सरकार बिना योजना के कोविड महामारी के कारण लगाए लॉकडाउन और लॉकडाउन को खोलने के कारण देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई। प्रस्ताव में पिछले 7 वर्षों में अरविन्द सरकार ने दिल्ली को हर संभव तरीके से समय-समय पर बर्बाद किया, जिससे साबित होता है कि दिल्ली सरकार कोविड महामारी, प्रदूषण, बेरोजगारी, आर्थिक संकट एवं दिल्लीवालों की समस्याओं से निजात दिलाने में हर मोर्चे पर विफल रही।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि एक तरफ तो अरविन्द सरकार एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर तीन कृषि कानूनों में से एक लागू करने के लिए अध्यादेश जारी करते है और दूसरी ओर अन्य विशेष विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री अरविन्द कृषि कानूनों की प्रतियों को फाड़कर नाटक करते है, जो केवल किसानों को आंदोलन के समय केवल बेवकूफ बनाने और गुमराह करने के लिए किया। चौ0 अनिल कुमार ने पिछले दस महीनों में दिल्ली कांग्रेस द्वारा की गई कड़ी मेहनत का एक संक्षिप्त विवरण भी दिया, कोविड-19 महामारी लॉकडाउन में प्रवासी श्रमिकों की उनके गृह राज्य भेजने में मदद की थी, दिल्ली भर में 200 कांग्रेस की रसोई के द्वारा प्रतिदिन लगभग 50,000 जरुरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया और सूखा राशन भी लोगों को प्रदान किया गया।

# राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में बेघर और निराश्रितों की सहायता के लिए 'मिशन सहारा' की हुई शुरूआत

**नई दिल्ली।** राजेंद्र नगर विधायक राघव चड्ढा ने विधानसभा क्षेत्र में 'मिशन सहारा' की शुरूआत की है। यह राजेंद्र नगर क्षेत्र में बेघर और निराश्रितों की मदद करने की पहल है। मिशन सहारा की की शुरूआत पिछले सप्ताह हुई थी। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की टीम के साथ आज विधायक राघव चड्ढा ने लोगों को कंबल वितरित किए। राजेंद्र नगर निर्वाचन क्षेत्र में कार्यकताओं की टीमें सड़कों पर सो रहे लोगों की पहचान करने के लिए घूम रही है। जरुरतमंद लोगों को गर्म कंबल देकर आश्रय घर ले जा रहे हैं। डूसिब वैन के साथ देर शाम को सड़कों का निरीक्षण किया जाता है। डूसिब की मदद से 24 घंटे सातों दिन अभियान चलाया जा रहा है। राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के लोग भी जरूरतमंदों की पहचान कर संबंधित अधिकारियों को जानकारी देते हैं। इसके अलावा डूसिब की एक मोबाइल ऐप भी है। जहां पर जरूरतमंद लोगों का स्थान चिन्हित कर दिया जाता है ताकि जल्द से जल्द मदद मिल सके।

राजेंद्र नगर विधायक राघव चड्ढा की 'मिशन सहारा' नई पहल है। जिससे उनके निर्वाचन क्षेत्र में कई विकास कार्यों की शरुआत हुई है। पिछले साल कोविड 19 महामारी के कारण पूरे देश में दिक्कतें हुईं लेकिन विधायक राघव चड्ढा ने विधानसभा क्षेत्र में किसी भी काम को रुकने नहीं दिया। मिशन सहारा के माध्यम से उन लोगों तक गर्म बिस्तर पहुंचाने का लक्ष्य जिन्हें इसकी बड़ी जरूरत है। कई लोगों के लिए रोजाना रात में अस्तित्व की लड़ाई होती है। गर्म कंबल देकर आश्रय घर में ले जाना उनके संघर्ष को कम करने की दिशा में एक छोटा कदम है। दिल्ली ही नहीं पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और बेहद कम तापमान के कारण सर्दी कड़ाके की हो गई है। मौसम विभाग ने पहले कहा था कि ला नीना की वजह से तापमान में कमी आएगी। राघव चड्ढा ने कहा कि मिशन सहारा' यह सुनिश्चित करने का तरीका है कि किसी को भी कड़ाके की ठंड में बुनियादी जरुरतों के लिए संघर्ष न करना पड़े। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में ठंड बढ़ने की संभावना है। मेरा कर्तव्य है कि कि निर्वाचन क्षेत्र में किसी को भी ठंड के मौसम में मुश्किलों का सामन न करना पड़े। राजिंदर नगर निर्वाचन क्षेत्र में मिशन सहारा के जरिए मदद को तब तक जारी रखेंगे जब तक कि सर्दियां खत्म नहीं हो जाती।

राजेंद्र नगर नगर विधायक राघव चड्ढा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कई एजेंसियों के साथ करार किया है। राघव चड्ढा ने कहा कि किसी को सड़कों पर न सोना पड़े और गर्म कपड़ों के बिना न रहना पड़े, इसके लिए कई एजेंसियों के साथ करार किया है।

# फतेहपुर नारायण और भडोली के जंगल में तेंदुए की दहशत

» शकील सैफी



किठौर। थाना क्षेत्र के भड़ोली और फतेहपुर नारायण के जंगल में कई दिनों से तेंदुआ दिखाई देने की वजह से दहशत का माहौल है आज शाम के समय कस्बे के थाना प्रभारी और फॉरेस्ट विभाग के कर्मचारियों ने जंगल में जाँच की। जानकारी के अनुसार तेंदुए की दहशत में जी रहे भड़ोली और फतेहपुर नारायण के निवासियों की शिकायत पर फॉरेस्ट विभाग के 2 कर्मचारी ही क्षेत्र में कई दिनों से तेंदुए को तलाश रहे हैं। मगर फॉरेस्ट विभाग के जिला स्तर की कोई टीम क्षेत्र में अभी नहीं पहुंची है इस संबंध में क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि फॉरेस्ट विभाग की टीम क्या किसी अनहोनी का इंतजार कर रही है। उसके बाद ही उसकी आंखें खुलेंगी और क्षेत्र मे तेंदुए को तलाशा जाएगा। मगर आज थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर अरविंद मोहन शर्मा ने पुलिस फोर्स के साथ फतेहपुर नारायण के जंगल में पहुंचे और लोगों के साथ क्षेत्र के लोगों के बताए स्थान पर पहुंचे और तेंदुआ के निशानों की शिनाख्त की। कुछ ग्रामीणों ने तेंदुए को अपने अपने मोबाइलों में कैद कर लिया है मगर फॉरेस्ट विभाग इस पर पूरी तरह से यकीन करने को तैयार नहीं है।

## 05 फरवरी को आयुक्त कार्यालय सभागार में होगा बंपर ड्रा: उप निदेशक

» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। उप निदेशक (प्र0 वि0) नरेन्द्र कुमार मलिक ने बताया कि संयुक्त विकास आयुक्त, मेरठ मंडल की अध्यक्षता में माह अक्टूबर 2019 से सितम्बर 2020 तक अर्थात चार तिमाही एवं दो छमाही बंपर ड्रा दिनांक 05 फरवरी 2021 को प्रातः 11.00 बजे आयुक्त कार्यालय सभागार, मेरठ मंडल मेरठ में निकाला जाना नियत हुआ है। उन्होने बताया कि उप्र शासन द्वारा कृषि विपणन कार्यों में कृषक उत्पादको की सहभागिता बढ़ाने एवं नवीन मण्डी स्थलों में अपनी उपज लाकर बेचने हेतु उन्हें अभिप्रेरित करने तथा उनकी रूचि प्रवेश पर्ची एवं प्रपत्र सं-6 आर (विक्रेता बाउचर) प्राप्त करने की ओर बढाने के उद्देंस्य से मुख्यमंत्री किसान उपहार योजना का संचालन मंडी परिषद एवं मंडी समितियों के माध्यम से किया गया है, जिसमें संभाग स्तर पर उपहार ड्रा निकाले जाने का प्रावधान है। उन्होने बताया कि उपहार/ड्रा निकलने के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष मा0 मण्डलायुक्त महोदया है। मा मण्डलायुक्त महोदया द्वारा संयुक्त विकास आयुक्त, मेरठ मंडल मेरठ को नामित किया गया है।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के समाधान दिवस का हुआ आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। कस्बा करहल में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जिन किसानों की किस्त रुकी हुई है उनके समाधान के लिए राजकीय बीज गोदाम करहल पर 1 से 3 फरवरी तक समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में कैम्प लगाकर किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। डीडी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि जिन किसानों की आधार संख्या में गलती है अथवा आधार कार्ड में उल्लेखित नाम के अनुरूप डाटा फीड न होने के कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त रुकी हुई है उनकी समस्या का निस्तारण कैंप लगाकर किया जा रहा है। इस दौरान डीडी दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि जब किसान संशोधन कराने आये तो खतौनी आधार कार्ड और पासबुक साथ लेकर आये।

समाधान दिवस पर आयोजित कैंप में हरिशंकर शर्मा, शिवराम सिंह, दिनेद्र सिंह, योगेंद्र सोलंकी, मुनेश कुमार, सर्वेंद्र गुप्ता, किशन प्रताप मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 3 फरवरी को सदस्या राज्य महिला आयोग करेगी जनसुनवाई

मेरठ। जिलाधिकारी के बालाजी ने बताया कि सदस्या, राज्य महिला आयोग राखी त्यागी दिनंक 03 फरवरी 2021 को प्रातः 11.00 बजे सर्किट हाऊस में महिला उत्पीडन की घटनाओं की समीक्षा व महिला जनसुनवाई करेंगी।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होगा संपूर्ण समाधान दिवस

मेरठ। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार कल दिनांक 2 फरवरी को प्रातः 10 बजे से तहसील मेरठ में जिलाधिकारी के बालाजी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आमजन की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाएगा।

### राजस्व निरीक्षक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का

मैनपुरी। जनपद मैनपुरी की तहसील में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात करहल निवासी सतीश चंद यादव के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमे सेवानिवृत्त सतीश चंद्र यादव को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर आईएएस ऋषि राज ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मैनपुरी, मनोज कुमार आर्य तहसीलदार, अजीत यादव नायब तहसीलदार, आर०के० कानूनगो, गंभीर सिंह कानूनगो, रविकांत यादव, पवन यादव प्रवक्ता जेआईसी करहल, लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष, कर्मचारी ने ससम्मान विदाई दी।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

मैनपुरी। जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निदेर्शों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस 2 फरवरी को जनपद की समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह तहसील सदर में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों से समय से तहसील सदर में आयोजित सर्म्पूण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है।

### ट्रॉमा सेंटर के लिए मंगाई गई ईटों का भुगतान नही

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखैडा में बनने वाले ट्रॉमा सेंटर के लिए मंगाई गई ईटों का भुगतान नही होने की शिकायत पुलिस से की गई। ईट भटटा स्वामी ने 75हजार से अधिक रुपए का भुगतान नही होने की शिकायत की है पुलिस शिकायत की जांच कर रही हैं। सोमवार को थाना सिंभावली पर असमौली क्षेत्र के एक ईट भटटा संचालक सिंभावली क्षेत्र के गांव सिखैडा में बनने वाले ट्रॉमा सेंटर के लिए मंगाई गई 75हजार रुपए से अधिक की ईटों का भुगतान नही होने की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे। शिकायतकर्ता इशरार का कहना है कि ठेकेदार द्वारा उससे ईट मंगाई गई थी लेकिन वह अब ईटों का भुगतान नही कर रहा है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### 4 वर्षों में कुल 94 लाख 51 हजार मानव दिवस सृजित किये गये

आगरा। जनपद में मनरेगा योजनान्तर्गत विगत04 वर्षों में कुल 221.04 करोड़ रू0 व्यय करते हुए कुल 94 लाख 51 हजार मानव दिवस सृजित किये गये है। कोविड-19 के दृष्टिगत जनपद में कुल 4571 प्रवासी अकुशल श्रमिक परिवार के सापेक्ष कुल 1209 परिवारों द्वारा कार्य की मांग की गयी तथा 1209 परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए कुल 54 हजार 148 मानव दिवस सृजित किये गये है। विगत04 वर्ष में कन्वर्जेन्स विभाग यथा- पी डब्लू डी, वन विभाग, भूमि संरक्षण अधिकारी-टूण्डला आगरा, लघु सिंचाई, सिचाई विभाग, उद्यान विभाग, पंचायतीराज विभाग आदि द्वारा 1476 कार्य हेतु कुल 6.88 करोड रू व्यय कर 03 लाख 42 हजार मानव दिवस सृजित किये जा चुकें हैं।

### 5 लाख के गांजे सहित 4 तस्कर गिरफ्तार

मुजफ्फरनगरअ थाना तितावी पुलिस द्वारा लालू खेडी चेक पोस्ट से 4 शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता श्याम पुत्र यासीन नि. ग्राम हुसैनपुर कलां थाना बुढाना मुजफ्फरनगर शादाब पुत्र फारुख नि. ग्राम सलारपुर थाना रोहटा मेरठ राशिद खान पुत्र मनव्वर नि. ग्राम हुसैनपुर कलां थाना बुढाना मुजफ्फरनगर शालिम पुत्र सादर नि. ग्राम सलारपुर थाना रोहटा मेरठ के रूप में हुई है।

# पूर्व मत्रीं ने बॉलीबॉल टूनार्मेंट का किया उद्घाटन



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। फकेता गावं में पूर्व मत्रीं ने यादव बॉलीबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। दो दिवसीय आयोजन में लगभग 8 टीमें भाग ले रहीं है।

सोमवार को पूर्व मंत्री आलोक शाक्य ने ग्राम फकेता में दो दिवसीय यादव बॉलीबॉल टूनार्मेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने खिलाड़ियो से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के टूनार्मेंट के आयोजन से प्रतिभाएं निकलकर सामने आती है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, मोहित कुमार, सुधां, अर्जुन सिंह, प्रांत यादव, हिमां, उमे, दुर्गे, राय सिंह, छोटेलाल, आलोक ाक्य, योगेन्द्र पाल, अरूण यादव, विजय कठेरिया, लब्बल पाण्डेय, विनीत सिंह, बाबू सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर साइकिल से दिल्ली और मुंबई तक जाएंगे गोविंद

» पूजा जैन



रामपुर। जिला भदोही क्षेत्र के ग्राम पुरे किशुन सिंह (होरायपुर ) निवासी गोविंद यादव गणतंत्र दिवस के दिन साइकिल से जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर नई दिल्ली जाते समय ग्रामवासियों द्वारा उनका रामपुर बाय पास पर स्वागत किया गया। उन्होंने वाराणसी से गंगाजल लेकर सफर की शुरूआत की। गोविंद 19 फरवरी को पुणे में शिवनेरी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उनकी प्रतिमा का जलाभिषेक करेंगे। ₹जल है तो जीवन है, एक नई पहल एक नई कोशिश है। पर्यावरण पहल ₹ का नारा देते हुए उन्होंने बताया कि यदि जल और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देशवासियों को देने में सफल रहा तो वह स्वयं को सफल मानेंगे। गोविंद यादव सफर के दौरान जगह-जगह रुक कर तालाबों, जंगलों, पेड़ों को बचाने और जल संरक्षण का संदेश देते हुए नई दिल्ली तक पहुंचेंगे और वहां से मुंबई तक का सफर तय करेंगे।

## प्रधानी कार्यकाल खत्म होने से पूर्व ग्राम पंचायतो से छह करोड़ का भुगतान

» अजय सक्सेना

मैनपुरी। गत बर्ष 25 दिसंवर को गांव की सरकार के कार्यकाल खत्म होने से पूर्व ही जनपद की 56 ग्राम पंचायतों ने लगभग छह करोड़ की धनराशि का भुगतान किया है।

इनकी जांच के लिए उप निदेशक पंचायत राज आगरा मंडल ने आदेश जारी कर दिए थे। जिस पर डीपीआरओ ने चार जांच टीमें गठित की हैं। जो ग्राम पंचायतों में जाकर निकाली गई धनराशि से कराए गए कार्यो का सत्यापन करेंगी।

जांच शुरू होने से ग्राम पंचायतों में खलबली मच गई है। ज्ञात हो कि गत बर्ष 25 दिसंबर को प्रधानों का पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो गया था। इससे ठीक पहले मात्र दस दिनों में कई ग्राम पंचायतों ने बड़े भुगतान किए। मामले में उप निदेशक पंचायती राज आगरा मंडल एसके सिंह ने इन दस दिनों में दस लाख रुपये से अधिक का भुगतान करने वाली ग्राम पंचायतों की जांच के आदेश दिए थे।

पत्र आने के बाद जब इन्हे चिन्हित किया गया तो जिला की कुल 549 ग्राम पंचायतों में से 56 ग्राम पंचायतें ऐसी मिलीं। इन ग्राम पंचायतों ने करीब छह करोड़ रुपये का भुगतान किया। ऐसे में इन पर कहीं न कहीं शक की सुई घूम रही है। प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो चुका है। लेकिन पंचायत सचिवों की जवाबदेही बनी हुई है।

# विवाद में चले लाठी डंडे, चोट से वृद्ध की मौत

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के थाना बेवर के गांव सकतबेवर मैं खरंजा निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया विवाद में चले लाठी-डंडों से एक रिटायर्ड शिक्षक की मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे आला अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई शुरू कर कर दी है मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 1 बजे के लगभग क्षेत्र के गांव सकतबेवर में खरंजा निर्माण के समय नाली बनाते समय दो पक्षों में विवाद हो गया। पहले गाली गलौज हुआ बाद में मामला इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से लाठी-डंडे और ईंट पत्थर चलने लगे जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षक किशनपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गांव सकतबेवर में सुशांत सिंह और किशनपाल सिंह के मकान तक विकासखंड द्वारा खरंजा निर्माण कराया जा रहा था जिसका काम प्रवीण कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी देख रहे थे। नाली बनाने को लेकर विवाद हो गया था सुबह से लेकर दोपहर 1 बजे तक दोनों पक्षों में तनाव बना रहा नाली निर्माण भी चलता रहा लेकिन नाली निर्माण का काम जैसें ही राम बाबू तिवारी के मकान के सामने पहुंचा तो दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और और आपस में भिड़ गए।

# बिजली वितरण के निजीकरण की घोषणा से बिजली कर्मियों में गुस्सा

» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। ऑल इण्डिया पॉवर इन्जीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे और उप्रराविप अभियंता संघ के अध्यक्ष वी पी सिंह ० महासचिव प्रभात सिंह ने आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बजट में बिजली वितरण के निजीकरण की घोषणा से बिजली कर्मियों में गुस्सा व्याप्त हो गया है और इनकम टैक्स में कोई राहत न मिलने से भारी निराशा है।

उन्होंने कहा कि बिजली वितरण कम्पनियों की मोनोपोली समाप्त करने के नाम पर एक क्षेत्र में एक से अधिक बिजली वितरण कंपनियों के आने का साफ मतलब है कि वर्तमान में सरकारी बिजली कंपनियों के अतिरिक्त निजी कंपनियों को बिजली आपूर्ति का कार्य दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद निजी बिजली कम्पनियाँ सरकारी वितरण कंपनियों के नेटवर्क का बिना नेटवर्क में कोई निवेश किये प्रयोग करेंगी।

इतना ही नहीं तो निजी कम्पनियाँ केवल मुनाफे वाले औद्योगिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बिजली देंगी और घाटे वाले ग्रामीण और घरेलू उपभोक्ताओं को सरकारी कंपनी घाटा उठाकर बिजली देने को विवश होगी। इससे पहले ही आर्थिक संकट से कराह रही सरकारी बिजली कंपनियों की माली हालत और खराब हो जाएगी।

# पंचायती चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक संपन्न




» सरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय स्थित गांधीनगर पर कुकड़ा मंडल की एक बैठक पंचायत चुनाव को लेकर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता कुकड़ा मंडल के अध्यक्ष हरेंद्र पाल ने की एवं संचालन कुकड़ा मंडल के महामंत्री हरीश गोयल ने किया बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं जनपद मुजफ्फरनगर प्रभारी चंद्र मोहन जी ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए बैठक को संबोधित किया इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के द्वारा मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री एवं जनपद मुजफ्फरनगर के जिला प्रभारी चंद्र मोहन जी का फूल मालाएं पहनाकर एवं गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि पंचायत चुनाव हेतु वर वार्ड के संयोजक बनाए गए हैं कुकड़ा मंडल मैं 3 वार्ड है वार्ड नंबर 6 7 8 जिनमें जिला पंचायत मैं चुनाव लड़ाने हेतु प्रत्याशियों का चयन किया जाना है और पार्टी के कार्यकताओं को बी डी सी सदस्य के चुनाव में अधिकतर प्रयास करना है कि पार्टी के कार्यकर्ता निर्विरोध बी डी सी सदस्य बन सके और जो चुनाव जीतकर बी डी सी सदस्य बन सकते हैं उन्हें चुनाव में सपोर्ट करके बी डी सी सदस्य बनाना है जिससे पार्टी का प्रमुख बन सकेगा और मुख्य अतिथि के द्वारा पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को कड़ी मेहनत एवं निष्ठा के साथ पंचायत चुनाव में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष यशपाल पंवार चुनाव प्रबंधन समिति के जिला संयोजक जितेंद्र कुछल जिला मीडिया प्रभारी अंचित मित्तल कुकड़ा मंडल के प्रभारी कैप्टन सुधीर कुमार सिंह कुकड़ा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र पाल कुकड़ा मंडल महामंत्री प्रमोद बलभद्र हरीश गोयल कुकड़ा मंडल मीडिया प्रभारी अमित कुमार गौतम कुकड़ा मंडल के उपाध्यक्ष अमित शास्त्री रविंद्र पाल ऋषि राम सैनी तरुण पाल दिनेश बंसल प्रिंस हरि ओम आदि सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## बजट को व्यापारियों ने सराहा

» मदरलैंड संवाददाता

हाथरस। केंद्र सरकार के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आज आम बजट कोरोना काल के बाद पेश किया गया और इस बजट को व्यापारियों ने सुना व देखा तथा कहा कि यह बजट 21वीं सदी का पहला बजट है। यह बजट भारत का चहुंमुखी विकास करने में सक्षम होगा। करोना काल के बाद जो बजट पेश किया गया उसमें सबसे पहले कोरोना के लिए 35 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जो एक सराहनीय कदम है।

व्यापारियों ने कहा कि सरकार ने अपने नए बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया है। यह आम जनता को राहत देने वाला है। साथ ही भारत सरकार द्वारा 75 वर्ष की आयु से बड़े लोगों को टैक्स न भरने की जो छूट दी गई है वह भी एक सराहनीय कदम है। यह पहल नए भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। लघु उद्योगों के लिए जो पूर्व में बजट होता था उस बजट को बढ़ाया गया है। 60 वर्ष की आयु के लोगों को जो पेंशनर के रूप में अपनी कमाई करते थे उनको भी इस बजट में बहुत बड़ी राहत दी गई है। जो सरकार के द्वारा आम लोगों को एक राहत है। जीएसटी पर पुनर्विचार करने का जो कदम सरकार ने घोषणा की है उसकी हम सराहना करते हैं। नए स्कूलों को खोलने का जो सरकार ने कदम उठाया है, उसका हम स्वागत करते हैं।

# स्टॉफ नर्स के यहां चोरी का मामला मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचा

» कांति प्रसाद



गढमुक्तेश्वर। सिंभावली पीएचसी में स्टॉफ नर्स के कमरे व सैफ के ताले तोडकर हजारो की नगदी व जेवरात चोरी होने का मामला मुख्यमंत्री के दरबार में पोर्टल के माध्यम से पहुंचा जिसके बाद विभाग के अधिकारी भी जांच करने पहुंचे। पुलिस ने भी उच्चाधिकारीयो के निर्देश के बाद रिपोर्ट दर्ज करके घटना की जांच शुरू कर दी है। सीएचसी के कमरों में कई बार चोरी की घटनाऐं होने से स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ में रोष व्याप्त है। थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में स्थित सिंभावली पीएचसी के सरकारी कमरो में रह रही दो स्टॉफ नर्स कविता व शाहना के कमरो के ताले तोडकर नगदी व जेवरात चोरी होने की घटना उच्चाधिकारीयों के संज्ञान में पहुंच गई हैं। पुलिस के अधिकारीयों के निर्देश के बाद सिंभावली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके घटना की जांच शुरू कर दी है।

घटना के समय नर्स कविता घटना के समय मीटिंग में गई हुई थी जबकि शाहना लेबर रूम में थीं रिपोर्ट में नर्स कविता के रूम से 25 हजार की नगदी व लाखों रुपए कीमत के जेवरात तथा शाहना के कमरे से 22हजार की नगदी चोरी होना बताया गया है। सीएचसी प्रभारी डा0 आनंन्दमणि ने बताया कि स्टॉफ के कमरो से कई बार चोरी की घटनाऐं हो चुकी है जिससे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज करके घटना की जांच करते हुऐ चोरो की तलाश शुरू कर दी हैं।

## पी एम किसान समाधान दिवस का किया गया आयोजन

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। जनपद के समस्त विकासखण्डों में संचालित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर आज पूर्वाह्न 10 बजे से सांय 05 बजे तक ह्लपी एम किसान समाधान दिवसह्न का आयोजन किया गया। यह जानकारी उप कृषि निदेशक श्री महेन्द्र सिंह ने देते हुए बताया कि समाधान दिवस में किसान भाईयों की पी0एम0 किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत आ रही समस्याओं का समाधान किया गया। यह समाधान दिवस आगामी 03 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा।

# माहपंचायत मे पहुचकर खुर्शीद मंसूरी ने किसानों का किया समर्थन

» **अवनीश त्यागी**



बिजनौर। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले आइटीआइ बिजनौर के मैदान में किसानों की महापंचायत हुई । जिसमे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता खुर्शीद मंसूरी ने अपनी टीम के साथ पहुचकर किसान माहपंचायत मे शिरकत की। माहपंचायत मे जिलेभर से आए किसानो का जनसैलाब देखा गया ।समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मीडिया से बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पारित तीन कृषि बिलों के खिलाफ किसान आंदोलित है और सरकार अपना तानाशाही पूर्ण रवैया तथा भाजपा के विधायक व कार्यकर्ता द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन को बदनाम कर रहे है ।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों के साथ है। ओर समाजवादी पार्टी किसानों के खिलाफ पास हुए तीनों बिलो के खिलाफ है। ओर समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों की लडाई लड़ेगी। इस अवसर पर सद्दन खान, इमरान, फुरकान,नोशद, अहमद, सद्दीक, अहसान, राकेश, जितेंद्र, रोशन जुल्फकार, जाफर, साजिद , सलीम, लईक आदि शामिल रहे।

## समर्पण संग्रह निधि में बच्चे भी सहयोगी

» **मदरलैंड संवाददाता**

सासनी। भगवान श्रीराम के भक्त समर्पण निधि संग्रह में सहयोग करने में पीछे नहीं हट रहे हैं। मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या में बनने जा रहे श्रीराम मंदिर निर्माण सहयोग के लिए निधि संग्रह के लिए वृद्ध, युवा तथा बच्चे भी समर्पण कर शीघ्र ही भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण की कामना रहे हैं।

सासनी के गांव जरैया गदाखेडा में ग्राम जरैया निवासी धर्मपाल कुशवाहा की दो बेटी कृषका कुशवाहा एवं दिव्याशिका कुशवाहा ने अपनी गुल्लक से रुपए निकालकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड कार्यवाह कपिल भाई व उनके साथ रविकांत शर्मा, शिवम को श्री राम मन्दिर निर्माण निधि के लिए 1100 रुपए का समर्पण सहयोग किया। इसके बाद सह जिला कुटुंब प्रबोधन संयोजक विपिन गौड़ ने राम मंदिर संग्रह निधि में 11 हजार 551 रुपए, राजेश भार्गव ने 51 हजार रुपए, धीरेन्द्र गांधी ने 25 हजार 121 रुपए की समर्पण संग्रह राशि देकर सहयोग किया। वहीं श्रीमती प्रभा कुमार एवं मास्टर जितेन्द्र सिंह ने 51 सौ रुपए तथा सासनी नगर सहशारीरिक प्रमुख विद्या निवास उपाध्याय की माता मिथलेश देवी उपाध्याय ने 5100 रुपए की चैक राशि प्रभु के चरणों मे अर्पित की तथा श्री श्यामा श्याम चेतन्य संकीर्तन मंडल सासनी के अशोक अग्रवाल बर्तन वालों ने 21 हजार रुपए की समर्पण राशि देकर सहयोग किया। नगर कुटुंब प्रबोधन संयोजक अनिल मिश्रा के घर श्री राम जन्मभूमि निधि समर्पण लेने आये रामदूत नगर संघचालक राजेन्द्र जैन, सह संघचालक रणधीर सिंह राणा, सह जिला कुटुंब प्रबोधन संयोजक विपिन गौड़, निधि प्रमुख क्रमल वार्ष्णेय का स्वागत कर 5 हजार 121 रुपए की राशि देकर समर्पण निधि में सहयोग प्रदान किया गया।

## भाजपा को किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा: तोमर



» **मदरलैंड संवाददाता**

नजीबाबाद । बिजनौर आईटीआई मैदान में आयोजित होने वाली किसानों की महापंचायत में शामिल होने व केंद्र सरकार द्वारा किसानों पर थोपे जा रहे तीन काले कृषि कानूनों को वापस कराने के लिए भारी संख्या में किसान सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉलियों से बिजनौर के लिए रवाना हो गये।

सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रांतीय नेता बाबूराम तोमर, सरदार संदीप सिंह, सरदार जगमीत सिंह, मास्टर करण सिंह, बिरेश राणा, अनुज कुमार, राम अवतार चैहान के नेतृत्व में तहसील नजीबाबाद से सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉली व अपने अपने निजी वाहनों से किसान बिजनौर आईटीआई मैदान में आयोजित होने वाली किसानों की महापंचायत में शामिल होने के लिए रवाना हो गये।

भाकियू नेता बाबूराम तोमर ने कहा कि किसानों का जोश देख कर अब केंद्र सरकार को बिना किसी देरी के तीनों काले कृषि कानून वापिस ले लेने चाहिए नहीं तो भाजपा को आने वाले चुनाव में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। महापंचायत में शामिल होने वाले किसानों में सरदार मोहन सिंह, परमजीत सिंह, नफीस अहमद, जगदीश सिंह, साहब सिंह, कैप्टन सिंह, जबर सिंह, राजकुमार, धारा सिंह, सौरभ चैधरी, रणवीर फौजी, रामपाल सिंह, ओमवीर सिंह, सुरेश सिंह, अवतार सिंह आदि किसान शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मास्टर खालिद बने अकटकट के मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष

मुजफ्फरनगर । ऑल इंडिया मजलिस–ऐ–इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के वरिष्ठ नेता मास्टर खालिद को मुजफ्फरनगर ओवैसी यूथ ब्रिगेड़ का जिलाध्यक्ष बनाया गया आप बता दें कि मास्टर खालिद अकटकट के सबसे पुराने सिपाहियों में से एक हैं जो लगातार पार्टी में कई अहम पदों पर राह चुके हैं पार्टी हाइकमान के तरफ से जब जब भी किसी पद के लिए आदेश हुआ तब तब वो पार्टी के लिए खड़े रहे मुजफ्फरनगर में उनकी मेहनत का नतीजा है कि पार्टी तरक्की की डगर पर है उनका मानना है कि पार्टी में कार्यकताओं को मान सम्मान मिलना चाहिए क्योंकि एक कार्यकर्ता ही पार्टी का असली सिपाही होता है । उन्होंने उत्तरप्रदेश अध्यक्ष शौकत अली व ओ वाई वी प्रदेश अध्यक्ष सैयद नाजिम अली का दिल से शुक्रिया अदा किया।

### कार की कार से भिडन्त:5 घायल

सिकन्द्राराऊ। गोवर्धन से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की स्विट डिजायर कार की ईको कार से जबरदस्त भिड़ंत हो गई । जिसमें क्षेत्र के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव कमालपुर निवासी कृष्णा, सौरभ, सोनू व गांव उमरावपुर निवासी आशीष, गुड्डू बीती रात्रि को गोवर्धन से दर्शन करके स्विट डिजायर कार में सवार होकर लौट रहे थे। जैसे ही कार सवार सोनई पर पहुँचे उसी दौरान ईको कार से भिड़ंत हो गई। जिससे कार सवार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### राम मंदिर के लिये जिला जज व कारोबारी ने किया निधि समर्पण

हाथरस। निधि समर्पण अभियान के तहत समर्पण करने वालों में सासनी के बीके ट्रैवल्स के मालिक विजय कुमार शर्मा ने 2 लाख 11 हजार 111 रुपए के समर्पण का चेक एवँ हाथरस के जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने 1 लाख रुपए का समर्पण चेक जिला प्रचारक धर्मेन्द्र को सौपा। जिले के सामाजिक समरसता प्रमुख धर्मेंद्र ने 21 हजार का समर्पण चैक जिला प्रचारक धर्मेन्द्र को सौपा। नगर में सभी बस्तियों में बस्ती प्रमुखों एवँ निधि संकलन की टोलियों के साथ स्थानीय निवासी भी बस्तियों की टोलियों के साथ निकल रहे हैं और घर घर जाकर परिवारों से श्री राम मन्दिर हेतु समर्पण करने का आग्रह कर रहे हैं। समर्पण के प्रति लोगों में लगातार उत्साह भी बढ़ रहा है। निधि संकलन कार्य में प्रमुख रूप से सह नगर कार्यवाह भानु, दीपक पवार,,बस्ती प्रमुख अदित्य गौतम, सुनील वर्मा, गिरीश रावत, अमन बंसल, दीपक, सुरेश चंद्र शर्मा, रवि वार्ष्णेय, योगेश पचोरी, नवनीत गौतम, विजय वर्मा, अंकुश, हरपाल सिंह, टिंकू सिंह राणा, बनवारी लाल आदि कार्यकर्ता जुटे हुये हैं।

### पुलिस ने होटल में मारा छापा दो दर्जन युवती, युवक पकड़े



आगरा। बिचपुरी मार्ग स्थित होटल एआर पैलेस में सोमवार दोपहर को थाना जगदीशपुरा पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान 12 युवतियां और 13 युवक पकड़ लिए गए। छापे से होटल में हड़कंप मच गया। होटल संचालक मौके से भाग निकला। पुलिस युवक और युवतियों को थाना पर ले आई है। पूछताछ में होटल को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। क्षेत्राधिकारी लोहामंडी रितेश कुमार सिंह का कहना है कि होटल में देह व्यापार की सूचना मिली थी। इस पर छापा मारा गया। इस दौरान अलग–अलग कमरों में युवक और युवती मिले। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह कॉलेज में पढ़ने वाले हैं। सीओ ने बताया कि छात्राएं अपने दोस्तों के साथ आई थीं। इसलिए छात्राओं को उनके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। होटल का पंजीकरण था या नहीं यह पता किया जा रहा है ? होटल के कर्मचारियों से पूछताछ में यह पता चला है कि घंटे के हिसाब से 500 से 700 रुपये में किराए पर कमरे दिए जाते थे। ग्राहकों से पहचान की आईडी भी नहीं ली जा रही थी। पुलिस ने होटल का रजिस्टर जब्त कर लिया है। उसमें कुछ ही लोगों की एंट्री दर्ज है। होटल का सराय एक्ट में पंजीकरण है या नहीं इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

## भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान



» **मदरलैंड संवाददाता**

नजीबाबाद ।दिव्यांशी पब्लिक स्कूल मंडावली में भारतीय जनता पार्टी नांगल मंडल की एक बैठक मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं महामंत्री अतुल राजपूत के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कार्यकताओं से आगामी पंचायत चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने एवं केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहित की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेता एवं मंडल प्रभारी डॉ. बीरबल सिंह ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चुनाव को पूरे मन से लड़ा कर पार्टी की विजय पताका फहराने में अमूल्य योगदान प्रदान करता है।

इस अवसर पर वीरेंद्र शर्मा, डॉ. बलराज त्यागी, डॉ. भूपेंद्र सिंह, संदीप एड. ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, आकाश ठाकुर, राजू गुप्ता, सहदेव प्रजापति, विक्रम सिंह खोबे, निर्भय देव त्यागी, राजीव त्यागी, अतुल त्यागी, मुकेश त्यागी, मास्टर आलोक त्यागी, नरेंद्र कश्यप, मुदित त्यागी, दीपक कुमार, जाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

## धोबीघाट का रास्ता खुलवाने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू



» **मदरलैंड संवाददाता**

नजीबाबाद । धोबी समाज के अध्यक्ष महबूब कस्सार के नेतृत्व में धोबी समाज के लोगों ने धोबी घाट के रास्ते पर निर्माण रूकवाकर रास्ता बंद होने से रोकने के लिए धोबीघाट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। समाज के लोगों ने इस मामले में कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को एक ज्ञापन भी दिया। धोबी समाज के लोगों का कहना है कि कोतवाली-कोटद्वार मार्ग निकट पुकार सिनेमा के पास से उनके धोबीघाट का एक मात्र पुराना रास्ता है। धोबी समाज के लोग इसी रास्ते से आते-जाते है।

इस रास्ते पर एक व्यक्ति गैर कानूनी ढंग से अवैध निर्माण कर घोबीघाट के रास्ते को बंद करने का प्रयास कर रहा है। धोबी समाज के लोग इस संबंध में पूर्व में एसडीएम के साथ तहसील दिवस में अपनी शिकायत दर्ज करा चुके है।

इसके बावजूद उक्त व्यक्ति बाज नहीं आ रहा है तथा समाज के लोगों के साथ गाली-गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है।

धोबी समाज के लोगों ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया है। धरना देने वालों में महबूब कस्सार, शरीफ अहमद, रईस अहमद, आकिल, यामीन, शेखू, आरिफ, आकिल, यामीन, शहजाद आदि मौजूद रहे।

## नू-रे-ताज फैशन ग्रुप द्वारा गणतंत्र महोत्सव चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




» **मदरलैंड संवाददाता**

आगरा। नू-रे-ताज फैशन ग्रुप द्वारा गणतंत्र महोत्सव चित्रकला प्रतियोगिता के हर कैटेगोरी के तीन विजेता बच्चों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनूप सिकरवार और अतिथि विनायक संस्था की विनीता जादौन रही और सभी को पुरस्कृत किया गया और बाकी प्रतिभागियों को ई- सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। प्रतियोगिता 26 जनवरी को ऑनलाइन आयोजित करवाई गयी। जिसमें आगरा से ज्यादा गाज़ियाबाद, बड़ौदा, हाथरस, मथुरा और टूंडला जैसे शहरों से बच्चों की प्रिविष्टिया आई थी। निर्णायक मंडल की भूमिका में मिसेस इंडिया ग्लोब हेमा बैजल और एवेंट्स लाइन के भानु प्रताप सिंह रहे। जिन्होंने बताया कि विजेता चुनना बहुत ही मुश्किल था क्यू कि एक से बढ़कर एक चित्र बच्चों द्वारा बनाये गए थे और देशप्रेम पर अलग ही संदेश देखने को मिला। विजेता बच्चों में आगरा से आहिल, अल्मास, आशी, स्नेहा, तमन्ना, अमृता, रजत वारष्णे और टूंडला से वंदना, हाथरस से कैवल्या और नोएडा के सहज खत्री और अर्णव आदि रहे कार्यक्रम के दौरान वंदना महौर, प्रिंस राजपूत और शुभांशु मौजूद रहे।

## बीमारी का झासा दे ले उड़ा 38 हजार

» **मदरलैंड संवाददाता**



सादाबाद। ठगों ने भी ठगी करने के लिए नई नई तरीके ईजाद कर लिए हैं, ऐसा ही एक मामला थाना कोतवाली सादाबाद के स्थानीय केनरा बैंक के सामने प्रकाश बिल्डिंग मटेरियल का है, जहां शहर के प्रमुख लोहा व्यवसायी ज्ञान प्रकाश सुबह 11 बजे दुकान खोलकर बैठे हुए थे तभी एक बाइक सवार आता है और उन्हें अपना परीचित बताते हुए उन्हे डायबिटीज की बीमारी बताकर कुशलक्षेम पूछा व्यवसायी द्वारा डायबिटीज की बीमारी नहीं होने पर भी शातिर युवक द्वारा उनका हाथ पकड़कर देखा और उन्हें बताया कि तुमको तो डायबिटीज है व्यवसायी द्वारा मना करने पर युवक द्वारा हाथों से उनके शरीर को स्पर्श किया और चला गया युवक के चले जाने के बाद व्यवसायी द्वारा जब अपनी जेब में हाथ डालकर देखा तो जेब में रखे 38 हजार गायब मिले यह देख कर व्यवसायी की पैरों तले जमीन खिसक गई बुजुर्ग व्यवसायी द्वारा शोर मचाने पर मौके पर काफी लोगों की भीड़ जुट गई सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच कर जांच में जुट गई।

लेकिन शातिर युवक का कोई पता नहीं लग सका दिनदहाड़े अचानक हुए इस घटनाक्रम से हर कोई सन्न रह गया।

## व्यापारी, अधिवक्ताओ ने बताया बजट सराहनीय






**रुड़की।** मोदी सरकार के बजट को व्यापारियों, अधिवक्ताओं व शिक्षाविदों ने सराहनीय बताया है। मदरलैंड से चर्चा में सीनियर अधिवक्ता एवं मारवाड़ कन्या पाठशाला के प्रबधंक राम अवतार अग्रवाल एड़वोकेट ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किया गया बजट सराहनीय रहा है। बजट में हर वर्ग को साधने और कुछ न कुछ देने का सरकार का प्रयास रहा है। हर वर्ग के लोगों को बजट से लाभ पहुंचेगा। आनन्द स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबधंक एवं सीए मनमोहन शर्मा ने बजट को एतिहासिक बताया। कहा कि मोदी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सभी वर्गो खासकर मध्यमवर्ग, छोटे कारोबारियों को कोरोना काल में हुए नुकसान से उबारने का प्रयास हुआ है। शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थय, रोजगार सभी पर सरकार का फोकस रहा है। किसान, मजदूर का बजट में खास खयाल रखा गया है, जो सबसे सराहनीय बात है। लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल के प्रबधंक राजकुमार उपाध्याय ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट उद्यमियों के साथ ही किसान, मजदूर, युवाओ, मध्यमवर्ग को नई जान देगा। बजट से हर वर्ग को ऊर्जा मिलेगी। युवा नेता राघव अग्रवाल ने बजट को सराहनीय बताते हुए कहा कि संसद में पेश किए गए बजट से देश के अन्नदाता, युवा वर्ग और गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को नई ऊर्जा मिली है। बजट से सभी मजबूत होगें। भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री चतरसेन ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सबसे ज्यादा एकलव्य मिशन के तहत खोले जा रहे स्कूलों से गरीब परिवारों के बच्चों को फायदा पहुंचेगा। स्वास्थय क्षेत्र को भारी भरकम बजट मिलने से गरीब को इलाज की बेहतर सुविधा मुहैया होगी। किसान को भी बजट ने खुश किया है। भाजपा महिला मोर्चा पिरान कलियर मंडलाध्यक्ष नीलम रानी ने भी बजट को सराहनीय बताया।

## मंडी समिति में दीवार निर्माण का विवाद सुलझाया

» **नीरज चक्रपाणि**

हाथरस। अलीगढ़ रोड स्थित मंडी समिति के परिसर के पीछे की तरफ आज दीवार निर्माण को लेकर मंडी समिति में रह रहे लोगों द्वारा दीवार लगाने का जमकर विरोध किया गया और लोगों द्वारा रास्ता दिए जाने की मांग की गई। विरोध की सूचना पाकर मौके पर तत्काल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व थाना हाथरस गेट की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक मंडी समिति द्वारा मंडी परिसर में पीछे की तरफ दीवार के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। उक्त दीवार के निर्माण कार्य का आज मंडी परिसर में रहने वाले कॉलोनी वासियों द्वारा विरोध किया गया और कार्य को कुछ समय के लिए रुकवा दिया गया तथा कार्य रोकने व विरोध की सूचना पाकर मौके पर तहसील सदर के ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा तथा थाना हाथरस गेट की पुलिस फोर्स पहुंच गई और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा कॉलोनी के लोगों की समस्या को सुनते हुए मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया गया और गतिरोध को बातचीत कर समझाया गया एवं दीवार का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया।

उक्त संबंध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा का कहना है कि मंडी परिसर में पीछे की तरफ दीवार के निर्माण कार्य में कॉलोनी वासियों द्वारा गतिरोध किया जा रहा था, जिसका बातचीत कर विवाद को सुलझाया गया है और दीवार का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंडी परिसर में पीछे की तरफ दीवार ना होने के



कारण कॉलोनी वासियों द्वारा अनाधिकृत रूप से अपने पशु, खाद एवं अन्य उपायों से अवैध कब्जा कर मंडी की सफाई एवं सुरक्षा के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही थीं और दीवार ना होने व मंडी परिषद सुरक्षित न होने के कारण पहले भी मंडी परिसर में दुकानों के ताले टूटने, चोरी इत्यादि की कई बार घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि दीवार कार्य को पूर्ण करवा कर परिसर को पूरी तरह सुरक्षित किए जाने की योजना क्रियाशील है।

## गांव में पुलिस ने ग्रामीणों के साथ बैठक की

» **मदरलैंड संवाददाता**

आगरा। कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने अपराध रोकने तथा ग्रामीणों में जागरूकतालानेकेलिएउपजिलाधिकारी अब्दुलबासित व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने गांव विष्णुपुरा के लोगों के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण के बारे में जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार सोमवार को उपजिलाधिकारी अब्दुलबासित, क्षेत्रधिकारी प्रदीप कुमार, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने क्षेत्र के विष्णुपूरा गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के संग बैठक की व उन्हें अपराध रोकने के बारे में बताया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि विष्णुपुरा गांव सबसे ज्यादा अवैध शराब व लुटेरों को शरण देने के मामले में मशहूर है।

## चंडीगढ़ चीप हाउस वेलफेयर कनफेडरेशन और रेसिडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने मेयर से ज्ञापन सौंपा

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। चंडीगढ़ चीप हाउस वेलफेयर कनफेडरेशन और रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 24 के सदस्यों द्वारा चंडीगढ़ के मेयर रवि कांत शर्मा से मुलाकात कर मुबारकबाद देते हुए उन्हें सेक्टर 24 की मांगों के प्रति एक ज्ञापन भी सौंपा गया। कनफेडरेशन और रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 24 के प्रधान प्रेम शम्मी ने मेयर को सेक्टर 24 की मांगों के प्रति उनके साथ विचार विमर्श किया। पानी के बिलों में हुई बढ़ोतरी के चलते कहां की सभी निवासी बढ़े हुए पानी के बिलो से बहुत परेशान है। उन्होंने मांग की है कि पानी के आए बढ़े हुए बिलो को वापिस लिया जाए।

दूसरी ओर सेक्टर 24 में कम से कम 2 साल पहले सड़के खोदकर सीवर/ पाइप डाले गए थे। लेकिन अब तक सड़कें बन नहीं पाई।

ज्यों की त्यों बनी हुई है। जिसके चलते कई हादसे और साइकिल चलाते हुए बच्चे भी गिर चुके चोटे आई है। खास तौर पर बारिश के समय लोगों के घरों के आगे बने गड्ढे होने के चलते पानी खड़ा हो जाता है। और लोग बहुत परेशान होते हैं।

वही मेयर रवि कांत शर्मा ने वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बताई गई मांगों पर शीघ्र ही विचार विमर्श करने का आश्वासन दिया है इस मौके पर चेयरमैन हरभजन सिंह, प्रेसिडेंट प्रेम शम्मी, वित्त सचिव केवल सिंह, जनरल सेक्रेटरी जनक राज, जॉइंट सेक्रेटरी नरेश शर्मा, सलाहकार उमरजीत, उप सलाहकार रंजीत के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## मनीमाजरा निवासियों ने निकाला तिरंगा मार्च तिरंगे का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। दिल्ली में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन तिरंगे के हुए अपमान से आहात मनीमाजरा निवासियों ने रोष मार्च निकाला। लोगों ने हाथों में तिरंगे लिए हुए थे और नारे लगा रहे थे तिरंगे का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, भारत माता की जय के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते जा रहे थे। रास्ते में लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

मनोज शर्मा ने बताया की बजरंग गुप्ता की अध्यक्षता में तिरंगा यात्रा मनीमाजरा के समाधि गेट से शुरू होकर सराफा बाजार, मेन बाजार, खोखा मार्केट, ओल्ड रोपड़ रोड, मोरी गेट से होते हुए मनीमाजरा के हाउसिंग बोर्ड पर संपन्न हुई।

मनोज शर्मा ने बताया की इस मौके पर बजरंग गुप्ता, सुशील जैन, गणेश दत्त पाण्डेय, सुरेन्द्र सिंगला, गीता चौहान ने अपने-अपने विचार रखे। तिरंगा यात्रा में बजरंग गुप्ता, राजेंद्र, चंचल, मनोज शर्मा, सुशील जैन, अंकित अरोरा, रविकांत, राजु, शिवानंद, नंद किशोर, रजिंद्र कुमार, सुमन, गीता शर्मा, रणजीत, प्रदीप, लाल सिंह, रोहित, डॉ संजय शर्मा, गौतम, अजय कांसल, केशव आदि उपस्थित रहे।

## ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा मांगों को लेकर मटका फोड़ आंदोलन की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन एंड एमसी एम्प्लॉयीज एंड वर्कर्स की बैठक सुरमुख सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर 9 में हुई और ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा डीसी रेट बढ़ाने और अन्य मांगों के समर्थन में होने वाले मटका फोड़ आंदोलन की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। और बैठक में फैसला किया के यूनियंस आपने आपने विभागों में बैठके करके कर्मचारियों को 11 फरवरी को वाटर वर्क्स सेक्टर 37 में मटका फोड़ आंदोलन में शामिल होने की अपील करेंगे। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के कंवीनर अशवनी कुमार ने कहा प्रसाशन को जल्द से जल्द कर्मचारियों नेताओ से मांगों पर बात कर मांगो को पूरा करना चाहिए। बैठक में अशवनी कुमार, राजा राम, सुरमुख सिंह, राजिंदर कुमार, नरिंदर कुमार, याद राम, लालजीत, कमल कुमार, सत प्रकाश और महि पाल शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता पूछ रही है शहर का सांसद कौन है: कांग्रेस



चंडीगढ़। पिछले दिनों प्रशासन द्वारा मकानों में बदलाव व गांव के लालडोरा के बाहर बने घरों को नियमित करने के आदेश को भाजपा का चुनावी स्टंट करार देते हुए अध्यक्ष प्रदीप छाबड़ा ने कहा कि ऐसे आदेश पहले भी दिए जा चुके है जब भी कोई चुनाव नजदीक होते है तब ऐसे गुमराह करने वाले आदेश बीजेपी के मुखोटा बने अधिकारियों से दिला दिए जाते है बाद में बाद में जनता वो ही तोड़फोड़, नोटिस व रिज्यूम की दिक्कतों को झेलता है। पहले ऐसे आदेश दिला दिए जाते है बाद में बीजेपी के नेताओं में ऐसे आदेशों का श्रेय लेने की होड़ लग जाती है। भाजपा के नेता क्या इस आदेश में ये भी लिखवाया है कि अब किसी को किसी भी प्रकार का नोटिस नही जाएगा। किसी का मकान ना अब टूटेगा ओर ना ही रिज्यूम होगा। बाकी एक तरफ डेवलोपमेन्ट के लिए पैसा नही है, सड़कें बनाना तो दूर खड्डे भरने के लिए तारकोल नही है, छोटे छोटे कामों के लिए सीमेंट तक नही है, कर्मचारियों को तनख्वाह देने के लिए भी एफडी तुड़वानी पड़ रही है। ऐसे में जनता के हितैषी होने का ढोंग करना बंद करे बीजेपी के नेता। भाजपा के नेता इस आर्थिक बदहाली का श्रेय भी क्यों नही लेते है। आज शहर की जनता पूछ रही है कि हमारा सांसद कौन है? क्योंकि अगर जनता ने वोट डाल कर जिताया है तो अपनी दिक्कत परेशानिया के हल के लिए किसके पास जाएगा।

### हरियाणा में 3 से 5 फरवरी तक बूंदाबांदी के आसार

चंडीगढ़। हरियाणा के कई जिलों में 3 से 5 फरवरी तक बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अफगानिस्तान से जम्मू एंड कश्मीर की ओर पश्चिमी विक्षोभ मूव हो रहा है। इसका असर 2 फरवरी की रात से दिखना शुरू हो जाएगा। इस कारण 3 से 5 फरवरी तक बादल छाए रहेंगे। बूंदाबांदी भी संभावित है। इससे दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट आ सकती है। अरब सागर से मिली नमी और जम्मू एंड कश्मीर की ओर बढ़ रहे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 24 जनवरी से मौसम ने करवट ले ली थी। 15 किमी की रफ्तार से उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलने लगीं। इन हवाओं के साथ पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सीधा असर मैदानी इलाकों में आ गया। इन हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। देर रात से हवाओं का रुख बदल गया। उत्तरी-पश्चिमी हवाओं को चलना बंद हो गया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर के कारण 2 फरवरी की रात से मौसम में बदलाव हो सकता है।

### सदी का पहला बजट देश को तीव्र गति से आगे बढ़ाने का प्रयास: किशन कपूर

धर्मशाला। चम्बा-कांगड़ा के लोकसभा सदस्य किशन कपूर ने वर्ष 2021 के प्रस्तुत केंद्र के बजट को देश की अर्थव्यवस्था को शीघ्र पटरी पर लाने और युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

उन्होंने कहा है वर्तमान बजट में किसानों, प्रवासी मजदूरों, असंगठित मजदूरों के लिए मोदी सरकार ने विभिन्न योजनाएं बना कर उन्हें राहत प्रदान की है। आज यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में सांसद किशन कपूर ने कहा कि देश के स्वास्थ्य बजट के पूंजीगत खर्च 5.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव और स्वास्थ्य बजट में 94 हजार करोड़ से 2.38 लाख करोड़ की वृद्धि इस आशय की द्योतक है कि केंद्र सरकार भारत के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित आत्म निर्भर स्वस्थ भारत योजना के अंतर्गत देश के ग्रामीण क्षेत्रों का स्वास्थ्य सम्बन्धी बुनियादी ढांचा भी सुदृढ होगा। सांसद किशन कपूर ने आशा व्यक्त की कि राष्ट्रीय रेल योजना-2030 में हिमाचल प्रदेश में रेल-लाइन के विस्तार के अन्य प्रस्ताव भी इस योजना में शामिल किए जाएंगे। उन्होंने वर्तमान बजट में किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों को दिए जानेवाले आत्मनिर्भर पैकेज से आगामी कुछ वर्षों में किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी।

### किसान आंदोलन में परिवार का एक सदस्य नहीं गया तो 2 हजार रुपये जुमार्ना

चंडीगढ़। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत के रोने के बाद अब फिर से बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शनस्थलों पर पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही पंजाब में मोगा के गांव साफूवाला की ग्राम पंचायत फैसले के अनुसार गांव के हर घर से एक सदस्य दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में शामिल होगा। जिस परिवार से कोई भी सदस्य दिल्ली नहीं जायेगा उसे 2 हजार रुपये जुमार्ना भरना पड़ेगा। वहीं हर ग्रामीण से 100 रूपए प्रति एकड़ के हिसाब से वहां खर्चे पानी के लिए लिया जायेगा। अगर वहां किसी को कोई नुकसान होता है तो उसकी भरपाई पूरा समूह करेगा। यह फरमान मोगा के गांव के सरपंच ने पढ़ कर सुनाया। वहीं बठिंडा में विर्क खुर्द ग्राम पंचायत ने किसान आंदोलन को लेकर एक बैठक की। जिसमें फैसला लिया गया कि हर परिवार से एक-एक सदस्य को किसान आंदोलन में भेजा जाएगा, जो वहां जाकर नए कृषि कानूनों का विरोध करेंगे। साथ ही उनके लिए प्रदर्शनस्थल पर कम से कम एक हफ्ते रहना अनिवार्य है।

## भारत में आकर्षक कीमतों पर आज से शुरू हुई सीरीजर 21 सीरीज, गैलेक्सी बड्स प्रो की बिक्री

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ : सैमसंग ने आज से देश में लुभावने ऑफर्स के साथ अपने नवीनतम फ्लैगशिप गैलेक्सी र21 और गैलेक्सी बड्स प्रो की बिक्री शुरू कर दी है। गैलेक्सी र21 सीरीज और गैलेक्सी बड्स प्रो बिक्री के लिए सैमसंग.कॉम, सैमसंग के विशेष स्टोर, सभी अग्रणी ऑनलाइन पोर्टल और अग्रणी खुदरा दुकानों में आज से उपलब्ध होंगे। गैलेक्सी र21 अल्ट्रा सैमसंग के आधुनिकतम और सबसे इंटेलीजेंट प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम से लैस है और किसी भी गैलेक्सी स्मार्टफोन में मौजूद डिस्प्ले के मुकाबले सबसे ब्राइट और स्मार्ट डिस्प्ले के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का भरोसा देता है। गैलेक्सी र21+ और गैलेक्सी र21 एक बेहतरीन आइकॉनिक डिजाइन के साथ ही एक एपिक प्रो-ग्रेड कैमरा तथा किसी भी गैलेक्सी डिवाइस में इस्तेमाल हुए अब तक के आधुनिकतम प्रोसेसर के साथ आते हैं। इस सीरीज के तीनों स्मार्टफोन हाइपर फास्ट 5ळ के लिहाज से तैयार हैं और सैमसंग के अपने एग्जिनॉस 2100 चिपसेट से संचालित हैं। गैलेक्सी र21 सीरीज 6 शानदार रंगों में उपलब्ध है: फैंटम काला, फैंटम सिल्वर, फैंटम बैंगनी, फैंटम सफेद, फैंटम भूरा और फैंटम गुलाबी। गैलेक्सी र21 सीरीज खरीदने वाले उपभोक्ता रोमांचक कैशबैक ऑफरों, फायदों और अपग्रेड बोनस पाने के लिए योग्य होंगे। उपभोक्ताओं को एचडीएफसी डेबिट और क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने पर गैलेक्सी र21 अल्ट्रा पर 10000 रुपये मूल्य के, गैलेक्सी र21+ पर 7000 रुपये के और गैलेक्सी र21 पर 5000 रुपये के कैशबैक ऑफर मिलेंगे। सैमसंग अपग्रेड प्रोग्राम के तहत उपभोक्ताओं को अपने पुराने स्मार्टफोन के बदले एक्सचेंज करने पर गैलेक्सी र21 अल्ट्रा पर 7000 रुपये तक का अपग्रेड बोनस मिलेगा। गैलेक्सी र21+ पर यह बोनस 6000 रुपये तक और गैलेक्सी र21 पर 5000 रुपये तक होगा।

## कोरोना ब्लूज को हराकर आशावादी और विकासोन्मुखी बजट: भाजपा

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के विभिन्न वित्तीय विशेषज्ञों ने संयुक्त रूप से लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत सेक्टर 33 चंडीगढ़ में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय ह्लकमलमह्न में केंद्रीय बजट के बारीक पहलुओं को देखा और उनका विश्लेषण किया।

उपस्थित लोगों में भाजपा चंडीगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश चंद जैन और डॉ. धीरेंदर तायल, प्रदेश सचिव गजेंद्र शर्मा, पार्टी सी ए सेल के सदस्य, रविंदर गर्ग, तरसेम गर्ग, मुकुल बंसल, अश्वनी गुप्ता, अप्पन बंसल, पुष्पेंद्र दुग्गल, उमा कांत मेहता, विशाल पुरी शामिल थे। व्यापार और उद्योग के सदस्य राकेश अग्रवाल, अवि भसीन, मनीष निगम, नवनीत गुप्ता, ओम अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, बलजिंदर गुजराल और क्रॉफोर्ड हितेश पुरी और अनीश गर्ग के सदस्य।

सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से बजट की सराहना की और बजट के विकास अभिविन्यास को बढ़ाया। उन्होंने एक बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया, जो अत्निम्भारता को बढ़ावा देगा और देश की अर्थव्यवस्था को एक गति देगा।

पार्टी के सभी सदस्यों ने बजट के 6 स्तंभ प्रारूप की सराहना की जिसने स्पष्ट रूप से सरकार की विचार प्रक्रिया और प्राथमिकताओं की समझ दी।

विश्लेषण करने पर यह सहमति हुई कि बजट का जोर आर्थिक विकास पर है, देश के युवाओं के लिए नौकरियों का सृजन, विभिन्न वर्गों को विशेष रूप से श्रद्धेय वरिष्ठ नागरिकों को राहत प्रदान करना, किसानों की आय में वृद्धि, एम एस एम ई की मदद करना, संशोधन करना स्वास्थ्य ढांचा, और न्यूनतम सरकार के लक्ष्य के लिए लक्ष्य, परिसंपत्ति मुद्रीकरण के माध्यम से अधिकतम शासन। बजट का लक्ष्य राष्ट्र के बुनियादी ढांचे में सरकारी खर्च में काफी वृद्धि करना है।

इससे न केवल आर्थिक विकास की गति बढ़ेगी, बल्कि सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ने से पूरी अर्थव्यवस्था में इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के सदस्य, सीए संजय टंडन ने कहा कि इस बजट में सरकार के वित्तीय प्रबंधन को दिखाया गया है जिसमें वित्तीय घाटे को नियंत्रित किया गया है महामारी के बावजूद 9.5% और विकास को गति देने में सरकार की नीतियों के परिणाम दिखाई दिए हैं।

## भेड़पालकों व पशु पालकों के विकास के लिये किये जायेंगे नवीन प्रयास: वन मंत्री

**धर्मशाला।** आज धर्मशाला मे वन, युवा तथा खेल मंत्री राकेश पठानिया ने हिमाचल प्रदेश एकीकृत विकास परियोजना की बैठक की अध्यक्षता करते हुये कहा कि भेड़-बकरी पालकों तथा पशु-पालकों का समुचित विकास होना चाहिए इस हेतू नवीन प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने एकीकृत परियोजना को पशु-पालन तथा वूल फेडरेशन के साथ मिलकर सभी गतिविधियों को सुनियोजित तरीके से अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि घुमन्तु भेड़-पालकों के आवागमन के रास्तों की मैपिंग करने की आवश्यकता है तथा उन्हें कहां बेहतर सुविधा प्रदान हो सकती हैं यह स्थान चिन्हित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि घुमन्तु भेड़-पालकों को संकट की घड़ी मे उचित तकनीक वाले उपकरण दिये जाने चाहियें ताकि उनकी समय रहते मदद हो सके व उनकी लोकेशन सम्बन्धित जानकारी विभाग को मिल सके। उन्होने कहा कि गद्दी नस्ल के उन्नत किस्म के कुत्ते भी भेड़-पालकों को उपलब्ध हों इस बारे मे पालमपुर विश्वविद्यालय से मिलकर कार्य किया जाये।

## प्रदेश के लोगों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली हो रही वरदान साबित

**शिमला।** हरित क्रांति से पूर्व, भारत खाद्यान्नों में अभाव से गुजर रहा था। देश के संवेदनशील क्षेत्रों के लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली विकसित की गई ताकि वांछित वर्ग को सस्ती दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा सके। वितरण की यह प्रणाली वर्ष 1951 से चली आ रही है। देश की खाद्य आर्थिकी के प्रबन्धन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली सरकार की नीति का महत्त्वपूर्ण भाग है।

हिमाचल प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली लागू करके समाज के गरीब व कमजोर वर्गों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध करवाने वाले अग्रणी राज्यों में है। वर्ष 1997 में इसका नाम बदलकर लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली रखा गया। राज्य में वर्ष 2017 से 2020 तक लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राज्य खाद्य आपूर्ति निगम लिमिटेड के 117 थोक गोदाम व 5017 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से अनुदानित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है।

राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के दृढ़ प्रयासों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनेक सुधार आए हैं और यह कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए सहायक सिद्ध हुआ है। लोगों को उचित मूल्य पर खाद्य आपूर्ति के लिए विभाग द्वारा 1 अप्रैल, 2007 को राज्य अनुदान योजना आरम्भ की गई। राज्य के और अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए इस योजना को संशोधित भी किया गया। योजना के तहत सभी राशन कार्ड धारकों को सरकार के वित्तीय संसाधनों से अनुदानित चीनी, दालें, तेल व नमक प्रदान किया जा रहा है। गत तीन वर्षों में, राज्य सरकार द्वारा योजना के तहत 574.81 करोड़ रुपये व्यय किए गए।

वर्ष 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया जो खाद्य आन्दोलन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल थी। यह अधिनियम हिमाचल में भी लागू किया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश सरकार अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न, जिसमें 20 किलो गेहूं का आटा और 15 किलो चावल तथा प्राथमिकता प्राप्त परिवारों को 3 किलोग्राम गेंहू का आटा और 2 किलोग्राम चावल प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अतिरिक्त गरीबी रेखा से ऊपर के लाभार्थियों को प्रति परिवार 11-13 किलोग्राम गेंहू का आटा और 5-7 किलोग्राम चावल प्रदान किए जा रहे हैं। राज्य के लक्षित लोगों को गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न प्रदान करने से उनकी पोषण स्थिति में समग्र सुधार हुआ है।

प्रदेश सरकार कुपोषण से प्रभावी तरीके से निपटने और खाद्य पदार्थों के पोषक तत्वों को बढ़ाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी-12 से युक्त गेहूं का आटा, विटामिन-ए व डी से युक्त गुणवत्तायुक्त तेल, आयोडीन और आयरन से युक्त नमक प्रदान कर रही है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक के उपयोग के साथ डिजिटाइजेशन और स्वचालन पर विशेष बल दिया जा रहा है। विभाग सार्वजनिक वितरण प्रणाली में दक्षता और पारदर्शिता में सुधार के लिए ह्यएण्ड टू एण्ड कम्प्यूटराइजेशनह्न क्रियान्वित कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत राशनकार्डों का डिजिटाइजेशन किया गया है और अब तक 19.08 लाख राशनकार्डों को डिजिटाइजड किए जा चुके हैं।

## बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट में हिमाचल प्रदेश को देशभर में आंका गया सर्वश्रेष्ठ

**शिमला।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्ज, 2016 के कार्यान्वयन के संबंध में विभिन्न राज्यों में किया गया तुलनात्मक मूल्यांकन।

बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा हिमाचल प्रदेश को देशभर में प्रथम स्थान पर आंका गया है। प्रदेश को यह शीर्ष स्थान देश के विभिन्न राज्यों में किए गए तुलनात्मक मूल्यांकन के आधार पर मिला है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्ज, 2016 के कार्यान्वयन के संबंध में यह तुलनात्मक मूल्यांकन किया गया है। सीपीसीबी द्वारा इस तुलनात्मक मूल्यांकन में देश के विभिन्न राज्यों व चंडीगढ़, दिल्ली, पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के समक्ष बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में हिमाचल प्रदेश का तुलनात्मक मूल्यांकन स्कोर कुल 24 में से सर्वाधिक स्कोर 21 रहा है।

हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ. निपुण जिंदल ने बताया कि सीपीसीबी ने यह मूल्यांकन राज्यों की निगरानी, प्रभावशीलता का अनुपालन करने और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 को लागू करने के संबंध में किया है जिसके लिए 12 प्रमुख बिन्दु चिन्हित किए गए थे। जिसमें हिमाचल प्रदेश का प्रदर्शन देशभर में सर्वश्रेष्ठ रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में नए नियम अधिसूचित होने पर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने हितधारक संस्थानों जैसे एलोपैथिक, आयुर्वेदिक और पशु चिकित्सा अस्पतालों के संबंध में अनेक नए कदम उठाए हैं। बोर्ड द्वारा इस संबंध में राज्य, जिला व स्थानीय स्तर पर 100 से अधिक प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है।

## लेखिका विमला गुगलानी व अन्य समाजसेवी सम्मानित




» विनोद कुमार,

चंडीगढ़। सब जानते है कि करोना से बचाव के लिए वैक्सीन ही एकमात्र उपाय है, लेकिन जब बात आई ट्रायल की तो ह्य पहले आप-पहले आप ह्न का सिलसिला शुरू हो गया। लेकिन चंडीगढ़ पीजीआई में लगभग 175 लोग स्वेच्छा से वैक्सीन ट्रायल का हिस्सा बने। सही मायने में इन्हें करोना योद्धा मानते हुए 31 जनवरी को म्यूजमि आडिटोरियम सैक्टर 10 में एन ऐ कल्चरल सोसायटी द्वारा इन्हें सम्मानित किया गया। ऐ एस पी साउथ श्रुति अरोड़ा मुख्य अतिथि रही। इसी के साथ ह्यवाह वोमनियाह्न प्रोग्राम के अन्तर्गत चंडीगढ़ पुलिस की 30 महिला मुलाजिम, 35 नर्सिंग स्टाफ व सामाजिक कार्यों में हिस्सेदारी निभाने वाली 40 महिलाओं को भी अवार्ड दिया गया। प्रोग्राम के दूसरे चरण में चंडीगढ़ के मेयर रविकांत शर्मा जी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। सामाजिक कार्यों में डाक्टर, बैंकर, टीचर, गायक, लेखक, आर्टिस्ट, वकील, ऐंकर, योगा, यानि कि हर तरह का मोटिवेशनल, उत्तम कार्य करने वाली महिला को सम्मानपत्र दे कर उनका हौंसला बढ़ाया। लेखिका विमला गुगलानी, योगा ऐक्सपर्ट राजेश कुमारी, गजल गायिका वीना शर्मा, गायिका कंचन भल्ला, शिक्षाविद शाहगुल, माडल शालू गुप्ता, ऐंकर एवम् न्यूज रीडर शैली तनेजा के इलावा अन्य बहुमुखी प्रतिभओं को सम्मानित किया गया।। सोसायटी की प्रैसीडैंट निखार ने सभी का अभिवादन और धन्यवाद किया और मंच संचालन किया शैली तनेजा ने।

## मुख्यमंत्री ने नारकंडा में प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना

**शिमला।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आज नारकंडा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम ह्यमन की बात को सुना। मुख्यमंत्री शिमला जिले के कुमारसैन जा रहे थे।

बाद में, मुख्यमंत्री ने शिमला जिले के शिलारू में निमार्णाधीन एपीएमसी की फल एवं सब्जी मंडी स्थल का भी निरीक्षण किया। यह मार्केट यार्ड 20 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इसके कार्य को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के फल एवं सब्जी उत्पादक किसानों को इसका लाभ मिल सके।

मुख्य सचेतक नरेन्द्र बरागटा, विधायक बलबीर वर्मा और किशोरी लाल तथा एपीएमसी के अध्यक्ष नरेश शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## एचडीएफसी लाइफ की नयी पेशकश-क्लिक 2 प्रोटेक्ट लाइफ



अंबाला। भारत के प्रमुख जीवन बीमाकताओं में से एक, एचडीएफसी लाइफ, ने अपना नया फ्लैगशिप टर्म प्रॉडक्ट क्लिक 2 प्रोटेक्ट लाइफ लॉन्च किया है। यह नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, इंडिविजुअल टर्म प्लान किसी व्यक्ति के जीवन के विभिन्न चरणों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। चल रही वैश्विक महामारी ने एक प्रॉडक्ट केटेगरी के रूप में जीवन बीमा के प्रति व्यक्तियों के दृष्टिकोण में बदलाव लाया है। टर्म इंश्योरेंस हर वित्तीय योजना का एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है।

एचडीएफसी लाइफ के क्लिक **2 प्रोटेक्ट लाइफ में तीन मुख्य ऑप्शन हैं:**

1. जीवन और गंभीर बीमारी ऑटो-बैलेंस: एक स्मार्ट कवर जो बढ़ती उम्र के साथ होने वाली गंभीर बीमारी (सीआई) और मृत्यु से ऑटो बैलेंस लाइफ सुरक्षा और सीआई कवर प्रदान करता है। इस ऑप्शन में, प्रत्येक पॉलिसी एनिवर्सरी पर गंभीर बीमारी कवर आनुपातिक रूप से बढ़ जाता है, जबकि जीवन कवर कम हो जाता है।

**2. जीवन रक्षा ऑप्शन:** यह ऑप्शन पॉलिसी अवधि के दौरान मृत्यु होने पर कवरेज प्रदान करके एश्योर्ड लाइफ के परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। एश्योर्ड लाइफ की मृत्यु की स्थिति में नामित व्यक्ति को एक मुश्त राशि प्रदान की जाती है। यह कवर निश्चित अवधि के लिए या पूरे जीवन के लिए लिया जा सकता है।

**3. इन्कम प्लस ऑप्शन:** यह ऑप्शन 60 वर्ष की आयु से नियमित रूप से मासिक आय प्रदान करता है, जबकि आश्रितों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पॉलिसी अवधि के दौरान मृत्यु पर कवर प्रदान करता है।

लॉन्च के अवसर पर, श्रीनिवासन पार्थसारथी - चीफ एक्चुअरी एवं अपॉइंटेड एक्चुअरी ने बताया कि ह्लवैश्विक महामारी ने हर व्यक्ति को वित्तीय सुरक्षा की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया है। समय और बदलती जीवन शैली के साथ वित्तीय सुरक्षा में बदलाव आया है और वह कुछ साल पहले जैसी नहीं रही। ग्राहक इनपुट और हमारे शोध निष्कर्षों के आधार पर, हमने एक ऐसा प्रॉडक्ट तैयार किया है जो किसी व्यक्ति के बदलते जीवन की जरूरतों को पूरा करता है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# मीडिया के लिए राष्ट्रीय नीति जरूरी





सुरेश हिंदुस्थानी

एक कहावत है कि एक झूंठ को सौ बार प्रचारित किया जाए तो वह लगभग सत्य जैसी ही प्रतीत होने लगती है। भारत देश में लंबे समय से ऐसा ही कुछ होता दिखाई दे रहा है, जिसमें सच पर पर्दा डालने का कार्य किया जा रहा है। अभी हाल ही नई दिल्ली में भारत की सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक लाल किले पर कुत्सित मानसिकता वाले उपद्रवियों ने जो उत्पात मचाया, उसकी देश एक स्वर से निंदा कर रहा है, लेकिन कुछ समाचार चैनल आज भी यही प्रचारित कर रहे हैं कि वे किसान हैं और जो हिंसा हुई है, वह पुलिस ने की है, जबकि वीडियो क्लिपिंग में यह साफ दिखाई दे रहा था कि ट्रैक्टर चालकों का उद्देश्य क्या था? वे पुलिस को चपेट में लेने के लिए उतावले थे। इतना ही नहीं उन्होंने पुलिस को पीटा भी। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि मार खाने की भी एक सीमा होती है। ऐसा लगता है कि देश के मीडिया को यह सब नहीं दिखा। सांस्कृतिक वातावरण से कोसों दूर जाने वाली हमारे देश की जनता भी इस झूंठ को सत्य मानने के लिए विवश हो जाती है। इसके परिणाम स्वरुप समाज के समक्ष गंभीर चेतावनी फन उठाकर खड़ी हो जाती हैं। लेकिन लम्बे समय बाद जब सत्य सामने आता है, तब मीडिया जगत में उसकी चर्चा उतनी नहीं होती, जितनी झूंठ की होती है। आज हमारे देश के प्रचार तंत्र ने नकारात्मक पत्रकारिता की दिशा में अपने कदम बढ़ाए हैं। वास्तव में यह नकारात्मकता कुछ समय के लिए सुर्खियां तो बन सकती हैं, लेकिन समाज के समक्ष बहुत बड़े ज्वलंत सवालों का पुलिन्दा छोड़कर चली जाती है। किसी भी घटना की सत्यता की परख किए बिना उसे समाचारों की सनसनी बना देना किसी भी प्रकार से सही नहीं माना जा सकता। वर्तमान में टीआरपी की मारामारी में हमारे प्रचार माध्यमों को किस सीमा तक पहुंचा दिया है, यह हम देख भी रहे हैं और परिणाम भी भुगत रहे हैं। अर्थ युग में जीने वाले प्रचार माध्यमों ने कई बार ऐसी खबरों को सनसनी बनाया है, जिसमें होता कुछ और है और वास्तविकता कुछ और। कुछ समय पूर्व घटित हुए रोहित वेमुला प्रकरण के बारे में कथित वामपंथी बुद्धिजीवियों ने ऐसा प्रचारित करने का प्रयास किया, जैसे ऐसा प्रकरण देश में पहली बार हुआ हो, इसके बाद हमारे देश के मीडिया ने भी लगभग आग में घी डालने जैसी भूमिका का निर्वाह किया। सभी लोग केन्द्र सरकार के पीछे ऐसे पड़ गए जैसे पूरा देश जल गया हो। रोहित वेमुला प्रकरण में जांच के उपरांत जो सत्य सामने आया, वह एक दम विपरीत चित्र प्रस्तुत करने वाला रहा। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही आता है कि इन कथित वामपंथी बुद्धिजीवियों ने उस समय अपने विवेक का उपयोग क्यों नहीं किया। घटना की सत्यता को जाने बिना उसे तिल का ताड़ क्यों बनाया। इसके अलावा मीडिया ने भी इस घटना की सत्यता का अध्ययन न करते हुए केवल वही दिखाने का प्रयास किया, जैसे इन कथित वामपंथी बुद्धिजीवियों ने चाहा। क्या यही निष्पक्ष पत्रकारिता का चेहरा है। वास्तव में मीडिया को भी खबरों को प्रस्तुत करने से पहले राष्ट्रीय नीतियों के बारे में भी सोचना चाहिए। नकारात्मक पत्रकारिता की बजाय सकारात्मक पत्रकारिता को प्रस्तुत करने वाली समाचार प्रस्तुत करना चाहिए। यह बात सही है कि मीडिया की भूमिका एक अच्छे समाज का निर्माण करने में सहायक हो सकती है, लेकिन यह केवल तभी हो सकता है, जब हम हम समाज की अच्छाइयों के बारे में चिंतन करें। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि समाज की बुराई को भी सनसनी बनाकर परोसा जा रहा है। इन समाचारों में समाचार माध्यम पूरे विवरण के साथ यहां तक बता देते हैं कि यह घटना कैसे घटित हुई। यानी मीडिया ने समाज के सामने घटना करने का एक नया तरीका बता दिया। मुझे याद है दिल्ली की एक घटना। जिसमें एक चोर में बहुत ही बुद्धिमानी के साथ चोरी को अंजाम दिया। उसके तरीके पर समाज ही नहीं बल्कि प्रशासन भी अवाक था। जब चोर से पूछा गया कि यह तरीका उसको कैसे मिला तो उसने जो जवाब दिया वह आंखें खोलने वाला है। चोर ने कहा कि मुझे चोरी करने का यह नया विचार चैनलों ने दिया। आज हमारे चैनल भी कुछ ऐसा ही प्रस्तुत करते दिखाई दे रहे हैं। समाचारों में पूरी तरह दिशाहीनता है। वास्तव में मीडिया को पथ प्रदर्शक बनकर समाज को राह दिखाने का काम करना चाहिए। बिना किसी आधार के खबरों को सनसनी प्रदान करना किसी भी दृष्टि से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। आज मीडिया पर जिस प्रकार की खबरें प्रसारित की जा रही हैं, उससे प्रथम दृष्टया ऐसा ही लगता है कि मीडिया के लिए भी ऐसी राष्ट्रीय नीति बनना चाहिए, जिससे मीडिया पर निगरानी हो सके। इस कार्य में किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं की जानी चाहिए। वास्तव में जहां राष्ट्रनीति की बात आ जाती है तो वहां पर राजनीति समाप्त हो जाना चाहिए, लेकिन हमारे देश में इसका उलटा ही दिखाई देता है। राष्ट्रनीति पर भी राजनीति की जाने लगी है। कुछ महीने पूर्व देश के एक समाचार चैनल ने पठानकोट के आतंकी हमले को इस प्रकार प्रसारित किया, जैसे वह पाकिस्तान का चैनल हो। उसने साफ शब्दों में कहा कि आतंकी जहां छुपे हैं, उनसे कुछ ही दूरी पर विस्फोटक सामग्री रखी है, अगर वह उसके हाथ लग जाए तो तबाही हो सकती है। इस खबर में एक प्रकार से हम उन आतंकियों को यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि तुम्हारे पास ही विस्फोटक सामग्री है। ऐसी खबरें देश को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जा सकती हैं। जब केन्द्र सरकार ने इस चैनल पर एक दिन का प्रतिबंध लगाया, तब देश के राजनीतिक दलों ने राष्ट्रनीति को भुलाकर राजनीति करना शुरू कर दी। मात्र एक चैनल पर प्रतिबंध लगाने की बात को सारे मीडिया पर आघात कहा गया। ऐसे में सवाल यह आता है कि हमारे राजनेताओं को ऐसा क्यों लगा कि सारे मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि वास्तविकता यह थी कि केवल एक चैनल के अलावा सारे चैनलों पर प्रसारण जारी रहा। चाहे किसान आंदोलन का मामला हो या फिर अन्य, सभी में राजनीति करने का पूरा प्रयास हुआ। कौन नहीं जानता कि गाय भारत की आस्था है फिर क्यों उसे सरेआम काटकर खाया गया। इसके लिए गाय का ही चयन क्यों किया गया। यह ऐसे मुद्दे हैं जिन पर अभिव्यक्ति की आजादी और खाने के अधिकार के तहत बचाव करने की राजनीति की जाती है। ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों को तो राष्ट्रीय मर्यादाओं का पालन करना ही चाहिए, साथ ही मीडिया को भी निष्पक्ष भाव से खबरें प्रस्तुत करना चाहिए। वास्तविकता यह भी है कि इन सभी घटनाओं को केवल इसलिए उभारने का प्रयास किया ताकि वर्तमान केन्द्र सरकार को बदनाम किया जा सके। वास्तव में इस प्रकार की राजनीति बंद होना चाहिए।

## संपादकीय



# पशुवध निंदनीय-दंडनीय कर्म

*सतोगुण में किये गये पुण्यकर्मो का फल शुद्ध होता है, अतएव वे मुनिगण, जो समस्त मोह से मुक्त हैं, सुखी रहते हैं। लेकिन रजोगुण में किये गये कर्म दुख का कारण बनते है। भौतिक सुख के लिए जो भी कार्य किया जाता है, उसका विफल होना निश्चित है। उदाहरणार्थ, यदि कोई गगनचुम्बी प्रासाद बनवाना चाहता है, तो उसके पूर्व अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ता है। मालिक को धन-संग्रह के लिए कष्ट उठाना पड़ता है और प्रासाद बनाने वाले श्रमिकों को श्रम करना होता है। अतएव भगवद्गीता का कथन है कि रजोगुण के अधीन होकर जो भी कर्म किया जाता है, उसमें निश्चित रूप से महान कष्ट भोगने होते हैं। इससे यह मानसिक तृप्ति हो सकती है कि मैंने यह मकान बनवाया या इतना धन कमाया, लेकिन यह वास्तविक सुख नहीं है। जहां तक तमोगुण का सम्बन्ध है, कर्ता को कुछ ज्ञान नहीं रहता, अतएव उसके समस्त कार्य उस समय दुखदायक होते हैं और बाद में उसे पशु जीवन में जाना होता है। पशु जीवन सदैव दुखमय है, यद्यपि माया के वशीभूत होकर वे इसे समझ नहीं पाते। पशुओं का वध भी तमोगुण के कारण है। पशु-बधिक यह नहीं जानते कि भविष्य में इस पशु को ऐसा शरीर प्राप्त होगा, जिससे वह उनका वध करेगा। यही प्रकृति का नियम है। मानव समाज में यदि कोई किसी मनुष्य का वध कर दे तो उसे प्राणदंड मिलता है। यह राज्य का नियम है।*

*अज्ञानवश लोग अनुभव नहीं करते कि संसार परमेश्वर द्वारा नियंत्रित एक पूरा राज्य है। प्रत्येक जीवित प्राणी परमेश्वर की संतान है और उन्हें एक चींटी तक का मारा जाना सह्य नहीं हैं। इसके लिए मनुष्य को दंड भोगना पड़ता है। अतएव स्वाद के लिए पशु-वध में रत रहना घोर अज्ञान मनुष्य को पशुओं के वध की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ईश्वर ने अनेक अच्छी वस्तुएं प्रदान की हैं। यदि कोई किसी कारण मांसाहार करता है, तो यह समझना चाहिए कि वह अज्ञानवश ऐसा कर रहा है और अपने भविष्य को अंधकारमय बना रहा है।*

# शीत परिषह जय



डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

"शीत परिषह सहन करना बहुत कठिन होता हैं। शीट के कारणों के सन्निधान में शीट के प्रतिकार की अभिलाषा नहीं करना ,संयम का परिपालन करना शीत परिषह जय हैं ,शीत के प्रतिकार की चिकीर्षा में परमार्थके लोभ के भय के कारण विद्या ,मन्त्र ,औषध ,पत्ते ,वल्कल तृणऔर चरम आदि के सम्बन्ध से व्यावृत मन वाले साधुजन शरीर को पराया समझते हुए पूर्व में धुप से सुवासित ,दीपकों से प्रज्वलित ,श्रेष्ठ अँगनाओं के नवयौवन ,उष्ण ,घनस्तन अनितम्ब और भुजांतर के द्वारा शीत की तर्जना करने वाले ग्रभागारों में किये हुए निवास को तथा अनुभूत सुरत -सुख के रस को ज्ञान के द्वारा असारसंहकार स्मरण नहीं करते हुए किसी भी प्रकार का विवाद नहीं करते ,शीत सहन करते हैं उसे शीत परिषहजय कहते हैं। जिस शीत ऋतू में बहु ही तुषार पड़ रहा हो ,बहुत ठंडी वायु चल रही हो वे मुनिराज किसी चौराहे पर खड़े हो उस समय उनको शीत की अधिक वेदना होती हैं उस वेदना का प्रतिकार नहीं करना शीत परिषह जय हैं। जो प्रतिकार करने की इच्छा से निवृत्त हैं ,पहले अनुभव किये गए शीत -प्रतिकार के हेतुभूत वस्तुओं का जो स्मरण नहीं करते हैं और ज्ञान भावना रूपी गभार्गार में निवास करते हैं उनके शीत परिषह (वेदना) ,जय प्रशंसा के योग्य हैं। जिनके शरीर में अत्यन्त कम्पन हो रहा हैं तथा बर्फ के समान शीत वायु के स्पर्श से जिनका शरीर विदीर्ण हो रहा हैं ,ऐसे प्राणी जिस शीत ऋतू में विवश हो शीत के अत्यंत खेद को प्राप्त होते हैं ,उस शीत ऋतू में जो मुनिराज पूर्व में भोगे सुखों का स्मरण नहीं करते हैं तथा ध्यान रूपी घर के द्वारा जिनकी शीत बाधा दूर हो गयी हो ,ऐसे दिगंबर मुनियों को शीत परिषह जय कहते हैं।"



(जैन मुनियों की उत्कृष्ट चर्या) इस समय इतनी अधिक ठण्ड पद रही हैं और हम सामान्य जन अपने बचाव के लिए इतना सब करते हैं उसके बाद भी ठण्ड से बच नहीं पातें। उसके विपरीत जैन साधु संत दिगम्बर अवस्था में रहते हैं और बिना कष्ट के समता भाव से सहन करते हैं। यह बहुत कठिन साधना हैं जो बिरले लोग ही कर पाते हैं। शीत परिषह सहन करना बहुत कठिन होता हैं। शीट के कारणों के सन्निधान में शीट के प्रतिकार की अभिलाषा नहीं करना ,संयम का परिपालन करना शीत परिषह जय हैं ,शीत के प्रतिकार की चिकीर्षा में परमार्थके लोभ के भय के कारण विद्या ,मन्त्र ,औषध ,पत्ते ,वल्कल तृणऔर चरम आदि के सम्बन्ध से व्यावृत मन वाले साधुजन शरीर को पराया समझते हुए पूर्व में धुप से सुवासित ,दीपकों से प्रज्वलित ,श्रेष्ठ अँगनाओं के नवयौवन ,उष्ण ,घनस्तन अनितम्ब और भुजांतर के द्वारा शीत की तर्जना करने वाले ग्रभागारों में किये हुए निवास को तथा अनुभूत सुरत -सुख के रस को ज्ञान के द्वारा असारसंहकार स्मरण नहीं करते हुए किसी भी प्रकार का विवाद नहीं करते ,शीत सहन करते हैं उसे शीत परिषहजय कहते हैं। जिस शीत ऋतू में बहु ही तुषार पड़ रहा हो ,बहुत ठंडी वायु चल रही हो वे मुनिराज किसी चौराहे पर खड़े हो उस समय उनको शीत की अधिक वेदना होती हैं उस वेदना का प्रतिकार नहीं करना शीत परिषह जय हैं। जो प्रतिकार करने की इच्छा से निवृत्त हैं ,पहले अनुभव किये गए शीत -प्रतिकार के हेतुभूत वस्तुओं का जो स्मरण नहीं करते हैं और ज्ञान भावना रूपी गभार्गार में निवास करते हैं उनके शीत परिषह (वेदना ) ,जय प्रशंसा के योग्य हैं। जिनके शरीर में अत्यन्त कम्पन हो रहा हैं तथा बर्फ के समान शीत वायु के स्पर्श से जिनका शरीर विदीर्ण हो रहा हैं ,ऐसे प्राणी जिस शीत ऋतू में विवश हो शीत के अत्यंत खेद को प्राप्त होते हैं ,उस शीत ऋतू में जो मुनिराज पूर्व में भोगे सुखों का स्मरण नहीं करते हैं तथा ध्यान रूपी घर के द्वारा जिनकी शीत बाधा दूर हो गयी हो ,ऐसे दिगंबर मुनियों को शीत परिषह जय कहते हैं। जिसने आवरण का त्याग कर दिया हैं ,पक्षी के समान आवास निश्चित नहीं हैं,वृक्षमूल,चौपथ और शिलातल आदि पर निवास करते हुए बर्फ के गिरने पर और शीतल हवा का झोंका आने पर मुनिराज को शीत बाधा उतपन्न होती हैं। वस्त्रमात्र के त्यागी मुनिराज जब शीत ऋतू में चौराहे पर ध्यान करते हैं ,तब जो बहुत सा बर्फ और ओस पड़ती हैं एवं बहुत से ओले बरसते हैं उनकी ठंडी वायु से उनक शरीर अत्यंत ठंडा हो जाता हैं तो भी उसका प्रतिकार नहीं करते हैं इसलिए उनके शीत परिषह उत्पन्न होता हैं । चारित्र मोहनीय और वीर्यन्तराय की अपेक्षा करके और असाता के उदय में मुनिराज को शीत परिषह उत्पन्न होती हैं। मुनिराज यह विचार करते हैं की हे आत्मन एक बार समता भाव से समस्त कष्टों का तू संयम के साथ सामना कर ले ,फिर कष्ट तुम्हारा सामना नहीं करेंगे। साधु जनों के कष्टों को देखकर कष्ट भी कष्ट में पड़ जाते हैं ,कष्ट भी हार आता हैं ,कष्ट के सामने साधु काष्ठ बन जाता हैं। नहीं वस्त्र को धारण करते ,खुला बदन रहता हैं। नदी किनारे योग धारते,शीतल जल बहता। जैन दर्शन में सावस्त्र मुक्ति का निषेध हैं। निर्ग्रन्थ पद से निर्वाण पदप्राप्त होता हैं ,इसलिए मोक्षमार्ग को वस्त्र दूषित का देता हैं। इसलिए मुनि जन्मजात बालकवत यथाजात के धारी होते हैं। अपने पास में वस्त्र नहीं धरतेहैं। यहाँ शीत परिषह प्रकरण में भीषण सर्दी के समय शीत से व्याकुलित होने के कारण व्यक्ति वस्त्र की आकांक्षा करता हैं ,कपडे पहनता हैं ,नाना प्रकार की वस्तुओं से अपनी देश को ढांकने का पुरुषार्थ रागी जीव करता हैं ,वस्त्र पर वस्त्र धारण करता हैं उसके बाद भी सर्दी नहीं आती हैं परन्तु दिगंबर संत सदा वस्त्र रहित होता हैं। कितनी भी ठंडी क्यों न हो परन्तु वस्त्र को धारण नहीं करते ,वस्त्र की आकांक्षा नहीं करते ,देस सदा निरावरण रहती हैं शीत ऋतू की शीत हवाएं अति सताती हैं। मुनि जनों के आगे पीछे ,आती जाती हैं। शीत ऋतू के समय जब मुनिराज पदविहार करते हैं ,ओ-- हो जरा विचार तो करे जो मुनिराज भी हैं ,दिगंबर पद भी हैं और मुनिराज का मार्ग भी दिगंबर हैं। मुनिराज जब पद विहार मंद मंद गति से करते हैं उस समय शीत हवाएं मुनिराज के तन पर बार -बार आकर वार करती हैं देह को ठंडा कर देती हैं। शरीर थर थर कांपने लगता हैं। मुनिराज अपने स्वाभाव से च्युत नहीं होते। अपनी अपनी प्रकृति हैं ,तुम अपना काम करो ,हम अपना का करेंगे। ऐसा ुनिराज विचार करते हैं। शीत हवा -हवा नहीं ,सच में यह मुक्ति की दवा हैं। जलधारा शर ताडिता न चलन्ति,चरित्रतः सदा नरसिन्हाः. संसार दुःख भीर वः,परिषहाराती घातिनः प्रवीरा। जल की धरा रूपी बाण प्रहार से पीड़ित किये जाने पर भी वे नरसिंह अपने संयम से नहीं डिगते हैं। वे संसार के दुखों से डरते हुए परिषह रुपी शत्रुओं का घात करने वाले वीर पुरुष होते हैं। वर्षा में भीगना अलग बात हैं। वर्षा के साथ शीत वेदना को भी सहते हैं। धन्य हैं वे मुनिराजजो कष्ट का काढ़ा सरल भाव से भी लेते हैं। शीत हवा का झोंका आता ,तन पर ओस गिरे। शीत शिला पर बैठे रहते ,न प्रतिकार करे। प्रत्येक गृहस्थ जिस प्रकार से अपने व्यापार को कम नहींकरता ,अति वृद्धि करता हैं ,व्यापार वृद्धि हेतु परिश्रम करता हैं मेहनत करता हैं। शीत मौसम संयम परीक्षा का एक अचूक अवसर हैं। विषमता में ही सैन्य की परीक्षा होती हैं। मेंहदी सदा घिसने के बाद रंग लाती हैं और सोना तपने के बाद चमक लाता हैं। मुनि राज शीतल हवा की कैसी भी हवा चले और तन पर ठंडी ठंडी हवा के साथ ओस गिरने पर भी आकुल व्याकुल नहीं होते हैं इसके अलावा वे ठंडी शिला पर बैठने पर भी उसका प्रतिकार नहीं करते कर्म निर्जरा करने हेतु ,कष्ट सहा करते शीत परिषह सह ने वाले ,मुक्ति सुख वरते. कर्म निर्जरा करने हेतु परीषहों को सहन करते। कौन से कर्मों की निर्जरा के लिए तरह तरह के कष्ट सहते हैं पीड़ा को सहन करते हैं पूर्व की पयार्यों से ज्ञाताज्ञात ,तीव्र मंद कषायों के वश होकर ,राग द्वेष ओह के कारण ,असंयम के कारण से जो कर्म का बांध किया था उन कर्मों की निर्जरा के लिए कष्ट सहन करते हैं। प्रति समय कर्म अपना फल देकर के खिर रहे हैं। आपों आप कर्म छूट जाते हैं परन्तु कष्ट देकर छूटते। मुनिराज नारकियों के ,पशुओं के और दरिद्री मनुष्यों के शीतजन्य दुखों का चिंतन करते हुए अपने दृढ बनाकर शीत वेदना को सहन करते हैं। उस समय वे मुनिराज शीत की वेदना सहन करते हैं शीत की प्रतिक्रिया करने में समर्थ अग्नि आदि द्रव्यान्तर की अभिलाषा नहीं करने वाले वे मुनिराज धैर्य रुपी वस्त्र को धारण कर संयम का पालन करते हुए शीत परिषह को जीतते हैं। ध्यान में कर्मों को नष्ट करने की शक्ति सबसे अधिक हैं। कर्म निर्जरा करने के लिए साधु छोटे बड़े कष्टों को सरलभाव एवं समता भाव से सहन कर लेते हैं। भोगी समता नहीं धर पाटा हैं और योगी समता धर लेते हैं। अटल धैर्य रुपी वस्त्र को धारण का शीत परिषह को जीतते हैं।

# चंदेरी का जौहर



मजीद खां पठान

निरंतर एक हजार वर्ष से आबाद ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगर चंदेरी अपने गौरवमयी अतीत के साक्ष्यों को पूरे सम्मान के साथ आज भी सहेज कर रखे हुए है। पुरातन नगर चंदेरी के यह वही ऐतिहासिक साक्ष्य है जो इस नगर को संपूर्ण भारतीय इतिहास, साहित्य एवं पर्यटन क्षेत्र में प्रमुखता से स्थान दिलाने में अहम भूमिका का निर्वहन करते हुए वर्तमान चंदेरी को हेरिटेज सिटी का दर्जा प्रदान कराते हैं। चंदेरी की आन-बान-शान होकर भारत के प्राचीन किलों में शुमार चंदेरी दुर्ग आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। यह वही प्राचीन दुर्ग है जिसने एक नहीं अनेक युद्धों का सामना किया है मान-न-मान मैं तेरा मेहमान की तर्ज पर न चाहते हुए भी बेमन से कई राजवंशों को पनाह दी है। नगर से दो सौ पच्चीस फीट की ऊंचाई पर 10वीं-11वीं सदी में चंदेरी के तत्कालीन प्रतिहारवंशी राजा कीर्तिपाल द्वारा निर्मित एवं उन्हीं के नाम पर नामांकित कीर्ति दुर्ग आज भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराए हुए अपनी आपबीती सुनाने में सक्षम है। कई नीति-अवनीति का शिकार, यही नहीं कई जय- पराजय के घूंट पीकर भी नतीजन प्राप्त यश-अपयश से न घबराकर आज भी छप्पन इंच का सीना ताने नगर प्रथम तो राष्ट्र सर्वप्रथम का नारा बुलंद कर रहा है। याद रखना होगा कि यह वही पुरातन दुर्ग है जिसने अपनी आंखों से दुर्ग परिसर में संपन्न हुए जौहर को देखा है। याद यह रखना भी आवश्यक है कि चंदेरी का जौहर और चंदेरी का दुर्ग एक दूसरे के पूरक है। जब-जब भी देश-दुनिया में जौहर परंपरा पर चर्चा की जावेगी, जब-जब भी गागरौन, चित्तौड़, जैसलमेर आदि स्थलों पर संपन्न हुए जौहर पर बात की जावेगी। तब-तब मध्यकालीन चंदेरी जौहर की चर्चा किए बिना बात पूरी नहीं होगी। 29 जनवरी 1528 ईस्वी को चंदेरी दुर्ग पर बाबर द्वारा किया गया हमला, नगर-देश, मातृभूमि की रक्षा हेतु राजपूत मेदिनीराय तथा उनके हजारों वीर साथियों द्वारा अदम्य साहस के साथ युद्ध का सामना करते हुए वीरगति को प्राप्त होना, रानी मणिमाला और लगभग सोलह सौ राजपूत वीरांगनाओं द्वारा स्वयं को आग में समर्पित कर हमलावरों से अपनी संस्कृति एवं सतीत्व रक्षार्थ किया गया जौहर, चंदेरी ही नहीं अपितु भारतीय इतिहास, साहित्य में अद्वितीय होकर उल्लेखनीय मुकाम हासिल किए हुए हैं। भारतीय साहित्य में चंदेरी के जौहर पर समय-समय पर कई विद्वानों, कवियों, साहित्यकारों द्वारा रचनाएं रचित की जाती रही हैं। एक नहीं अनेक साहित्यकार चंदेरी जौहर का ऐतिहासिक महत्व प्रतिपादित करते हैं, वहीं भारत की सुप्रसिद्ध कवित्री



राजकुमारी चौहान चंदेरी के जौहर का मार्मिक वर्णन करती है। चंदेरी का जौहर मात्र कवि कवित्रियों के लिए विषय वस्तु नहीं बना अपितु क्षेत्रीय लोक गीतों में भी समा गया। आज भी समय-समय पर क्षेत्रवासी चंदेरी जौहर को अपने लोकगीतों के माध्यम से व्यक्त किया करते हैं। चंदेरी में जौहर की ज्वाला धधकी और उस ज्वाला से निकली चिंगारियों ने राजपूत मेदिनीराय के शौर्य पूर्ण बलिदान संघर्ष को और अधिक अमरता प्रदान करते हुए तत्कालीन रचनाकारों तथा आगे आने वाले रचनाकारों को देश मातृभूमि प्रेम का उज्जवल उदाहरण प्रस्तुत किया। जिसे राष्ट्रवादीयों ने अपने साहित्य रचना अनुकूल कथानक को मौलिकता प्रदान की इतिहास प्रसिद्ध व्यक्तियों को कथानक का पात्र बनाया। चंदेरी का जौहर भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अध्याय का एक स्वर्णिम पृष्ठ है जिसमें से राष्ट्र प्रेम, त्याग, बलिदान, शौर्य, भारतीय स्वतंत्रता की लौ प्रज्वलित होती समझ आती है। यही नहीं 1528 ईस्वी का चंदेरी जौहर, चंदेरी इतिहास का प्रथम एवं अंतिम जौहर है। अद्वितीय राष्ट्र प्रेम और बलिदान सहित अपनी मान- मर्यादा, स्वाभिमान तथा आन पर मर मिटने की लालसा का एक मात्र प्रतीक चिन्ह जौहर स्मारक दुर्ग निकट स्थित है। ग्वालियर सिंधिया रियासत ने चंदेरी जौहर के उद्देश्य, उसके ऐतिहासिक महत्व को समझा परखा और अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं की रक्षार्थ जीवन बलिदान करने वाले वीर-वीरांगनाओं की स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए तत्कालीन ग्वालियर नरेश महाराजा श्रीमंत जीवाजी राव सिंधिया के शासनकाल 1932 ईस्वी में जौहर स्मारक निर्मित कराकर कीर्ति दुर्ग के सम्मान को पूर्ण किया। स्मरण रहे आज भी दुर्ग एवं जौहर स्मारक के आसपास का संपूर्ण क्षेत्र पुरातात्विक, ऐतिहासिक दृष्टिकोण से बेहद संवेदनशील हो कर शोध-खोज हेतु आमंत्रित करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, निचर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

# प्रतिष्ठित 2021 के नोबेल शांति पुरस्कार की दौड़ में ट्रंप, नवेलनी, डब्ल्यूएचओ और ग्रेटा थनबर्ग

**ओस्लो।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार 2021 के लिए नामांकन का दौर समाप्त हो गया है। इस बार जिन लोगों के बीच पुरस्कार के लिए जंग देखने को मिलेगी उसमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी, जलवायु परिवर्तन एक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग और विश्व स्वास्थ्य संगठन शामिल हैं। ट्रंप को छोड़कर बाकी के तीनों उम्मीदवारों को नार्वे के सांसदों ने नामांकित किया है। बता दें कि नोबेल शांति पुरस्कार के लिए विजेता चुनने का ट्रैक रिकॉर्ड नार्वे के इन सांसदों के नाम ही है।



इन उम्मीदवारों के अलावा दुनियाभर के हजारों लोगों ने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अप्लाई किया हुआ है। इसमें कई देशों के सांसदों के अलावा पूर्व नोबेल विजेता भी शामिल हैं। रविवार को नोबेल शांति पुरस्कारों के लिए नामांकन बंद हो गया है।

पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ओस्लो के निदेशक हेनरिक उराल्ड ने कहा कि नार्वे के सांसदों ने 2014 के बाद से हर साल जिसे शांति पुरस्कारों के लिए नामित किया है, उसी में से किसी एक के नाम यह खिताब दर्ज हुआ है। हाल के वर्षों से पैटर्न काफी आश्चर्यजनक है। नॉर्वेजियन नोबेल कमेटी के निर्णय पर यह निर्भर करेगा कि यह पुरस्कार किसे दिया जाएगा। यह कमेटी नॉमिनेशन पर कभी भी कोई टिप्पणी नहीं करती है। नोबेल कमेटी 50 साल तक नामांकित और असफल उम्मीदवारों के नाम को गुप्त भी रखती है।हालांकि, अगर नामांकित व्यक्ति अपने नाम का खुलासा करना चाहे तो उसे सार्वजनिक किया जा सकता है।

ग्रेटा थनबर्ग को जलवायु संकट के खिलाफ लड़ाई में सबसे अग्रणी वक्ता के रूप में जाना जाता है।उन्होंने कई बार अपने भाषणों से लोगों को दिल जीता है। इसके अलावा डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी ट्विटर वॉर की भी खूब चर्चा हुई थी। दिसंबर 2020 में स्वीडन की इस 16 साल की पर्यावरण ऐक्टिविस्ट को प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने 2019 का ह्यपर्सन ऑफ द ईयर चुना गया था।

ऐलेक्सी नवेलनी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के घोर विरोधी हैं।कुछ महीने पहले उन्होंने आरोप लगाता था कि रूसी खुफिया एजेंसी ने उन्हें जहर देकर मारने की कोशिश की। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जर्मनी जाना पड़ा। कुछ दिनों पहले ही रूस वापस लौटने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके बाद पुतिन के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन जारी है।

# रोचेस्टर के पुलिस अधिकारी नौ वर्षीय बच्ची पर पेपर स्प्रे करते दिखे

**रोचेस्टर।** अमेरिका के रोचेस्टर शहर में पुलिस की अमनवीय पहलू उजागर करने वाले वाला एक वीडियो सामने आया है। रविवार को पुलिस अधिकारियों के बॉडी कैमरा के दो वीडियो जारी किए हैं, जिसमें अधिकारी नौ वर्षीय एक बच्ची को काबू में करने के लिए कुछ स्प्रे करते नजर आ रहे हैं और बच्ची के हाथ भी बंधे हैं। पुलिस का कहना है कि वह पेपर स्प्रे था। खबरों के अनुसार रोचेस्टर की मेयर लवली वॉरेन ने शुक्रवार को हुए इस हादसे की पीड़ित बच्ची को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, मेरी भी 10 साल की एक बेटी है।एक मां के तौर पर यह वीडियो आप कभी नहीं देखना चाहेंगे। खबर के अनुसार शुक्रवार को पारिवारिक विवाद की खबर मिलने के बाद कुल नौ अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। अपने पिता से अलग करने की कोशिश करते समय बच्ची की वीडियो में चिल्लाने की आवाज सुनाई दे रही है। उप पुलिस प्रमुख आंद्रे एंडरसन ने



रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन बच्ची को आत्मघाती बताया। उन्होंन कहा, वह खुद को मारना चाहती थी और वह अपनी मां की भी हत्या करना चाहती थी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने उसे गश्ती गाड़ी में बैठाने की कोशिश की लेकिन उसने उन्हें लात मारनी शुरू कर थी। पुलिस विभाग ने बताया कि बच्ची को नियंत्रित करने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक थी।उसने कहा कि नाबालिग की सुरक्षा और अभिभावक के अनुरोध के बाद बच्ची के हाथ बांधे गए थे और एम्बुलेंस आने तक उसे पुलिस के वाहन में बैठाया गया था।पुलिस प्रमुख सिनथिया हैरिएट सुलिवन ने रविवार को बताया कि बच्ची पर पेपर स्प्रे छिड़का गया था। हालांकि उन्होंने अधिकारियों की इस कारवाई का बचाव नहीं किया। उन्होंने कहा, मैं यहां खड़े होकर यह नहीं कहने वाली कि नौ साल की बच्ची पर पेपर स्प्रे करना ठीक था। क्योंकि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, एक विभाग के तौर पर जो हम हैं, यह उसको प्रदर्शित नहीं करता और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि ऐसा दोबारा ना हो। पुलिस ने बताया कि बच्ची को बाद में रोचेस्टर जनरल हॉस्पिटल ले जाया गया।

उसका वहां इलाज किया गया और बाद में उसे परिवार के हवाले कर दिया गया।

रोचेस्टर पुलिस विभाग पिछले साल डेनियल प्रूड के मामले में भी सवालों के घेरे में आ गया था, जब उसके कुछ अधिकारियों ने प्रूड के सिर को किसी कपड़े से ढक उसका मुंह फुटपाथ में दबा दिया था।

# कैदियों को टीके लगाने की योजना से पीछे हटा अमेरिका

**वाशिंगटन।** क्यूबा के ग्वांतानामो बे में एक अमेरिकी हिरासत केंद्र के कैदियों को कोविड-19 टीके लगाए जाने की योजना से अमेरिका फिलहाल पीछे हट गया है। पेंटागन के प्रमुख प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने ग्वांतानामो में बंद कैदियों को टीके लगाए जाने की योजना पर फिलहाल रोक लगा दी है। इस दौरान वहां तैनात सैन्यकर्मियों की सलामती के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की जाएगी। किर्बी ने कहा हम यहां तैनात सुरक्षाबलों की सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रहे हैं और कैदियों को टीका लगाने की योजना पर रोक लगा रहे हैं।हम सैनिकों को सुरक्षित रखने के अपने दायित्व के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं। अमेरिकी सेना ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि उसकी योजना कैदियों को टीके लगाने की है, क्योंकि हिरासत केंद्र के सभी कर्मियों को टीके लग चुके हैं ।

# नवेलनी के समर्थन में रूस की सड़कों पर उतरे लोग

**मॉस्को।** रूस में राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के खिलाफ लगाकार जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है उनके खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन को जारी रखते हुए रविवार को हजारों लोग विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी की रिहाई की मांग करते हुए सड़कों पर उतरे हैं। यह भीड़ पुतिन चोर है, पुतिन इस्तीफा दो के नारे भी लगा रही है। इस प्रदर्शन से क्रेमलिन (रूसी सरकार का मुख्यालय) हलकान है। एक निगरानी संगठन के अनुसार पुलिस ने 2,300 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। रूसी अधिकारी प्रदर्शन से निपटने के लिये हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। पिछले सप्ताह के अंत में पूरे रूस में हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया था। हाल के वर्षों में हुए विरोध का यह सबसे मुखर स्वरूप है। कैद करने की धमकियों, सोशल मीडिया समूहों को चेतावनी एवं दंगारोधी पुलिस का डर दिखाये जाने के बावजूद रविवार को कई शहरों में जबर्दस्त प्रदर्शन हुआ। राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के आलोचक और भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाने वाले नवलेनी को जर्मनी से लौटने पर 17 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया गया था। नवलनी नर्व एजेंट (जहर) के प्रभाव से उबरते हुए पांच महीने से जर्मनी में स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। उन्होंने क्रेमलिन पर यह जहर देने का आरोप लगाया। रूस के अधिकारी नवलनी के आरोपों का खंडन करते रहे



हैं। नवलनी को पेरौल की शर्तों का कथित रूप से उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार किया गया। अमेरिका ने रूस से नवेलनी को रिहा करने की अपील की है और प्रदर्शनों पर दमनात्मक कार्रवाई की निंदा की है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने ट्वीट किया कि अमेरिका लगातार दूसरे सप्ताह शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों एवं पत्रकारों पर लगातार कठोर कार्रवाई की निंदा करता है।राजनीतिक गिरफ्तारियों पर नजर रखने वाले संगठन ओवीडी इन्फो के अनुसार रविवार को पुलिस ने विभिन्न शहरों में 2,300 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। मॉस्को में कई अभूतपूर्व सुरक्षा कदम उठाए गए हैं और क्रेमलिन (रूसी सरकार के मुख्यालय) के पास सबवे (मेट्रो) स्टेशन बंद कर दिए गए हैं, बसों का मार्ग बदल दिया गया है। रेस्तरां तथा दुकानों आदि को बंद रखने का आदेश दिया गया है। नवेलनी की टीम ने शुरू में मॉस्को के लुबयांका स्क्वायर पर प्रदर्शन का आह्वान किया था जहां संघीय सुरक्षा सेवा का मुख्यालय है। खुद को जहर दिये जाने के लिये नवलनी इसी सुरक्षा एजेंसी को जिम्मेदार मानते हैं। पुलिस ने जब इस स्थान को सुरक्षा घेरे में ले लिया तब उससे एक मील की दूरी पर प्रदर्शन स्थानांतरित कर दिया गया। सिटी सेंटर में सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों ने पुतिन इस्तीफा दो, ह्यपुतिन चोर है के नारे लगाते हुए मार्च किया। बाद में कुछ प्रदर्शनकारियों ने मात्रोसाकाया तिशिना जेल की ओर कूच किया जहां नवलनी को रखा गया है। दंगा रोधी पुलिस ने हालांकि उन्हें खदेड़ दिया तथा कई लोगों को हिरासत में ले लिया। मॉस्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया समेत 500 से ज्यादा लोग हिरासत में लिये गये। उनकी पत्नी प्रदर्शन में शामिल हुई थीं।

# पाकिस्तान को मुफ्त में मिलेगा भारत में बना कोरोना टीका, 1.70 करोड़ डोज का रास्ता साफ

**इस्लामाबाद।** देर से ही सही, लेकिन पाकिस्तान में भी अब कोरोना टीकाकरण का रास्ता साफ होता जा रहा है। पाकिस्तान की इमरान सरकार अभी तक कोरोना टीके का एक भी डोज खरीद तो नहीं पाई है, लेकिन चीन ने उसे 5 लाख डोज मुफ्त में दी है, जिसे लाने के लिए पाकिस्तान से विमान भेजा गया है।चीनी डोज के पाकिस्तान पहुंचने से पहले पाकिस्तान उस समय गदगद हो गया, जब उसके लिए 1.70 करोड़ भारतीय टीके मुफ्त मिलने का रास्ता साफ हो गया। उसे कोवाक्स प्रोग्राम के तहत यह खैरात मिलने जा रही है। पाकिस्तान ने सबसे पहले ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी की ओर से तैयार किए गए टीके कोविशील्ड को ही सबसे पहले आपातकालीन मंजूरी दी, लेकिन इमरान खान की सरकार के खजाने में ना तो इतने रुपए हैं कि वे टीके खरीद सकें और ना ही इतनी हिम्मत की भारत सरकार से टीका मांग ले। हालांकि, पाकिस्तान ने इसे बैकडोर से पाने की कोशिश के तहत राज्य सरकारों और निजी सेक्टर को खरीद की छूट दे दी थी।

इस बीच रविवावर को इमरान खान के विशेष विशेष सहायक (स्वास्थ्य) डॉ फैसल सुल्तान ने घोषणा की कि अगले महीने (फरवरी) से पाकिस्तान को एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन भी मिलने जा रही है। उन्होने बताया कि 60 लाख डोज की डिलिवरी मार्च तक हो जाएगी तो जून तक 1.70 करोड़ डोज मिल जाएंगे। असद उमर ने ट्वीट किया, ह्यह्लकोविड वैक्सीन मोर्चे पर खुशखबरी। कोवाक्स से मिले लेटर में 2021 की पहली छमाही में एस्ट्राजेनेका वैक्सीन की 1.70 करोड़ डोज मिलने की बात कही गई है। फरवरी से शुरूआत होने के बाद मार्च तक 60 लाख डोज उपलब्ध हो जाएंगे। हमने 8 महीने पहले कोवाक्स प्रोग्राम पर हस्ताक्षर किए थे। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, ह्यह्लयह बताते हुए खुशी हो रही है कि सिनोफार्मा (चाइनीज वैक्सीन कंपनी) से 5 लाख डोज मिलने के बाद पहली तिमाही में 70 लाख डोज एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के मिलने जा रहे हैं। इन्हें लोगों को मुफ्त में दिया जाएगा। पाकिस्तान में टीकाकरण अगले सप्ताह शुरू होने जा रहा है और सबसे पहले हेल्थकेयर वर्कर्स को टीका लगाया जाएगा। कोवाक्स प्लान के तहत सभी देशों को समय पर और उचित मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत पाकिस्तान को 20 फीसदी आबादी के लिए मुफ्त टीका मिलेगा। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि 80 फीसदी आबादी को इमरान खान किस तरह टीका दे सकेंगे।

# नेपाल में संसद भंग करने के खिलाफ 2 पूर्व प्रधानमंत्रियों ने शुरू किया प्रदर्शन

काठमांडू (ईएमएस)। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के लिए संसद भंग करने का फैसला भारी पड़ता नजर आ रहा है। ओली के इस फैसले के बाद नेपाल में राजनीतिक संकट गहरा गया है। पहले ओली को सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया और अब देश के दो पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल और माधव कुमार नेपाल ने ओली के इस फैसले के विरोध में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दोनों पूर्व प्रधानमंत्री नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के एक गुट का नेतृत्व कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 20 दिसंबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने संसद के निचले सदन को भंग कर दिया था। इसके बाद से देश में उनके खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है। फैसले को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है।इससे पहले सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के एक प्रतिद्वंद्वी गुट के छात्रसंघ ने दोनों के नेतृत्व में शनिवार को संसद को भंग करने के कदम के विरोध में कार्यवाहक प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पुतला जलाया।

गौरतलब है कि पार्टी की केन्द्रीय समिति ने विरोधी गुट के नेताओं की बार-बार धमकियों के बीच ओली को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

# ओसामा ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का समर्थन और फंडिंग की थी: आबिदा हुसैन



**इस्लामाबाद।** अमेरिका में पाकिस्तान की राजदूत रहीं आबिदा हुसैन ने दावा किया है कि ओसामा बिन लादेन ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का समर्थन और फंडिंग की थी।इस खुलासे के बाद से लंदन में भगोड़े की जिंदगी गुजार रहे नवाज शरीफ इमरान खान की पार्टी के निशाने पर हैं।

पाकिस्तान के एक निजी चैनल के साथ इंटरव्यू में पाकिस्तान की पूर्व राजदूत आबिदा हुसैन ने कहा कि हां, ओसामा बिन लादेन ने एक समय में मियां नवाज शरीफ का समर्थन किया था। हालांकि, यह एक जटिल कहानी है। ओसामा, नवाज शरीफ को फाइनेंस भी करता था। आबिदा ने कहा कि एक समय में ओसामा बिन लादेन अमेरिका सहित सभी लोगों के बीच लोकप्रिय था। उसे कई देशों में काफी पसंद भी किया गया, लेकिन बाद में उसे एकदम अजनबी बना दिया गया।

आबिदा हुसैन पाकिस्तान की जानी मानी राजनेता और डिप्लोमेट हैं। उन्हें नवाज शरीफ का करीबी भी बताया जाता है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान नवाज शरीफ ने आबिदा हुसैन के चुनाव हारने के बाद उन्हें अमेरिका का राजदूत बनाकर पुरस्कृत किया था। बाद के कार्यकाल में शरीफ ने आबिदा हुसैन को अपने कैबिनेट में भी शामिल किया था।

उन्होंने खुलासा किया कि अमेरिका में राजदूत रहने के दौरान उनकी अधिकतर बातचीत उस समय राष्ट्रपति रहे गुलाम इशाक खान के साथ ही होती थी। पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को पूरा होने तक आबिदा को अमेरिकियों को बातचीत में व्यस्त रखने का काम सौंपा था।

उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी प्रशासन ने परमाणु कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए पाकिस्तान को सलाह दी। इसमें अमेरिका के कई राजनयिक, सीनेटर और कांग्रेसमैन शामिल थे।

# हांगकांग के लोगों के लिये ब्रिटेन की नई नागरिकता वीजा व्यवस्था का रास्ता खुला

**लंदन।** हांगकांग के निवासियों के ब्रिटेन आने व त्वरित व्यवस्था के जरिये नागरिक बनने के लिये आवेदन करने का एक नया वीजा मार्ग रविवार को आधिकारिक रूप से खुल गया। हांगकांग के करीब तीन लाख लोगों के वीजा के लिये आवेदन करने की उम्मीद है। यह व्यवस्था ब्रिटिश नागरिक (अप्रवासी) (बीएन-ओ) पासपोर्ट धारकों और उनके आश्रितों के लिये हैं। चीन के विवादास्पद नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के विरोध में पिछले साल इसकी घोषणा की गई थी। ब्रिटेन कहता रहा है कि नया कानून चीन-ब्रिटिश संयुक्त घोषणा पत्र का स्पष्ट और गंभीर उल्लंघन है। घोषणा-पत्र के तहत ही करीब 23 साल पहले हांगकांग को चीनी अधिकारियों को सौंपा गया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, मुझे यह बताते हुए बेहद गर्व हो रहा है कि हम हांगकांग बीएन (ओ) के रहने, काम करने और हमारे देश में अपना घर बनाने के लिये यह नयी वीजा व्यवस्था लेकर आए हैं। उन्होंने कहा, ऐसा करके हमने इतिहास के अपने गहरे संबंधों और हांगकांग के लोगों के साथ अपनी दोस्ती का सम्मान किया है तथा हम स्वतंत्रता व स्वायत्तता के लिये खड़े हुए हैं जिसे ब्रिटेन व हांगकांग दोनों ही अहम मानते हैं।

इस व्यवस्था के तहत बीएन(ओ) दर्जा प्राप्त लोग और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन में रहने, पढ़ने और काम करने के लिये आ सकेंगे। जैसा कि अन्य वीजा में होता है। ब्रिटेन में पांच साल रहने के बाद वे यहां बसने के लिये आवेदन कर पाते हैं और उसके बाद 12 और महीनों के इंतजार के बाद ब्रिटिश नागरिकता के लिये आवेदन कर पाते हैं।

गृह मंत्री प्रीति पटेल ने कहा, वैश्विक ब्रिटेन सही के लिये खड़ा होगा और अपनी प्रतिबद्धताओं को बरकरार रखेगा।यह वीजा व्यवस्था हांगकांग के लोगों से किये गए हमारे वादे को पूरा करती है, हमारे मजबूत ऐतिहासिक संबंधों को सम्मान देती है और उनकी स्वतंत्रता को बरकरार रखती है। उन्होंने कहा, मैं ब्रिटेन में उन लोगों के स्वागत का इंतजार कर रही हूं जो यहां अपने परिवार के साथ जड़े जमाना चाहते हैं और नया जीवन शुरू करना चाहते हैं। इसकी प्रतिक्रिया में चीन के विदेश मंत्रालय ने हाल में कहा था कि वह अब बीएन (ओ) पासपोर्ट को वैध यात्रा दस्तावेज के तौर पर मान्यता नहीं देता।

चीन का कहना है कि हांगकांग में मार्च 2019 में जैसे प्रदर्शन हुए उन्हें रोकने के लिये नया सुरक्षा कानून जरूरी है। इस कानून को लेकर हालांकि दुनियाभर में प्रतिक्रियाएं हुईं और विरोधी इसे चीन के अर्धस्वायत्त क्षेत्र के तौर पर हांगकांग की क्षेत्रीय स्वतंत्रता को कुचलने वाला करार दे रहे हैं।

# चंद्रमा के इंसान पर असर के वैज्ञानिक आधार

**लंदन।** एक ताजा अध्ययन के मुताबिक, यह धारणा कि चंद्रमा लोगों के सोने के स्वरूप और महिलाओं के मासिक चक्र को प्रभावित करता है, सही हो सकती है। वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी, क्विल्मेस नेशनल यूनिवर्सिटी और येल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के शोध में पाया गया है कि चंद्रमा की कलाएं हमारी नींद के समय और महिलाओं के मासिक चक्र को प्रभावित करती हैं। हाल ही में एडवांस साइंसेस में प्रकाशित शोध बताता है कि 29.5 दिन के चंद्रमा चक्र के दौरान लोगों के सोने के समय में उतार चढ़ाव आते हैं। पूर्णिमा के दिनों में लोग रात को देर से सोते हैं और उनके सोने का समय भी कम होता है। सात वैज्ञानिकों की इस रिसर्च टीम ने दो तरह के समूहों का अध्ययन किया। इसमें से एक उत्तरी अर्जेंटीना के फोमोर्सा इलाके के तोबा कौम लोग शामिल थे तो दूसरे समूह में अमेरिका के सिएटल शहर के कॉलेज छात्र थे। दोनों समूह में 7.5 लाख लोगों से ज्यादा को शामिल किया गया था।

अर्जेंटीना के ग्रामीण समुदाय को लोगों के पास बिजली तक पहुंच नहीं थी, जबकि दूसरे समुदाय के पास बिजली की सीमित पहुंच थी, वहीं तीसरा समुदाय शहरी इलाकों के जैसा था जिसके पास पूरी बिजली की व्यवस्था थी। शोधकताओं ने एक से दो चंद्रमा चक्रों के दौरान तीन चौथाई टोबा कौम प्रतिभागियों के नींद के आंकड़े जमा किया। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक और वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी में बायोलॉजी के प्रोफेसर होरासिओ डी ला इग्लेसिया ने एक बयान में बताया कि उनकी टीम ने नींद पर चंद्रमा का स्पष्ट प्रभाव देखा। चंद्रमा के बढ़ने के साथ नींद कम होती जा रही थी। हालांकि यह प्रभाव बिना बिजली वाले समुदायों में ज्यादा स्पष्ट था, लेकिन बिजली वाले इलाकों में भी इसे पाया गया जिसमें वाशिंगटन यूनिवर्सटी के छात्र भी शामिल थे। चंद्रमा की कलाओं के चक्र में नींद की मात्रा में विविधता औसत तौर पर 56 से 58 मिनट की थी। इस तरह अध्ययन में यह भी पाया गया कि सोने के समय में भी 30 मिनट का फर्क दिखाई दिया। सभी तीनों समुदाय यह पाया गया कि पूर्मिणा और उसके आसपास की तीन से पांच रातों में लोग जल्दी सोने जाते थे और उनकी नींद की मात्रा भी सबसे कम थी।

शोधकताओं की टीन यह भी बताया कि अर्जेंटीना के टोबा संस्कृति में चंद्रमा को एक पुरुष माना जाता है जिसके महिलाओं के साथ शारीरिक संबंध होते हैं। महिलाओं में यह पहले मासिक चक्र का प्रतीक है और उसके समय को नियंत्रित करता है। इस समुदाय के एक बुजुर्ग की बताई लोक कथा के अनुसार चंद्रमा की चमक वाली रातें उच्च सेक्स गतिविधि का संकेत होती हैं।

# नेपाल में संसद भंग करने के खिलाफ 2 पूर्व प्रधानमंत्रियों ने शुरू किया प्रदर्शन

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के लिए संसद भंग करने का फैसला भारी पड़ता नजर आ रहा है। ओली के इस फैसले के बाद नेपाल में राजनीतिक संकट गहरा गया है।

पहले ओली को सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया और अब देश के दो पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल और माधव कुमार नेपाल ने ओली के इस फैसले के विरोध में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।दोनों पूर्व प्रधानमंत्री नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के एक गुट का नेतृत्व कर रहे हैं।उल्लेखनीय है कि पिछले साल 20 दिसंबर को तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने संसद के निचले सदन को भंग कर दिया था।

# किम जोंग उन की पत्नी पूरे साल से हैं गायब, तानाशाह पर ही उठी शक की सुई

**प्योंगयांग।** नार्थ कोरिया के तानाशाह शासक किम जोंग उन की पत्नी बीते एक साल से गायब बताई जा रही हैं। वे कब महीनों से सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आने के बाद अटकलें हैं कि किम जोंग ने ही उनको गायब करवा दिया है।जबकि, पश्चिमी मीडिया के अनुसार, किम जोंग की पत्नी री सोल जू का स्वास्थ्य काफी दिनों से खराब चल रहा है। कोरोना वायरस के संक्रमण के डर से भी उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहीं भी आना-जाना स्थगित किया हुआ है। कुछ महीने पहले किम जोंग उन को लेकर भी ऐसे ही कयास लगाए जा रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, किम जोंग उन की पत्नी री सोल-जू को आखिरी बार 25 जनवरी 2020 को देखा गया था। इस तारीख को वह उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में लूनर न्यू



ईयर परफॉर्मेंस के दौरान अपने पति किम जोंग के बगल में बैठी हुई थीं। तब से उन्हें किसी भी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भी नहीं देखा गया है। री सोल जू को कहीं भी अपनी मर्जी से जाने की इजाजत नहीं है। यहां तक कि उनकी अकेले की ऑफिशल ट्रिप्स भी न के बराबर होती हैं। उन्हें हमेशा पति किम जोंग उन के साथ ही देखा जाता है। री सोल जहां जाएंगी और कहां नहीं? यह भी पहले से तय किया जाता है।

10 अक्टूबर 2020 को प्योंगयांग में बड़े मिलिट्री परेड का आयोजन किया गया था। हर साल री सोल जू अपने पति के साथ इस कार्यक्रम में शरीक होती थीं, लेकिन इस साल वह नदारद रहीं। इसी के बाद उनके स्वास्थ्य को लेकर कई अटकलें तेजी से वायरल हैं।कई लोग आशंका जता रहे हैं कि किम जोंग उन ने उन्हें गायब करवा दिया होगा। कहा जाता है कि री को पब्लिक इवेंट्स में खासतौर से तब लाया जाता है जब किम जोंग उन के सॉफ्ट साइड को दुनिया को दिखाना होता है।इतना ही नहीं, पत्नी के साथ होने पर किम के लिए कपड़े भी ज्यादा स्टाइलिश चुने जाते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया के लोग री सोल जू को लेकर तीन तरह की अटकलें लगा रहे हैं। पहला- देश की प्रथम महिला किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का सामना कर रही हैं। दूसरा- लोगों का मानना है कि किम जोंग की चाची किम क्यूंग-हुई की तबीयत बेहद खराब है और री सोल जू उनकी देखभाल कर रही हैं। तीसरा- री अपनी बेटी की शिक्षा पर फोकस कर रही हैं, क्योंकि उसने हाल में ही स्कूली शिक्षा शुरू की है। बता दें कि किम जोंग उन ने साल 2011 में अपने पिता की मौत के बाद उत्तर कोरिया की सत्ता संभाली थी। इस दौरान उनके चाचा जैंग सोंग-थेक जो उत्तर कोरिया में सुधार कार्यक्रम को चलाना चाहते थे उनकी किम जोंग से खटपट हुई। जिसके कारण किम ने 2013 में अपने चाचा को मरवा दिया था। कहा जाता है कि उनकी पत्नी की देखभाल अब किम जोंग उन की पत्नी करती हैं।

# पाकिस्तान को मुफ्त में मिलेगा भारत में बना कोरोना टीका, 1.70 करोड़ डोज का रास्ता साफ

**इस्लामाबाद।** देर से ही सही, लेकिन पाकिस्तान में भी अब कोरोना टीकाकरण का रास्ता साफ होता जा रहा है। पाकिस्तान की इमरान सरकार अभी तक कोरोना टीके का एक भी डोज खरीद तो नहीं पाई है, लेकिन चीन ने उसे 5 लाख डोज मुफ्त में दी है, जिसे लाने के लिए पाकिस्तान से विमान भेजा गया है। चीनी डोज के पाकिस्तान पहुंचने से पहले पाकिस्तान उस समय गदगद हो गया, जब उसके लिए 1.70 करोड़ भारतीय टीके मुफ्त मिलने का रास्ता साफ हो गया। उसे कोवाक्स प्रोग्राम के तहत यह खैरात मिलने जा रही है। पाकिस्तान ने सबसे पहले ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी की ओर से तैयार किए गए टीके कोविशील्ड को ही सबसे पहले आपातकालीन मंजूरी दी, लेकिन इमरान खान की सरकार के खजाने में ना तो इतने रुपए हैं कि वे टीके खरीद सकें और ना ही इतनी हिम्मत की भारत सरकार से टीका मांग ले। हालांकि, पाकिस्तान ने इसे बैकडोर से पाने की कोशिश के तहत राज्य सरकारों और निजी सेक्टर को खरीद की छूट दे दी थी।

इस बीच रविवावर को इमरान खान के विशेष विशेष सहायक (स्वास्थ्य) डॉ फैसल सुल्तान ने घोषणा की कि अगले महीने (फरवरी) से पाकिस्तान को एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन भी मिलने जा रही है। उन्होने बताया कि 60 लाख डोज की डिलिवरी मार्च तक हो जाएगी तो जून तक 1.70 करोड़ डोज मिल जाएंगे।

# युवा ब्राह्मण सभा द्वारा प्रथम परमवीरचक्र विजेता शहीद को किए श्रद्धा सुमन अर्पित

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी



अलवर। युवा ब्राह्मण सभा परिवार के सदस्यो प्रथम परमवीरचक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा की जन्मतिथि पर आज विचार गोष्टि कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने बताया युवा ब्राह्मण सभा परिवार के कार्यकताओं द्वारा विचार गोष्टि के द्वारा भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर आत्मिक शांति की प्रार्थना की गई । इस दौरान दिनांक 29 जनवरी को जम्मू के उड़ी में आतंकवादी हमले में शहीद हुए 19 वर्षीय सैदपुर भिवाडी निवासी शहीद निखिल दायमा की आत्मिक शांति के लिये 2 मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई । सभा के प्रवक्ता शिवचरण कमल ने बताया प्रथम परमवीरचक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा का जन्म 31 जनवरी 1923 को हुआ , भारतीय सेना की कुमाऊँ रेजिमेंट की चौथी बटालियन के डेल्टा कंपनी के कम्पनी कमांडर थे , पाकिस्तान से युद्ध के दौरान दुश्मन के करीब 500 लोगो के सामने मेजर सोमनाथ की टुकड़ी बहुत छोटी रह गई थी उसके बावजूद बहादुरी का परिचय देते हुए मेजर सोमनाथ शर्मा ने कहा में एक इंच भी पीछे नही हटूंगा और अपनी आखरी गोली और आखरी सैनिक तक डाटा रहूँगा युद्ध के दौरान 3 नवम्बर 1947 को वीरगति को प्राप्त हो गए । विचार गोष्टि में महेश उपाध्याय द्वारा मेजर सोमनाथ की जीवनी पर प्रकाश डाला । विचार गोष्ठी में युवा ब्राह्मण सभा परिवार अध्यक्ष आकाश मिश्रा , शिवचरण कमल , महेश उपाध्याय , नवीन मिश्रा , पियुष , आरडी शर्मा , तरुण शर्मा,एड.यशपाल दीक्षित , मोहित शर्मा एवं निखिल शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# विप्र परशुराम शक्ति संगठन देशभर में मातृशक्ति को जोड़ने का चलाएंगे अभियान

» मदरलैंड संवाददाता



जयपुर। विप्र परशुराम शक्ति संगठन सम्पूर्ण देश में ब्राह्मण मातृशक्तियों को जोड़ने का कार्य करेगा संगठन की राष्ट्रीय प्रधान अध्यक्षा विश्वविख्यात ज्योतिषाचार्य सरस्वती गौड़ ने बताया विप्र परशुराम शक्ति संगठन देश प्रदेश जिला ब्लॉक स्तर पर मातृशक्तियों को जोड़कर एक दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित किया जाएगा समाज मातृशक्तियों द्वारा छोटी छोटी टीम गठित करके प्रकार के जैसे चिकत्सा शिक्षा एवं व्यापार अन्य प्रकोष्ठ बनाकर एक दूसरे की मदद करने का कार्य करेंगे वहीं संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भारती वैशणव ने बताया हम लोग अभी सभी प्रदेश स्तर जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर महिलाओं को जोडने का कार्य कर रहे है सभी मातृशक्ति को जोड़कर बाल विवाह को रोकना एवं शिक्षा व रोजगार दिलाने का प्रयास हमारा संगठन करेगा ताकि मातृशक्ति अपने आप में सक्षम हो सके एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकें यही विप्र परशुराम शक्ति संगठन का मुख्य उद्देश्य है !

## संक्षिप्त समाचार

### निराशाजनक और दिशाहीन बजट: श्रम राज्य मंत्री

मदरलैंड संवाददाता, अलवर श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने आम बजट को पूरी तरह से निराशाजनक बताते हुए कहा कि आमजन इस बजट से खुद को ठगा महसूस कर रहा है। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण नही कर मंहगाई को और बढ़ाने का काम किया है ।यह बजट गरीब व मध्यम वर्ग की आर्थिक कमर तोड़ने वाला है । कोरोना काल से आर्थिक रूप से परेशान आमजन के लिये इस बजट में कुछ नहीं है. महंगाई बढ़ाने वाला बजट है । बजट में बेरोजगारी की समस्या को रोकने के लिए कोई योजना नहीं है । वित्त मंत्री स्वयं एक महिला हैं । देश की महिलाओं को इस बजट से बहुत उम्मीद थी, लेकिन वे पूरी नहीं हुई हैं । सरकार की ओर से मिडिल क्लास के लिए टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया है । विदेशी निवेश को बढ़ाकर बीजेपी सरकार राष्ट्रीय संसाधनों को बड़े औद्योगिक घरानों और मल्टी नेशनल कंपनियों को सौंपने वाली है । कृषि बजट में 6 फीसदी कटौती और प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना के बजट में 13 प्रतिशत की कटौती करना कृषि और किसानों विरोधी होने को स्पष्ट दशार्ता है ।गरीब लोगों रोजगार के माध्यम मनरेगा के बजट में 42 प्रतिशत की कटौती करना केंद्र सरकार की असंवेदनशीलता दशार्ता है । अलवर सहित पूर्वी राजस्थान बजट में अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है । ईस्टर्न राजस्थान कैनाल परियोजना (ईआरसीपी) जिसको राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा इस बजट में राजस्थान के भाजपा के सांसद नही दिला पाए ।

### अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए भामाशाहों ने दी सहयोग राशि



मदरलैंड, रेखचन्द्र भारद्वाज, भरतपुर जुरहरा । अयोध्या में चल रहे भव्य श्री राम मंदिर निर्माण की तैयारियों के तहत मंदिर निर्माण धनसंग्रह समिति जिला भरतपुर के तत्वाधान में रविवार को आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक बाबूलाल व पूर्व मंत्री जवाहर सिंह बेढम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जुरहरा कस्बे से सहयोग राशि एकत्रित की । जिसके तहत तोताराम-रामकिशोर खंडेलवाल के द्वारा 1510000/रुपए का चेक व पारसचंद-संदीपकुमार जैन के द्वारा रुवए 101000 की सहयोग राशि धन संग्रह समिति को सौंपी गई । इस दौरान कस्बे के गणमान्य लोग व स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# श्रीराम मंदिर निर्माण निधि के तहत दानदाता आ रहे हैं आगे



» मदरलैंड, हीरालाल भूरानी

खैरथल। श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के तहत क्लीयर विजन आई केयर खैरथल के निदेशक व लायंस क्लब खैरथल मंडी के पूर्व अध्यक्ष लायन डॉ रिंकू मेहता ने 21,000 का चेक निजी आय में से किशनगडबास के पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव,लायंस क्लब खैरथल मंडी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन अभिषेक गोयल,योगेश गोयल,चेतन अग्रवाल व रजनेश डाटा को भेंट किया। डॉ मेहता ने कहा कि मन में,हृदय में,कण कण में प्रभु श्रीराम विराजमान है। प्रभु श्रीराम हमारी आस्था और भक्ति का मार्ग है। श्रीराम हमारी संस्कृति और मयार्दाओं के प्रतिक है। सभी श्रीराम भक्तों से निवेदन है कि वह भी श्रीराम मंदिर निर्माण भव्य उत्सव में अपना योगदान दें और आमजन को भी योगदान देने के लिए प्रेरित करें। इधर, दूसरी टोली पूरण मंगलानी के नेतृत्व में कस्बे के आनन्द नगर कालोनी के वार्डो में जाकर श्रीराम मंदिर निर्माण निधि एकत्रित कर रहे हैं। इनके साथ यश भूरानी, मोहित भूरानी,हर्ष भूरानी, हिमांशु गुरनानी,ज्ञान सिंह व प्रशांत शर्मा अपना सहयोग दे रहे हैं।

# संकट चतुर्थी को महिलाओं व नवविवाहित युवतीयो ने चौथ माता का पुजन कर वृत रखा



» मदरलैंड नागपाल शर्मा

माचाड़ी कस्बे में बावन देवजी के मंदिर पर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में माह मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को महिलाओं व नवविवाहित युवतीयो ने चौथ माता का पुजन कर वृत रखा। पं.लक्ष्मीकांत पाराशर अशोक शर्मा पं. राजेश शर्मा ने बताया कि महिलाएं व नवयुवती महिलाए सुबह स्नान आदि कर चौथ माता के मंदिर मे पूजा अर्चना कर गुड तिल्ली से बने व्यंजनों का भोग लगाकर कहानी सुनती है। चँद्रमा के निकलने तक वृत रखती है । चँद्रमा के निकलने के बाद चँद्र दर्शन कर उसकी पुजा कर चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपने पति का चेहरा देखकर उनके चरणों को छूकर आशीर्वाद लेती है तथा अपने परिवार के सभी सदस्यो को खाना खिलाने के बाद व्रत खोलती है। इस अवसर पर चौथ माता के मंदिर में महिला व नवयूवतीयो की अच्छी खासी भीड़ रहती है इस अवसर पर इस अवसर पर पार्वती देवी शांति देवी, पुष्पा शर्मा, रानू शर्मा, रेखा सेन, कमलेश गुप्ता, बीना देवी सहित अनेक महिलाएं चौथ माता के मंदिर में उपस्थित रही।

# मनोहरसिंह नायक बने अलवर जिलाध्यक्ष



» मदरलैंड, सुनील शर्मा

नारायणपुर । कस्बा के निवासी भूतपूर्व अध्यापक मनोहरसिंह नायक को अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक लोहारा के निदेर्शानुसार प्रदेश अध्यक्ष नारायण नायक के द्वारा मनोहरसिंह नायक को अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद राजस्थान के अलवर जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर कार्यभार सौंपा गया। महापरिषद को विश्वास है कि उनके अथक परिश्रम, समर्पण एवं अनुभव से संगठन को आगे बढ़ाने तथा समाज में एकता स्थापित करने में सक्षम होंगे। इससे पूर्व मनोहरसिंह नायक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा नारायणपुर में कार्य किया तथा कई वर्षों से नारायणपुर में की जाने वाली आदर्श रामलीला मंडल में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अहम भूमिका के रूप में कार्य किया गया। पदभार मिलने पर समाज के लोगों में खुशी का माहौल है।

# खेल को खेल की भावना से खेले: रावत

» मदरलैंड, मयंक जोशी



नीमूचाना में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि।

बहरोड़। बानसूर विधानसभा के नीमूचाना मंडल में स्थित जिला परिषद वार्ड नंबर 14 के ग्राम पंचायत बिलाली कराणा के गांव नवलपुरा में श्री देवनारायण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला अलवर उत्तर के जिला संयोजक जलेसिंह रावत व विशिष्ठ अतिथि भाजयुमो जिला संयोजक जगजीत सिंह यादव रहे। मुख्य अतिथि रावत सहितक्षेत्रके सैकड़ोंजनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला संयोजक व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलेसिंह रावत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावनाओं से खेलना चाहिए। खेल में किसी प्रकार का मतभेद नहीं हो, युवा शक्ति क्षेत्र, प्रदेश, सम्पूर्ण देश के हर वर्ग विशेष, हर संगठन की रीढ़ की हड्डी होती है साथ ही मुख्य अतिथि रावत ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व युवाओं का आभार जताया कि इस तरह का खेल खेलते रहे। विरिष्ठ अतिथि रहे भाजयुमो जिला संयोजक जगजीत सिंह यादव ने भी युवाओं को संबोधित किया। समारोह में उपस्थित रहे बिलाली ग्राम पंचायत सरपंच जनप्रतिनिधि हंसराज, कराणा सरपंच भंवरी देवी, पंचायत समिति सदस्य लट्टूर मल, कारोली पूर्व सरपंच रामकरण चैहान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी रहे रामस्वरूप मुक्कड़, वेदप्रकाश चैधरी, ओमप्रकाश सराधना, रणजीत सिंह कसाणा, मनोज पहलवान, डॉ करणसिंह यादव, भाजपा मंडल महामंत्री विजय गोठवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्री राम मन्दिर निर्माण के लिए 555555 रुपए समर्पण किये



मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़। श्री राम मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के तहत समाजसेवी इंदर यादव श्रीकृष्ण नगर बास, मुंडावर विधानसभा ने 555555 रुपए राम मन्दिर के लिए समर्पण किए। इस दौरान जैनेंद्र पुंडीर, जगदीश गुरुजी, यशवंत, चेतन तनवानी, धर्मेंद्र यादव, बजरंग यादव सहित संघ के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# ड्यूटी पर हार्ट अटैक से हुआ लांस नायक का निधन

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़ उपखण्ड के गूगड़िया गॉव में लांस नायक का अंतिम संस्कार करते।

बहरोड़ उपखण्ड के गूगड़िया गॉव निवासी चन्दीगढ़ में तैनात लांस नायक संजय कुमार यादव की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उनके पैतृक गॉव गूगडिया में सोमवार को सैनिक सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार।

जानकारी के अनुसार बहरोड़ उपखण्ड के गूगडिया गॉव निवासी सेना में लांस नायक के पद पर कार्यरत संजय कुमार यादव का 30 जनवरी को दोपहर में लंच करने के बाद हदय घात लगने से निधन हो गया।

जिन की पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचने पर उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके 12 वर्षीय पुत्र अनीश यादव ने मुखाग्नि दी। सैनिक के बड़े भाई सेवानिवृत सूबेदार मेजर मामचंद यादव बताया ने कि उनका छोटा भाई लांस नायक संजय कुमार यादव वर्ष 2001 में पुणे सेंटर से इंजीनियरिंग रेजीमेंट में भर्ती हुआ था। वर्तमान में 105 इंजीनियरिंग रेजिमेंट चंडीगढ़ में तैनात था।

30 जनवरी शनिवार को दोपहर में लंच करने के बाद उनकी छाती में दर्द हो गया था।

जिसे अधिकारियों के द्वारा कमांड अस्पताल ले जाया गया।

जहां हृदय घात लगने से उनका निधन हो गया।

अंतिम संस्कार में ग्राम पंचायत नांगल खोडिया सरपंच कृष्णा कुमार, बसई के पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार मीणा सहित पूर्व सैनिक और इंजीनियरिंग रेजीमेंट से आए अधिकारी मौजूद रहे।

# बहरोड कबड्डी लीग सीजन दो मे सोमवार की शुरूआत बराबरी से हुई

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़ कबड्डी लीग में मैच खेलते खिलाड़ी।

बहरोड़। दिनांक 31 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित होने वाले बहरोड़ कबड्डी लीग सीजन दो के दूसरे दिन सोमवार को काका मार्केट बहरोड़ में बहरोड कबड्डी लीग सीजन दो में चार टीमें भाग ले रही है। कबड्डी किंग बहरोड, राठ वारियर्स मिलकपुर, गोगा बाबा हमिन्दपुर, अमन रॉयल जखराना। लीग के दूसरे दिन के बारें में कृष्ण यादव कबड्डी कोच ने बताया की शुरूआती मैच गोगा बाबा हमिन्दपुर और अमन रॉयल जखराना के बीच 27-27 बराबरी पर खत्म हुआ। अगले मैच में अमन रॉयल जखराना ने कबड्डी किंग बहरोड़ को 36-30 से हराया। उसके बाद हुआ मैच राठ वारियर्स मिलकपुर एवं गोगा बाबा हमिन्दपुर के बीच 36-36 बराबरी पर खत्म हुआ। अगले मैच में गोगा बाबा हमिन्दपुर ने कबड्डी किंग बहरोड को 41-39 से हराया एवं अमन रॉयल जखराना ने राठ वारियर्स मिलकपुर को 50-31 से हराया। इसके बाद राठ वारियर्स मिलकपुर ने कबड्डी किंग बहरोड को 36-31 से हराकर सीधे सेमी फाईनल मे प्रवेश किया। लीग के प्रत्येक मैच में बेस्ट प्लेयर को न्यू रॉयल ब्राण्ड बहरोड़ की तरफ से जरसियां भेट की जा रही है। इन्दू हास्पिटल नीमराना से डा. अशोक, यशवन्त सिंह, अरुण शर्मा द्वारा पूरे आयोजन मे निस्वार्थ चिकित्सा सेवा एवं मडिकल किट उपलब्ध करवाई गई। आज के आयोजन में डा.पप्पु, नवीन यादव, धर्मपाल, राजेश किंजल मोटर, भूपसिंह राव स्पोर्टस, राजेश, सत्यवीर, सुरेंद्र, भूपसिंह, कृष्ण यादव, राहुल यादव योगा, अक्षय, अनुराग, राजेंदर, मंजीत, नन्दराम उर्फ सरपंच माँचल एवं निर्णायक मण्डल में राजेश खिलाडी, कृष्ण यादव, घासीराम, डी.पी. यादव एवं कोमंन्टेटर दिवान जखराना रहे।

# राजस्थान पटवार उप शाखा बहरोड़ ने मांगों के लिए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़ में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते पटवार संघ।

बहरोड़। राजस्थान पटवार संघ प्रांतिय आह्वान पर बहरोड़ पटवार संघ ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र के साथ ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि राजस्थान पटवार संघ प्रांतिय आह्वान पर पहले 15 जनवरी को पटवारियों ने अतिरिक्त हल्कों से बस्ते जमा किये हुए हैं। लेकिन सरकार फिर भी हमारी विभिन्न मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। जिसको लेकर पुनः 30 जनवरी को हुई राजस्थान पटवार संघ प्रांतिय बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें ये निर्णय लिया गया है कि पटवारियों के अतिरिक्त हल्कों के बस्ते यथावत जमा रहेंगे। साथ ही जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है तब तक जितने सरकारी व्हाटसप ग्रुप सहित सोशल मीडिया से सभी पटवारी लैफ्ट हो रहे हैं। ऑन-लाईन क्रोप कटिंग का सम्पूर्ण बहिस्कार किया जायेगा तथा राजकीय अवकाश के दिन काम नहीं किया जायेगा। 8 फरवरी को सभी संभाग मुख्यालयों पर रैली लाल बस्ता सड़क पर का आयोजन किया जायेगा व धरना दिया जायेगा। फिर भी सरकार नहीं मानती है तो 28 फरवरी को आंदोलन की आगामी रणनीति तैयार की जायेगी। उपखण्ड के सभी पटवारी उक्त कार्यक्रमों में अपनी पूर्ण भागीदारी दर्ज करवायेंगे। यदि राज्य सरकार राजस्थान पटवार संघ से हुए समझौतों को लागू करते हुए विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो पटवार संघ 28 फरवारी को आंदोलन को उग्र करने के लिए रणनीति तैयार करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन और राज्य सरकार की होगी।

# मोहित यादव पर हमले के आरोपियों की शिनाख्त परेड करवाई

» मदरलैंड संवाददाता




शिनाख्त परेड के समय बहरोड़ जेल के बाहर उपस्थित लोग।

बहरोड़। भाजपा नेता मोहित यादव पर हुए हमले को लेकर सोमवार को बहरोड़ पुलिस की ओर से पकड़े गये आरोपियों की शिनाख्त परेड करवाई गई। मोहित यादव ने जेल पहुंचकर उन चारों आरोपियों को पहचान लिया। जिन्होंने उन पर हमला किया था।

मोहित यादव ने बताया कि आज पुलिस प्रशासन की ओर से आरोपियों की शिनाख्त करवाने के लिए मुझे लाया गया था। मैने उन चारों हमलावरों को पहचान लिया और तहसीलदार के सामने बता दिया कि ये लोग उस समय मेरे को मारने वालों में वहॉ पर थे और विधायक बलजीत यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक ने मुझे मारने के लिए पूरी प्लानिंग के साथ अपने 11 गुण्डों को भेजा। जिन्होंनें मुझे मारने की पूरी कोशिश की। इस दौरान पूर्व मंत्री डा. जसवंत यादव, अजीत सिंह ठेकेदार, राजू सेठ, गजराज यादव, संजय मीर, दीपक शर्मा, मुन्ना खोहरी, आईटी सेल प्रभारी सुनील दत्त शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रभारी जिला मंत्री के समक्ष उठी चकबंदी में भ्रष्टाचार की समस्या

» मदरलैंड संवाददाता



हरिद्वार। प्रभारी जिला मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को विधायकों व पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक कर समस्याएं सुनी। इस दौरान प्रभारी मंत्री के सामने चकबंदी में भ्रष्टाचार की बात भी उठी। जिस पर प्रभारी मंत्री ने संज्ञान लिए जाने की बात कही। पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति, सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने जिलाधिकारी सी रविशंकर, मुख्य विकास अधिकारी, विनीत तोमर की मौजूदगी में प्रेमनगर आश्रम में समस्या निस्तारण बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि सरकार और पार्टी कार्यकर्ता जनता की समस्याओं के निवारण के लिए प्रशासन के अधिकारियों को फोन करते हैं या मिलते है ऐसे में विभागीय अधिकारियों को जन भावनाओं का सम्मान रखते हुए कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनना चाहिए और यथा सम्भव प्रयास करने चाहिए। अधिकारी सेवा और सद्भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की छवि सहायता और सत्कार करने वाले राज्य के रूप में स्थापित है उसी के अनुसार आचरण जनता और कार्यकताओं से किया जाना चाहिए। बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये कार्यकताओं ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। मंत्री ने लिखित और मौखिक रूप से प्राप्त शिकायतों पर अधिकारियों को प्रतिक्रिया ली और निस्तारण के आदेश दिये। सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग से सम्बधित शिकायतों को दर्ज कर शीघ्र निस्तार की बात कही। होटल व्यवसायियों ने होटल लाइसेंस प्रक्रिया के सरलीकरण किये जाने की मांग की।

लाइसेंस प्राप्त करने में फायर विभाग की एनओसी प्राप्त न हो पाने से भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री ने इस पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देश दिये। कुम्भ मेला प्रशासन की ओर से किये जा रहे वॉल पेंटिंग में संस्कृत की सुक्तियों को शामिल किये जाने, जिले में नशे की गिरफ्त में जाती युवा आबादी को बचाने, आबादी क्षेत्र में सीपीयू द्वारा चालान न काटे जाने, तहसील व ब्लॉक स्तर पर बहुद्देशीय सहायता शिविर आयोजित किये जाने सम्बंधि अनेक समस्याएं कार्यकताओं ने उठाई। जिन पर जिलाधिकारी ने कार्रवाई अमल में लाये जाने की बात कही। रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा ने अक्टूबर से नवम्बर के त्योहारी सीजन जिसमें दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली, छठ पूजा जेसे गंगा पर्व आदि पड़ते है में गंगा बंदी न किये जाने तथा गंगा बंदी का समय परिवर्तित किये जाने की मांग की। झबरेड़ा विधायक देशराज कर्णवाल ने इकबालपुर चीनी मिल से बकाया गन्ना भुगतान व झबरेड़ा क्षेत्र में एनएच द्वारा राज्य सेक्टर की सड़कों को क्षतिग्रस्त किये जाने की शिकायत की। शीघ्र इनके निर्माण की मांग की। रानीपुर विधायक आदेश चैहान ने कहा कि हरिद्वार भी उत्तरखण्ड का हिस्सा है हरिद्वार में भी अन्य जनपदों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों को एचआरडीए से बाहर किया जाये। लक्सर विधायक संजय गुप्ता ने बाण गंगा की स्वच्छता और अविरलता पर कार्य की आवश्यकता बताई। ज्वालापुर विधायक सुरेश राठौर ने इकबालपुर तक नहर बनाने, बंजारावाला में चैक डेम बनाने की मांग की। विधायक यतीश्वरानंद ने जल जीवन मिशन में विभागों के तेजी से कार्य व ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किये जाने की मांग की। बैठक में मेयर रूड़की नगर निगम गौरव गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष जयपाल चैहान, जिला महामंत्री आदेश सैनी, विकास तिवारी, ओमप्रकाश जमदग्नि, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री चतरसेन, जिला मंत्री आशीष कुमार, सतीश नेगी मौजुद रहे।

# बाइक रैली निकाल किया यातायात नियमों को जागरूक

» मदरलैंड संवाददाता




रूड़की। सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए सोमवार को शहर में बाइक रैली निकाली गई। विधायक प्रदीप बत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इससे पहले विधायक ने लोगों को यातायात के नियमों का पालन कराने की शपथ दिलवाई। लोगों से अपील की कि सुरक्षित सफर को यातायात नियमों का पालन करें। इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करें। विधायक ने कहा कि देश में आज अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं का कारण नशा, नींद, तेज रफ्तार ही है। जिस कारण हर दिन लोग असमय सड़क दुर्घटनाओं का शिकार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। दुपहिया वाहन पर हेलमेट बेहद जरूरी है। इससे खुद की ही सुरक्षा है। ट्रिपल राईडिंग न करें। बाईक चलाते समय गति का ध्यान रखें, मोबाईल पर बात न करें। इससे दूसरे भी खतरे में पड़ जाते हैं। आदर्श नगर से शुरू हुई बाइक रैली पूरे शहर में घुमी। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि हम सब का कर्तव्य है कि यातायात के नियमों का पालन करे। जिससे कि खुद भी दुर्घटना से बचें और औरों को भी दुर्घटना से बचाएं। इस अवसर पर एआरटीओ ज्योति शंकर मिश्रा, यातायात निरीक्षक मोहम्मद अकरम, उप निरीक्षक योगेश सक्सेना, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन चैधरी, पार्षद प्रतिनिधि सचिन कश्यप, हर्षित गर्ग, शोभित गुप्ता, कुणाल सचदेवा, मयंक मेंहदीरत्ता, भूपेंद्र पाल मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों ने किया एसओसी का घेराव, प्रदर्शन

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। भारतीय किसान यूनियन रोड गुट ने एसओसी का घेराव करते हुए हंगामा किया। किसानों ने आरोप लगाया कि 50 साल से गांव में चकबंदी चल रही है, लेकिन विभागीय अधिकारी भ्रष्टाचार के चलते प्रक्रिया को पूरा नहीं कर रहे हैं। इतना ही नहीं केल्हणपुर गांव में 16 किसानों को मृत दिखाकर उनकी जमीन तक बेच दी गई पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष पद्म सिंह रोड के नेतृत्व में सोमवार को किसान नारेबाजी करते हुए चकबंदी विभाग के जिला बंदोबस्त अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड का चकबंदी विभाग किसानों को बर्बाद करने पर तुला है। भ्रष्टाचार के मामले में विभाग ने सबको पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तीन साल पहले शासन ने एसआइटी गठित कर जांच कराई थी। चकबंदी विभाग के अफसरों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। केल्हणपुर गांव में 16 किसानों को मृत दिखाकर उनकी जमीन बेच दी गई। मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी बीच जिला बंदोबस्त अधिकारी दीवान सिंह नेगी ने किसानों को वार्ता के लिए बुला लिया। वार्ता के दौरान किसानों ने एसओजी पर कई गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर नोकझोंक हुई। बाद में किसी तरह मामले को शांत करते हुए भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष पद्म सिंह रोड ने कहा कि विभाग किसानों की जायज समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें वरना किसान अब चकबंदी विभाग के दफ्तरों पर तालाबंदी करते हुए अफसरों को बंधक बनाएंगे। जिला बंदोबस्त अधिकारी ने किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्याएं निस्तारित की जाएंगी।

### युवती पर लगा चोरी का आरोप

मदरलैंड संवाददाता, पिरान कलियर। मेहवड़ खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर पड़ोस में रहने वाली एक युवती पर घर से गहने चैरी करने का आरोप लगाया हैं। पुलिस ने युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। ग्रामीण अनुज सैनी ने ईमलीखेडा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोस में रहने वाली एक युवती उसकी पत्नी के पास आई और उससे साड़ी मांगने के बहाने से घर के अंदर चली गई। कमरे में दरवाजे की कुंडी लगाकर अलमारी में रखें सोने के गहने को साड़ी में लपेटकर चोरी कर फरार हो गई। ईमलीखेडा चैकी प्रभारी गम्भीर सिह तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई हैं।

### चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने शेखपुरी में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है जबकि उनका एक साथी फरार होने में कामयाब हो गया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर चोरी हुआ करीब 80 हजार का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस फरार आरोपित को दबोचने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# व्यापार मंडल चुनाव दो सप्ताह के लिए स्थगित

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के चुनाव दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने व्यापार मंडल चुनाव समिति को चुनाव संविधान की रिपोर्ट सौंपने और आपत्तियों के निस्तारण तथा छूटे व्यापारियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी के आदेश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने व्यापार प्रतिनिधि मंडल पदाधिकारियों की बैठक ली। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने चुनाव समिति को कैंप लगाकर मतदाता सूचियों में आई त्रुटियों को दूर करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पार्षद रविंद्र खन्ना ने जानबूझकर उन्हें सदस्य नहीं बनाने और मतदाता सूची में फर्जी तरीके से वोट बनाए जाने का आरोप भी लगाया। विशाल गांधी ने भी फर्जी वोट बनाए जाने का मामला उठाया। जिलाध्यक्ष सौरभ भूषण ने कहा कि करीब डेढ़ वर्ष तक लगातार सदस्यता अभियान चलाया और एक-एक दुकान पर जाकर व्यापारियों को सदस्यता दिलाई। कुछ लोग जानबूझकर चुनावी प्रक्रिया को टलवाना चाहते हैं और बाजार का माहौल खराब करना चाहते हैं। चुनाव प्रभारी प्रमोद गोयल ने कहा कि 7 फरवरी को मतदान होना है और इससे पहले समस्याओं का निस्तारण कर देंगे। कुछ व्यापारियों ने मतदाता सूची में दो-दो बार एक ही व्यापारी के नाम होने की बात भी उठाई। मजिस्ट्रेट ने मंडल पदाधिकारियों से मंडल के संविधान की प्रति देने की बात कही। कहा कि चुनाव 15 दिन आगे बढ़ा दिया गया है। इस बीच सभी आपत्तियों की सुनवाई करनी होगी। इस मौके पर एएसडीएम पूर्ण सिंह राणा, नगराध्यक्ष अरविंद कश्यप, आकाश गोयल, हर्षित, हरदीप सिंह, राहुल शर्मा, आकाश गोयल, प्रवीण मेंदीरत्ता, प्रदीप पाल, मोहित सोनी मौजूद रहे।

# दुष्यंत अध्यक्ष, रोहित महासचिव, सुनील बने उपाध्यक्ष

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। देवभूमि पत्रकार यूनियन, रजि. के सर्वसम्मती से चुनाव सम्पन्न हो गए। जिलाध्यक्ष पद पर दुष्यंत शर्मा, महासचिव पद पर रोहित, उपाध्यक्ष पद सुनील शर्मा चुने गए हैं। गगन कुमार प्रचार मंत्री एवं दिनेश कुमार, अमर मौर्या, अनिल त्यागी, प्रमोद कुमार, हनीफ सलमानी व श्रवन गिरी सदस्य कार्यकारिणी चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव को अधिकृत किया कि वे परस्पर सहमति से कार्यकारिणी के शेष पदों पर मनोनयन कर 21 सदस्यीय कार्यकारिणी संस्तुति हेतु प्रदेश मुख्यालय को प्रेषित करें। सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार श्रीगोपाल नारसन (एडवोकेट) को संरक्षक घोषित किया गया। जिसका सभी उपस्थित पत्रकारों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। चुनाव सम्पन्न कराने हेतु चुनाव अधिकारी घनश्याम गुप्ता का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय जायसवाल व संचालन प्रदेश महासचिव डॉ. वीडी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अनिल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, रवि अरोड़ा प्रदेश सचिव व शशिकांत मिश्रा प्रदेश प्रचार मंत्री, दीपक गुलानी जिला महासचिव देहरादून, नीलेश, प्रमोद कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, गगन धीमान, दिनेश कुमार, अमर मौर्य, डाल चंद्र, अनिल कुमार त्यागी, हर्ष हसीन, सौरभ गुप्ता उपस्थित थे। अंत में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दुष्यंत शर्मा ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

# किशोरी बरामद, युवती, महिला लापता, शादी कर लौटी छात्रा

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। संदिग्ध हालत में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने एक युवक के साथ गाजियाबाद से बरामद कर लिया है। उधर लापता छात्रा शादी कर लौट आई है। वहीं एक युवती व 4 बच्चों की मां लापता हो गई है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र की एक किशोरी 21 अक्टूबर लापता हो गई थी। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। बाद में मामले को अपहरण में तरमीम किया गया। मामले की विवेचना कर रही महिला दारोगा अंशु चैधरी के मुताबिक किशोरी के गाजियाबाद में किसी युवक के साथ होने की जानकारी लगी। इस पर पुलिस ने किशोरी की लोकेशन ट्रेस कर उसे बरामद कर लिया। हालांकि आरोपी युवक मौके से भाग निकला। पूछताछ में किशोरी ने अपने परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किशोरी के मुताबिक यदि वह नाबालिग है तो दो वर्ष पूर्व परिजनों ने उसकी शादी दिल्ली निवासी एक युवक के साथ कैसे कर दी। 3 महीने वह ससुराल में रही लेकिन ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करते रहे। जिसके चलते वह वहां से निकल आई। इसके बाद परिजनों ने एक बार फिर उसे हरियाणा के कुछ लोगों को बेच दिया। इसका चलने पर वह एक साथी के साथ वहां भाग निकली। कोतवाल यशपाल सिंह बिष्ट का कहना है कि किशोरी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। उधर नारसन क्षेत्र से 10 दिन पूर्व लापता हुई छात्रा शादी कर अपने प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंची। छात्रा ने खुद को बालिग बताते हुए विधिवत रूप से शादी की बात कही है। पुलिस के अनुसार नारसन क्षेत्र से 22 जनवरी को 21 वर्षीय युवती कंप्यूटर कोचिंग के लिए गई थी लेकिन वापस नहीं आई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। रविवार को छात्रा प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंच गई। छात्रा ने खुद को बालिग बताते हुए अपनी मर्जी से जाने और शादी करने की बात कही। वहीं संदिग्ध हालत में एक युवती लापता हो गई है। परिजनों ने कस्बे के ही एक युवक पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। झबरेड़ा क्षेत्र से 4 बच्चों की मां भी प्रेमी संग फरार हो गई है। महिला के पति ने थाने में तहरीर दी है। ग्राम खरकड़ी दयाला निवासी ग्रामीण के मुताबिक उसकी पत्नी गांव के ही युवक सोनू के साथ घर में रखी नगदी व जेवर लेकर फरार हो गई है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार का कहना है कि महिला की तलाश शुरू कर दी गई है।

# महापंचायत की सफलता को किसान संगठनों ने किया जनसंपर्क

» मदरलैंड संवाददाता



मंगलौर। गुड मंडी में आयोजित किसान महापंचायत के लिए भारतीय किसान यूनियन, उत्तराखण्ड किसान मोर्चा व अन्य संगठन क्षेत्र में जनसंपर्क में लगे हैं। किसानों के साथ आम लोगों से भी आंदोलन में शामिल होने की अपील की जा रही है। लोगों को कृषि कानूनों के नुकसानों के बारे में समझाया जा रहा है। 3 फरवरी को गुड़ मंडी मंगलौर में किसान महापंचायत प्रस्तावित है। इसके लिए भाकियू, उकिमों व अन्य किसान संगठन क्षेत्र में जुटे हैं। उत्तराखण्ड किसान मोर्चा अध्यक्ष गुलशन रोड़ व कोषाध्यक्ष पप्पू भाटिया के नेतृत्व में टीमें गांव में पहुंचकर किसानों से संपर्क कर उन्हें महापंचायत में पहुंचने के लिए प्रेरित कर रही है। आम लोगों से भी किसान आंदोलन में जुड़ने तथा किसान आंदोलन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह किसान की नहीं बल्कि मजदूर, गरीब व आम आदमी की लड़ाई है। भाकियू प्रदेश महामंत्री चैधरी रवि कुमार, युवा जिला अध्यक्ष अनुज चैधरी, चैधरी धर्मेंद्र सिंह व अन्य किसान नेता गांव में पहुंचकर लोगों को महापंचायत में पहुंचने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। भाकियू जिलाध्यक्ष विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि सभी किसान संगठन एकजुट है तथा वह अपने अपने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाए हुए हैं। 3 फरवरी को मंडी परिसर में महापंचायत का आयोजन होना है। इसमें भारी संख्या में किसान मजदूर व अन्य लोग भाग लेंगे। कहा कि शांतिपूर्ण पंचायत के लिए सभी से अनुरोध किया जा रहा है। कहा कि किसान देश का अन्नदाता, मजदूर देश का निर्माणकर्ता है।

# पंजनहेड़ी, बिशनपुर में ग्रामीणों ने थामा कांग्रेस का दामन

» मदरलैंड संवाददाता



हरिद्वार। बिशनपुर, पंजनहेड़ी में रविवार रात एससी समाज के लोगों ने कांग्रेस प्रदेश महासचिव सतीश कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। लोगों ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में किसान, मजदूर, छोटे कारोबारियों, युवाओ की लड़ाई लड़ रही है। प्रदेश में भी कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी के तौर पर काम कर रही है। इसलिए दूसरे दलों में रहने से अच्छा कांग्रेस में है। सदस्यता ग्रहण कराते हुए कांग्रेस प्रदेश सतीश कुमार ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा। कहा कि सबका साथ, सबका विकास की बात करने वाली भाजपा और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आज कुछ लोगों के ही विकास में सिमट कर रह गई है। प्रदेश में हर विभाग में रिक्त पद होने के बावजूद सरकार पिछले 4 सालों से भर्ती नहीं निकाल पाई है। जिससे शिक्षा ग्रहण करने के बाद युवा बेरोजगार घुम रहे हैं। लॉक डाउन और कोरोना काल पहले ही कमर तोड़ चुका है, ऊपर से केंद्र सरकार महंगाई से गरीब, मजदूर, मध्यमवर्ग की कमर तोड़ने में लगी है। कहा कि एक महीने में दो बार कर सिलेंडर पर 100 रुपये बढ़ा दिए गए हैं। दाल, सब्जियों के दाम आसमान पर हैं। आलू, प्याज 60 रुपये किलो तक बिक चुका है। जिससे यह गरीब, मजदूर, मध्यमवर्ग की रसोई से दूर हो चला है। पैट्रोल, डीजल पर आए दिन रेट बढ़ रहे हैं, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कोरोना काल में कच्चे तेल की कीमते रिकार्ड गिरावट पर रही हैं। सतीश कुमार ने कहा कि अभी तो आम आदमी ने सिर्फ महंगाई और बेरोजगारी की मार झेली है, जिस दिन कृषि कानून वजूद में आ गए रोटी भी आम आदमी से छिन जाएगी। कृषि कानूनों की लड़ाई केवल किसान की नहीं है, बल्कि यह हर मजदूर, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की है। कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है। भाजपा और मोदी सरकार की गरीब, मजदूर, युवा और मध्यमवर्गीय परिवारों को मिटाने की मंशा को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

# स्वयंसेवियो ने किया दो बूंद पोलियो को जागरूक

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। पोलियो दिवस पर नेशनल कन्या इण्टर कालेज खानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ग्राम चन्दपुरी कलॉ समेत कई ग्रामों में पोलियो जनचेतना रैली निकालकर ग्रामीणों को शून्य से 5 वर्ष तक के नौनिहालों को पोलियो ड्राप्स पिलाने के लिये जागरूक किया। स्वयंसेवियों को ऑनलाईन सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि भारत भले ही पोलियो मुक्त है लेकिन अभी भी कुछ देशों में पोलियो का प्रभाव है और पोलियो फिर से लौट सकता है। समाज में बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने पाये, इसलिये पोलियों की खुराक हर बार शतप्रतिशत नौनिहालों को पिलानी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग पोलियों पर देश की जीत बनाए रखने के कार्य में अपना सकारात्मक योगदान दें। इदरीशपुर, सिकन्दरपुर, चन्दपुरी कलॉ, मोहनावाला, टाण्डा जलालपुर, प्रहलादपुर, असगरपुर, दल्लावाला, नाईवाला व चन्दपुरी खुर्द बादशाहपुर, माड़ाबेला, शेरपुर बेला, हस्तमौली, धमुर्पुर, बाचन्दवाला, लालचन्दवाला आदि दर्जनों गावों में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण जन जागरूकता करने के लिए स्वयंसेवियों की बुलावा टोली बनाई गई। मिनाक्षी, करिश्मा चैहान, पंकज, अंकित, रोशन, तन्नू, वितुल, टिनू, मंजू, महिमा, सचिन, शेखर, आशु, सुमित, काजल, शीतल, ममता, अंशिका, ज्योति, आकांक्षा, नीलम, शीपल प्रीति, देयचन्द, मोनिका, नीशू, मोहिनी, सोनिया, ऑचल, पल्लवी, अंशिका, अंजू ने पोलियो रविवार को 5 साल तक के लगभग 5 हजार से अधिक बच्चों को निकटवर्ती पोलियों बूथ तक पहुँचा कर पोलियो की खुराक पिलवाने में विशेष सहयोग किया। सभी स्वयंसेवियों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत करने की घोषणा की।

# बाबा साहेब ने दिये देश में दबे, कुचलों को अधिकार: गौतम

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। बसपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश गौतम ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेड़कर ने देश में दबे, कुचले, गरीब, मजदूर को उसके अधिकार देने और सम्मान से जीने का हक प्रदान किया है। आज दलित, पिछड़ा व अन्य कमजोर वर्ग देश में जिस सम्मानजनक स्थिती में है, वह बाबा साहेब द्वारा लिखे गए संविधान की ही देन है। बाबा साहेब एक युग पुरूष की तरह गरीब, मजदूर का सहारा बनकर आए। आज भाजपा शासित राज्यों में बाबा साहेब की प्रतिमाओं को खंडित किए जाने, दलित, पिछड़ों के अपमान की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जो दक दुखद और शर्मनाक बात है। ग्राम बेलडा मे सोमवार को डा. भीम राव अम्बेडकर मूर्ति स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अथिति पहुंचे बसपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश गौतम द्वारा किया गया। बसपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मो. शहजाद, प्रदेश महासचिव चै राजेंद्र सिंह ने भी बाबा साहेब को युग पुरूष बताया। कहा कि डा. भीमराव अम्बेड़कर ने देश को दुनिया का सबसे अच्छा संविधान प्रदान किया। बाबा साहेब के दिए संविधान की बदौलत ही आम आदमी को वोट का अधिकार प्रदान हो पाया, जिसकी बदौलत आज आम आदमी भी सरकारों को बना और गिरा सकता है। दोनो नेताओ ने कृषि कानूनों को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी और राज्य की त्रिवेंद्र सरकार सिर्फ किसानों को ही मिटाना नहीं चाह रही है, मजदूर, युवा वर्ग और छोटे कारोबारी भी इस सरकार के निशाने पर हैं। लगातार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी इसका जीता जागता प्रमाण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुल्की राज और संचालन नेत्रपाल ने किया। इस अवसर पर रोहित कर्णवाल, जय कुमार, कुलदीप, संदीप, गजेन्द्र राजेश शिव कुमार मनोज सुनील आदि उपस्तिथि रहे।

# मददगार बना रोटरी क्लब, गरीब को करा रही चॉय नाश्ता

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। रोटरी क्लब ऑफ रुड़की मिडटाउन की ओर से बढ़ती सर्दी के मद्देनजर सुबह सैकड़ों लोगों को नाश्ता एवं गर्म चाय पिलाई गई। मेयर गौरव गोयल ने कहा कि बढ़ते सर्दी के प्रकोप में उक्त संस्था द्वारा राहगीरों को सेवा के रूप में जो चाय एवं नाश्ता कराया गया,वह सेवा योग्य कार्य है। उन्होंने कहा कि यह संस्था समय-समय पर जनहित के कार्यों को करती है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में भी इस संस्था ने लोगों को जागरूक करने तथा कोरोना से बचाने के लिए अपनी सेवाएं दी। रोटरी क्लब के अनिल कुमार जैन ने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि विभिन्न अवसरों पर संस्था की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर लोगों को लाभ पहुंचाया जाए। आज सर्द मौसम में उनके द्वारा यह सेवा का कार्य किया गया, जिससे सैकड़ों लोगों ने सर्दी के प्रकोप से बचने के लिए गरम चाय का आनंद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, डॉ. एस चैधरी, पंकज गुप्ता, मनोज अग्रवाल, डॉ. अजय भार्गव, डॉ. गोपाल रोहिल्ला, रमेश रावल, पवित्रा अरोड़ा, दीपक कंसल, अर्पण, अक्षत, शोएब आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के अब तक के 9 बजट भाषणों के दिन सेंसेक्स की सबसे बड़ी उछाल, 2300 पॉइंट चढ़ा

**मुंबई** । इस बार के बजट भाषण में कोई नए टैक्स स्लैब का ऐलान नहीं किया गया है। सोमवार को संसद में पेश बजट मोदी कार्यकाल का 9वां बजट रहा। बजट के बाद बाजार में रिकॉर्ड तेजी है। BSE का सेंसेक्स 2,332 अंकों की बढ़त के साथ 48,618.57 पर कारोबार कर रहा है। बाजार की तेजी में बैंकिंग शेयर सबसे आगे हैं। निफ्टी का बैंक इंडेक्स 7.90% की बढ़त के साथ 32,979.55 पर कारोबार कर रहा है। इसमें इंडसइंड बैंक और कउकउक बैंक के शेयरों में 12-12% की बढ़त है। इसी तरह निफ्टी इंडेक्स भी 643 अंकों की बढ़त के साथ 14,278.10 पर कारोबार कर रहा है।

BSE पर 3,060 शेयरों मे कारोबार हो रहा है। 1,844 शेयरों में तेजी और 1,027 में गिरावट है। लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप बढ़कर 192.36 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो शुक्रवार को 186.13 लाख करोड़ रुपए था। इससे पहले बाजार लगातार 6 सत्रों में गिरावट के साथ बंद हो रहा था।

फिक्की के अध्यक्ष उदय शंकर ने कहा कि बुरी तरह प्रभावित अर्थव्यवस्था के बावजूद सरकार ने किसी भी तरह के नए टैक्स का ऐलान नहीं किया। यह दशार्ता है कि सरकार ने बजट में सभी सेक्टर्स का ख्याल रखा है। हालांकि, बजट में नए सेस की जरूर बात कही गई है।

TIW प्राइवेट इक्विटी के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर मोहित राल्हन ने कहा कि यह अर्थव्यवस्था में सुधार के लक्ष्य से तैयार किया गया है। इसके तहत बीमा कंपनियों में FDI 49% बढ़ाकर 74% करने की बात कही गई है। खासबात यह है कि इसमें सरकार ने किसी भी प्रकार के नए टैक्स की घोषणा नहीं किया है।

### गोल्ड और सिल्वर पर एग्री इंफ्रा सेस

सरकार ने गोल्ड और सिल्वर के इंपोर्ट पर 2.5% की एग्री इंफ्रा सेस लगाने की बात कही है। इसके चलते टाइटन का



शेयर 6.2%, मणप्पुरम फाइनेंस का शेयर 6.5% और मुथूट फाइनेंस का शेयर 5.3% की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है।

### फिस्कल डेफिसिट GDP का 9.5% रहेगा

सरकार ने कहा कि 2020-21 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का 9.5% रहेगा। 2021-22 के लिए 6.8% रहने का अनुमान है।

### बीमा शेयरों में शानदार तेजी

सरकार इंश्योरेंस एक्ट, 1938 में संशोधन करेगी। इसके तहत बीमा कंपनियों में FDI सीमा 49% से बढ़ाकर 74% करने का ऐलान किया गया है। इससे पहले मार्च 2016 में बीमा कंपनियों में FDI 26% से बढ़ाकर 49% किया गया था। HDFC लाइफ का शेयर 5.2%, SBI लाइफ का शेयर 3.8% और ICICI प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस का शेयर 6.1% ऊपर कारोबार कर रहा है।

### गैस कंपनियों के शेयरों में तेजी

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार सिटी गैस डिस्ट्रीब्युशन के तहत देश के 100 अन्य शहरों को जोड़ेगी। इससे इंद्रप्रस्थ गैस का शेयर 2.5% और महानगर गैस का शेयर 1.8% ऊपर कारोबार कर रहा है।

### सेबी गोल्ड का भी रेगुलेटर होगा

सरकार सिक्युरिटीज मार्केट कोड लेकर आएगी। इसमें सेबी एक्ट, गवर्मेंट सिक्युरिटीज एक्ट और डिपॉजिटरीज एक्ट को शामिल किया जाएगा। सेबी सोने का भी रेगुलेटर होगा।

### मजबूत घरेलू संकेत का भी असर

भारत का मैन्युफैक्चरिंग पर्चेजिंग मैनेजिंग इंडेक्स (PMI) जनवरी में तीन महीने के उच्चतम स्तर 57.7 पर पहुंच गया है, जो दिसंबर में 56.4 रहा था। यहां 50 से ऊपर रहने का अर्थ पॉजिटिव ग्रोथ से है। इसके अलावा दिसंबर में जीएसटी कलेक्शन भी रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

### अमेरिकी बाजारों में भारी गिरावट

आज ग्लोबल सेंटीमेंट काफी उतार-चढ़ाव वाला है। जापान का निक्केई 1.50% और हॉन्गकॉन्ग का हेंगसेंग 2% ऊपर बंद हुआ है।

इसी तरह कोरिया का कॉस्पी इंडेक्स में 2.70% की बढ़त के साथ बंद हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के ऑल आर्डिनरीज इंडेक्स में 1% तक की बढ़त है। जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स सपाट कारोबार कर रहा है।

# रेनो5 प्रो 5जी ने फर्स्ट सेल ऑफर्स में जबर्दस्त सफलता दर्ज की

**चंडीगढ** । ओप्पो रेनो5 प्रो 5जी ने इससे ठीक पहले कंपनी द्वारा लॉन्च किए गए रेनो4 प्रो की बिक्री के तमाम रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। लॉन्च वीक की फर्स्ट सेल में रेनो5 प्रो 5जी ने सभी प्लेटफॉर्मों पर 91 फीसदी का विकास दर्ज किया। इस स्मार्टफोन ने यूजर्स को जिंदगी का पूरी तरह से मजा लेने की ताकत से लैस किया है। स्मार्टफोन के एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस वीडियो फीचर, शानदार डिजाइन और हैरतअंगेज परफॉर्मेंस ने फैंस को पूरी तरह से अपना दीवाना बना लिया है।

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इस डिवाइस ने इससे पहले लॉन्च किए गए मोबाइल की बिक्री को पीछे छोड़ दिया है और 148 फीसदी की दर से जबर्दस्त बढ़ोतरी की है। इस प्रॉडक्ट की रिकॉर्डतोड़ बिक्री की बदौलत कंपनी ने दिल्ली, ओडिशा, कोलकाता और बिहार में सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस दी है। रेनो5 प्रो का एस्ट्रल ब्लू उपभोक्ताओं का पसंदीदा हैंडसेट बन गया है। 63 फीसदी उपभोक्ता अब इसी रंग की डिमांड कर रहे हैं। ओप्पो इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिस दमयंत खनोरिया ने टिप्पणी करते हुए कहा, रेनो सीरीज उपभोक्ता केंद्रित इनोवेशन का प्रतीक है। रेनो सीरीज की हर पीढ़ी के साथ हमने अभूतपूर्व विकास दर्ज किया है। क्यू 320 के साथ हमने 50 फीसदी बढ़ोतरी की। रेनो5 प्रो 5जी ने लॉन्च वीक में 91 फीसदी के विकास के साथ कंपनी के पिछले तमाम रिकॉर्ड तोड़ दिए। रेनो5 प्रो 5जी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस फीचर ने कंस्यूमर्स को वीडियोग्राफी का बेमिसाल अनुभव दिया है। इसे लोगों की काफी तारीफ मिली है। मानवता के लिए तकनीक, पूरी दुनिया के लिए उदारता की ब्रैंड फिलॉस्फी हमारा मार्गदर्शन करती है। हम अपने उपभोक्ताओं के लिए नई-नई तकनीक से लैस स्मार्टफोन बाजार में लॉन्च करना जारी रखेंगे, जिससे उन्हें काफी सार्थक अनुभव मिलेगा।

ओप्पो रेनो5 प्रो 5जी भारत में रेनो फैमिली का पहला 5जी-रेडी स्मार्टफोन है, जो इंडस्ट्री में पहली लॉन्च किए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बदौलत उभरे वीडियो फीचर से लैस है। इसके अलावा यह भारत का पहला स्मार्टफोन है, जो फ्लैगशिप लेवल की चिपसेट, मीडियाटेक डाइमेंसिटी 1000+ से पावर्ड है। इस स्मार्टफोन में 65 वॉट का सुपरवीओओसी 2.0 फ्लैश चार्ज है। यह स्लिम डिजाइन का फोन है। यह स्मार्टफोन ओप्पो में इंडस्ट्री के पहले रेनो ग्लो डिजाइन के साथ मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे चढ़ा

मुंबई। संसद में आम बजट 2021-22 पेश किए जाने से पहले सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की तेजी के साथ 72.88 के स्तर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में घरेलू मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 72.89 पर खुली और फिर बढ़त दर्ज करते हुए 72.88 के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले आठ पैसे की बढ़त को दशार्ता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 72.96 पर बंद हुआ था।

### टाटा टियागो की नया एडिशन लॉन्च करने की तैयारी

नई दिल्ली। ऑटोमाबाइल सेक्टर की स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स अपनी टाटा टियागो का नया लिमिटेड एडिशन लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इससे पहले टाटा मोटर्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका नया टीजर भी जारी कर दिया है, जहां बताया गया है कि नया वेरिएंट भारतीय बाजार में आज लॉन्च होगा। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस नए वेरिएंट में स्पोर्टी लुक देखने को मिल सकता है। इसके अलावा इसके इंटीरियर में भी कुछ अपडेट्स देखने को मिल सकते हैं। इनमें नए सीट्स के गद्दे, बैजिंग और स्पेशल एडिशन का थीम शामिल है। इसके अलावा कंपनी इसमें कई नए फीचर्स भी दे सकती है। इस स्पेशल एडिशन के कार डिजाइन में कोई बदलाव देखने को मिलेगा, इसकी बहुत ही कम उम्मीद है। हालांकि, इसमें नया ग्राफिक्स डिजाइन देखने को मिल सकता है। कंपनी इसमें नए एक्सटीरियर डीकेल्स के साथ नया पेंट थीम दे सकती है।

### एशियाई बाजारों में मजबूत कारोबार

मुंबई। एशियाई बाजार की मजबूत शुरूआत हुई। एसजीएक्स निफटी 42 अंक ऊपर दिख रहा है। वहीं निक्केई करीब 0.87 फीसदी तेजी के साथ 27,905 के आसपास दिख रहा है। हालांकि स्ट्रेट टाइम्स में 0.73 फीसदी की तेजी नजर आ रही है। वहीं ताइवान का बाजार 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 15,253.23 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 1.11 फीसदी की तेजी के साथ 28,596.49 के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं कोस्पी में 1.41 फीसदी की तेजी दिख रही है। हालांकि शंघाई कम्पोजिट की चाल सपाट नजर आ रही है।

### वेस्टलाइफ अगले वर्ष 30 नए मैकडॉनल्ड्स स्टोर खोलेगी

नई दिल्ली। हार्डकैसल रेस्तरां का स्वामित्व रखने वाली वेस्टलाइफ डेवलपमेंट लिमिटेड को उम्मीद है कि अगली तिमाही से उसका कारोबार कोविड-19 पूर्व के स्तर पर पहुंच जाएगा। कंपनी पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां की मास्टर फ्रेंचाइजी है। वेस्टलाइफ डेवलपमेंट के एक अधिकारी ने कहा कि कंपनी की विस्तार यात्रा जारी रहेगी और वह अपने नेटवर्क पर स्टोर जोड़ेगी। कंपनी की इस तिमाही में तीन नए स्टोर खोलने की योजना है। उसके बाद अगले वित्त वर्ष से कंपनी हर साल 25-30 नए स्टोर खोलेगी। वेस्टलाइफ डेवलपमेंट के वाइस चेयरमैन अमित जटिया ने कहा कि यदि उपभोक्ताओं का भरोसा कायम रहता है, हम अगले दो-तीन माह में कोविड-19 के पूर्व के स्तर पर पहुंच जाएंगे। कंपनी दिसंबर में कोविड-19 पूर्व के स्तर के पास पहुंच गई है। हमारा कारोबार हर महीने सुधर रहा है। दिसंबर में हमारी बिक्री कोविड-19 पूर्व के 97 प्रतिशत पर पहुंच गई।

### इंडिया इंटरनेशनल सिल्क फेयर शुरू

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े रेशम मेले में शुमार इंडिया इंटरनेशनल सिल्क फेयर शुरू हो गया है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने हाल ही में इसका उदघाटन किया। यह मेला 31 जनवरी से 4 फरवरी तक चलेगा। कोविड-19 महामारी के चलते इसका आयोजन वर्चुअल तरीके से हो रहा है। ईरानी ने इस मौके पर कहा कि भारत में 200 से अधिक विदेशी खरीदार पहले से ही पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में विदेशी खरीदारों के प्रतिनिधि 100 से अधिक प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों से चर्चा करेंगे।

### सोने की कीमतों में उछाल, उच्च स्तर से अभी भी 7000 नीचे

मुंबई। सोने ने फरवरी महीने की शुरूआत मजबूती से की है। पिछले महीने सोने में 2 फीसदी की गिरावट देखने को मिली थी। एमसीएक्स पर गोल्ड फ्यूचर्स 0.5 फीसदी की बढ़त के साथ 49,566 रुपए प्रति ग्राम पर नजर आ रहा है। वहीं चांदी को भी मजबूती नजर आ रही है। एमसीएक्स पर चांदी 6 फीसदी की बढ़त के साथ 74,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर नजर आ रही है। महीने दर महीने आधार पर देखें तो जनवरी में गोल्ड की कीमत लगभग 2 फीसदी यानी 1000 रुपए प्रति ग्राम की गिरावट देखने को मिली है। ग्लोबल मार्केट पर नजर डालें तो सोने का हाजिर भाव 0.3 फीसदी की बढ़त के साथ 1852.35 डॉलर प्रति औंस पर नजर आ रहा है जबकि चांदी की कीमतों में भी 7.4 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है और यह अपने 6 महीने के शिखर पर नजर आ रहा है। अंतराष्ट्रीय बाजार में चांदी का हाजिर भाव अगस्त के बाद के शिखर पर नजर आ रहा है और ये 28.98 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रही है।

# जनवरी में मजबूत हुई देश में विनिर्माण गतिविधियां: पीएमआई

**नई दिल्ली।** बिक्री में तेजी तथा नये निर्यात ऑर्डरों के चलते जनवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में तीन महीने की सबसे बेहतर वृद्धि दर्ज की गई। कंपनियों ने नए ऑर्डरों के चलते जनवरी महीने के दौरान विनिर्माण तेज किया। एक सर्वेक्षण में सोमवार को यह जानकारी दी गई। आईएचएस मार्केट का विनिर्माण खरीदप्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी में बढ़कर 57.7 पर पहुंच गया। यह दिसंबर में 56.4 पर रहा था। यह पिछले तीन महीने की सबसे अच्छी तेजी है। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना बताता है कि गतिविधियों में तेजी आई है, जबकि 50 से कम पीएमआई गतिविधियों में संकुचन का संकेत देता है। आईएचएस मार्केट की सहायक निदेशक (अर्थशास्त्र) पॉलियेना डी लीमा ने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई जनवरी में सकारात्मक रहा है। देश में कारोबारी धारणा में लगातार छठे महीने सुधार हुआ है और 2020 के मध्य में कोविड-19 संबंधी सुस्ती से अर्थव्यवस्था उबर रही है।

उन्होंने कहा कि कारखाने लगातार विनिर्माण तेज कर रहे हैं और नए काम मिलने से पता चलता है कि निकट भविष्य में क्षमता बढ़ाने की गुंजाइश है। साल की शुरूआत में नौकरियों में कमी आई है लेकिन यह कमी पिछले 10 महीने में सबसे कम रही है। मांग में सुधार के बाद भी जनवरी में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम हुए हैं। जो कंपनियां नियुक्तियां करने से बच रही हैं, उनका कहना है कि वे कार्यबल को न्यूनतम रखने के सरकार के परामर्श को मान रही हैं।

# 7-सीटर कार रेनॉ ट्रीबर पर भारी डिस्काउंट

## कंपनी दे रही 60,000 रुपये का डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** कार बनाने वाली कंपनी रेनॉ इंडिया अपनी सबसे सस्ती मल्टी परपज व्हीकल रेनॉ ट्रीबर पर भारी डिस्काउंट दे रही हैं। रेनॉ इंडिया के तरफ से दिए जा रहे ऑफर के तहत रेनॉ ट्रीबर पर ग्राहकों को कुल 60,000 रुपये तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसमें 10,000 रुपये तक का कॉपोर्रेट बोनस या स्पेशल बोनस शामिल है। इसके अलावा कंपनी की तरफ से ग्राहकों को 5.99 फीसदी की ब्याज दर से लोन दिया जा रहा है।




रेनॉ ट्रीबर की परफॉर्मेंस की बात करें, तो इसमें 999 सीसी, 3-सिलिंडर, पेट्रोल इंजन दिया गया है। इसका इंजन 6250 आरपीएम पर 72 पीएस की मैक्सिमम पावर और 3500 आरपीएम पर 96 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। इसका इंजन 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स से लैस है। वहीं, इसके फ्रंट में क्वाइल स्प्रिंग, लोवर ट्राइएंगल के साथ मेकफेरसन स्ट्रट सस्पेंशन और रियर में टॉरसन बीम एक्सेल सस्पेंशन दिया गया है।

रेनॉ ट्रीबर के डायमेंशन की बात करें तो इसकी लंबाई 3990 मिलीमीटर, चौड़ाई 1739 मिलीमीटर और ऊंचाई 1643 मिलीमीटर है।

वहीं, इसका व्हीलबेस 2636 मिलीमीटर और ग्राउंड क्लियरेंस 182 मिलीमीटर है।

इसमें 40 लीटर का फ्यूल टैंक दिया गया है। रेनॉ ट्रीबर के फ्रंट में डिस्क ब्रेक और रियर में ड्रम ब्रेक दिया गया है।

## सरकार का प्रतिभूति बाजार संहिता लाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को एक एकीकृत प्रतिभूति बाजार संहिता पेश करने का प्रस्ताव किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में 2021-22 का बजट पेश करते हुए कहा कि प्रतिभूति बाजार संहिता में सेबी अधिनियम, डिपॉजिटरीज अधिनियम और सरकारी प्रतिभूति अधिनियम शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को गोल्ड एक्सचेंज के नियामक के रूप में भी अधिसूचित किया जाएगा। वित्त मंत्री ने निवेशकों की रक्षा के लिए एक निवेशक चार्टर लाने का भी प्रस्ताव किया। यह सभी वित्तीय संस्थानों में निवेशकों के अधिकार के बारे में होगा।

# वाहन निमार्ता कंपनियों ने सेमीकंडक्टर की कमी पूरी करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं से शुरू की बातचीत




**नई दिल्ली।** देश में अगले वित्त वर्ष में भी सेमीकंडक्टर की कमी रहने की आशंका है। ऐसे में टाटा मोटर्स, होंडा और किआ मोटर्स जैसे प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनियां अपने विनिर्माण संयंत्रों में कामकाज जारी रखने के लिए आपूर्तिकर्ता भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही हैं। सेमीकंडक्टर मूलतः सिलिकॉन चिप्स होते हैं। वाहन, कंप्यूटर और सेलफोन से लेकर विभिन्न अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में मेमोरी फीचर के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता है।

वाहन उद्योग में सेमीकंडक्टर का उपयोग हाल के दिनों में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और ड्राइवर असिस्ट, नेविगेशन और हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम जैसे फीचरों के साथ वैश्विक स्तर पर बढ़ा है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले कुछ महीनों में वाहनों की बढ़ी मांग ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव डाला है, जिससे यह कमी आई है।

टाटा मोटर्स के प्रवक्ता ने बताया कि ऑटोमोटिव एम्बेडेड इलेक्ट्रॉनिक्स की वैश्विक कमी सहित आपूर्ति श्रृंखला में कुछ कोविड-19 संबंधित चुनौतियां उद्योग जगत को प्रभावित कर रही हैं। प्रवक्ता ने कहा कि टाटा मोटर्स अपने सभी आपूर्तिकताओं के साथ उत्पादन के प्रभाव को कम करने के लिए उचित कदम उठा रही हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में वैश्विक उद्योग की चुनौतियां जारी रहने की संभावना है।

होंडा कार्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं निदेशक (विपणन व बिक्री) राजेश गोयल ने कहा कि इसके चलते आने वाले दिनों में उत्पादन संबंधी कुछ व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं।

# एप्पल बाजार में ऑप्टिकल इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर के साथ उतार सकता है आईफोन 13



**सैन फ्रांसिस्को।** मशहूर अमेरिकी मोबाइल कंपनी एप्पल की योजना कथित तौर पर अगले साल अपने आईफोन 13 लाइनअप को पेश करने की है और अब एक नई रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है कि इस सीरीज को ऑप्टिकल इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर के साथ पेश किया जाएगा, जो फेस आईडी के साथ एक दूसरा बायोमेट्रिक ऑप्शन होगा। खबरों के मुताबिक, एप्पल अपनी अगली पीढ़ी के आईफोन्स में सैमसंग गैलेक्सी एस21 के कुछ फीचर्स को शामिल का सकता है। खबरों के मुताबिक, एक पूर्व कर्मचारी ने कहा है कि कंपनी इन-स्क्रीन फिंगरप्रिंट रीडिंग के लिए ऑप्टिकल सेंसर पर काम कर रही है, जो कि अल्ट्रासॉनिक सॉल्यूशन के मुकाबले कहीं अधिक भरोसेमंद हो सकता है। इससे पहले, एप्पल के एनालिस्ट मिंग-ची कुओ ने भी खुलासा किया था एप्पल का ऑप्टिकल इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट पर काम जारी है और शायद इसे आईफोन 13 सीरीज के साथ पेश किया जा सकता है।

# बेनेली टीआरके 502 एडवेंचर बाइक लॉन्च

## एक्स-शोरूम कीमत है 4.80 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** भारत में बीएस6 बेनेली टीआरके 502 एडवेंचर बाइक लॉन्च कर दी गई। कंपनी की यह बाइक भारतीय बाजार में इसके मैटेलिक डार्क ग्रे कलर ऑप्शन में भी उपलब्ध है। इस बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 4.80 लाख रुपये रखी है। वहीं, इसके बेनेली रेड एंड प्योर व्हाइट कलर ऑप्शन की कीमत 4.90 लाख रुपये रखी है। खास बात यह है कि इसका बीएस4 वेरिएंट की तुलना में इसका बीएस6 मॉडल 30,000 रुपये सस्ता है।



कंपनी ने अपनी बीएस6 मॉडल वाली टीआरके 502 की बिक्री और बुकिंग दोनों ही भारत में शुरू कर दी है। ग्राहक 10,000 रुपये की टोकन राशि देकर इसे बुक कर सकते हैं। इसका इंजन 8,500 आरपीएम पर 47 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 6,000 आरपीएम पर 46 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है।

बीएस6 इंजन के अलावा भी इस बाइक में कई और अपडेट्स दिए गए हैं। बीएस6 बेनेली टीआरके 502 में नया एल्युमिनियम-फ्रेम हैंड गार्ड्स, बड़े रियर व्यू मिरर्स बैकलिट स्विचगियर और नया इंस्ट्रूमेंट कंसोल दिया गया है। इसके सीटिंग और एर्गोनॉमिक्स के हल्के बदलाव किए गए हैं। हालांकि, बाइक की स्टाइलिंग पहले जैसी ही है।

यह बाइक कंपनी के सभी डीलरशिप्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। इसके परफॉर्मेंस की बात करें, तो इसमें पावर के लिए 500 सीसी का लिक्विड-कूल्ड पैरेलल-ट्विन इंजन दिया गया है। यह बाइक अब बीएस6 मानकों को पूरा करती है।






## भारत ने चाबहार बंदरगाह अधिकारियों को सौंपे दो मोबाइल हार्बर क्रेन

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान में चाबहार बंदरगाह के अधिकारियों को औपचारिक रूप से 140 टन के दो मोबाइल हार्बर क्रेन सौंपे और दोनों देशों ने ट्रांजिट केंद्र विकसित करने में अपने समग्र सहयोग की समीक्षा की। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित इस बंदरगाह को व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत, ईरान और अफगानिस्तान द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है। ईरान में स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पाकिस्तान-अफगानिस्तान-ईरान) के जेपी सिंह नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने क्रेन सौंपा। परियोजना के पहले चरण का उदघाटन दिसंबर 2017 में किया गया था।




# रणजी ट्रॉफी का आयोजन नहीं करना सही मानते हैं पूर्व क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटरों ने कहा है कि कोविड-19 महामारी को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रणजी ट्राफी का आयोजन नहीं करने का जो फैसला किया है वह पूरी तरह ठीक है। यह पहली बार है जब रणजी ट्रॉफी नहीं हो रही है। रणजी के आधार पर ही भारती टीम में चयन की परंपरा रही है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर चंद्रकांत पंडित ने कहा कि खिलाड़ियों को इसके नहीं होने से नुकसान तो है पर अभी के हालात को देखते हुए बीसीसीआई ने जो भी फैसला किया है वह सभी के सेहत की सुरक्षा को देखते हुए जरुरी है। बीसीसीआई ने अपनी मान्यता प्राप्त इकाइयों को जानकारी दी है कि संशोधित सत्र में विजय हजारे ट्रॉफी, सीनियर महिला एकदिवसीय टूनामेंट और अंडर-19 वर्ग में लड़कों के लिए वीनू मांकड़ ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि कम से कम दो टूनामेंटों का आयोजन हो रहा है। अंडर-19 विश्व



कप को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई को कम समय में वीनू मांकड़ ट्रॉफी का आयोजन भी करना था। पूर्वोत्तर के राज्यों के शामिल होने के बाद घरेलू टूनामेंट में 38 प्रथम श्रेणी टीमें हो गई हैं और कोच वसीम जाफर ने व्यावहारिक मुश्किलों का हवाला दिया। उसी के बाद रणजी को आयोजित नहीं करने का फैसला हुआ। जाफर ने कहा कि आदर्श स्थिति में मैं चाहता कि रणजी ट्रॉफी का आयोजन हो पर तकरीन 38 टीमों के साथ, इतने सारे खिलाड़ी, स्थल और बाकी चीजों को देखते हुए संभवतः साजो सामान के लिहाज से यह थोड़ा मुश्किल होता। बीसीसीआई ने हालांकि घरेलू खिलाड़ियों को मुआवजे का वादा किया है और इससे उन्हें कुछ वित्तीय राहत मिल सकती है। घरेलू क्रिकेट के एक अन्य दिग्गज खिलाड़ी अशोक मल्होत्रा का मानना है कि रणजी ट्रॉफी के आयोजन के लिए चार महीने तक जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में रहना कभी भी व्यावहारिक विचार नहीं था। बंगाल के गेंदबाजी कोच राणादेब बोस ने भी कहा कि जैविक रुप से सुरक्षित माहौल में हर दूसरे दिन आपका परीक्षण होता है। बोस ने कहा कि रणजी ट्रॉफी लगभग चार महीने का टूनामेंट है। इतने समय तक अपने परिवार से दूर अलथलग रहना मानसिक सेहत के लिए भी ठीक नहीं होता है।

# पाकिस्तान में किक बॉक्सर की मौत

**कराची।** पाकिस्तान में एक मुकाबले के दौरान लगी चोट से एक पेशेवर किक बॉक्सर की मौत हो गयी है।कराची शहर में हुए एक स्थानीय बॉक्सिंग मैच में किक बॉक्सर असलम खान को चोट लग गई। मुकाबले के दौरान प्रतिद्वंदी किक बॉक्सर वाली खान तारेन ने असलम के चेहरे पर एक पंच मारा, जिससे उनको गहरी चोट लग गई। इसके तुरंत बाद उसे एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां असलम ने बाद में दम तोड़ दिया। दोनों ही बॉक्सर बलूचिस्तान के पश्चिन के रहने वाले हैं और 80 किग्रा, वजन वर्ग में मुकाबले कर रहे थे। बॉक्सिंग मुकाबले के दौरान इस प्रकार के मामले पहले भी आते रहे हैं। इससे पहले साल 2019 के अक्टूबर महीने में अमेरिकी बॉक्सर पैट्रिक डे की भी इसी तरह मौत हुई थी। एक मुकाबले के दौरान उसे भी सर पर चोट लग गई थी। पैट्रिक डे की उम्र केवल 27 साल थी। इसी प्रकार साल 2018 के जुलाई महीने में युगांडा के एक पेशेवर बॉक्सर मुस्तफा कातेंदे की बॉक्सिंग मैच का अभ्यास करने के दौरान मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंकाई क्रिकेट में होंगे बदलाव: खेल मंत्री

कोलंबो। श्रीलंकाई खेल मंत्री नमल राजपक्षे ने कहा है कि खेल जगत में बदलाव किये जाएंगे। नमल के अनुसार एक नई क्रिकेट समिति गठित की जाएगी जो क्रिकेटरों और कोचों की प्रगति का आंकलन करेगी। हाल में श्रीलंकाई टीम को अपनी ही धरती पर इंग्लैंड के खिलाफ 0-2 से करारी हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद से ही इस प्रकार के बदलावों की जरुरत मानी जा रही थी। टीक की हार के बाद प्रशंसकों ने खेल में टीम के खराब प्रदर्शन को रोकने के लिए कदम उठाने की मांग की थी। इस मामले में हुई बैठकों के बाद नमल ने कहा कि मौजूदा घरेलू प्रथम श्रेणी ढांचे का पुनर्गठन किया जाएगा। नया सुपर प्रांतीय टूनामेंट आयोजित किया जाएगा और नेशनल टीम को टीम मेंटर, क्रिकेट निदेशक और पूर्णकालिक मैनेजर के अंतर्गत लाया जाएगा। राजपक्षे ने कहा कि उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की नई क्रिकेट समिति के लिए नामों को प्रस्तावित किया है। उन्होंने कहा कि यह समिति खिलाड़ियों और कोचों की प्रगति पर नजर रखेगी और तच करेगी कि खेल मंत्रालय और एसएलसी की जिन उद्देश्यों पर सहमति बनी है उन्हें पूरी तरह लागू किया जाए। समिति में पूर्व क्रिकेटर और कारपोरेट नेतृत्वकर्ता शामिल होंगे।

### ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते तीन स्वर्ण दो रजत एवं एक कांस्य पदक

भोपाल। भोपाल जिला ट्रायथलॉन चैंपियनशिप 2021- खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ियों ने रिवेरा स्विमिंग पूल भोपाल में आयोजित जिला ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, दो रजत एवं एक कांस्य सहित 6 पदक अर्जित किए। संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समापन समारोह में पदक विजेता खिलाड़ियों को मैडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इन खिलाड़ियों ने जीते पदक प्रतियोगिता के बालक वर्ग ट्रायथलॉन में अकादमी के खिलाड़ी यश बाथरे ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। जबकि बालिका वर्ग इक्वाथलॉन में कुंजल पवार और अर्णा मुरमकर ने एक-एक स्वर्ण पदक अर्जित किया। बालक वर्ग ट्रायथलॉन में जाज्वल्य नारद और बालिका वर्ग में कुंजल पवार ने एक-एक रजत पदक जीता। अकादमी के खिलाड़ी सरगम बाथरे ने इक्वाथलॉन में कांस्य पदक अर्जित किया। उक्त सभी खिलाड़ी के कोच मनोज झा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण हैं।

### 55.5 करोड़ यूरो के करार से विश्व के सबसे महंगे खिलाड़ी बने मेसी

बार्सिलोना। अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने बार्सिलोना के साथ चार सत्र के लिए 55 करोड़ 50 लाख यूरो (67 करोड़ 30 लाख डॉलर) का सबसे महंगा करार किया है। स्थानीय मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार मेसी ने साल 2017 में बार्सिलोना के साथ करार पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें निर्धारित वेतन और वेरीएबल भुगतान शामिल हैं जो प्रति सत्र 13 करोड़ 80 लाख यूरो तक पहुंच सकता है। इस प्रकार यह किसी खिलाड़ी के साथ किया गया सबसे महंगा अनुबंध है। मेसी को इस राशि का लगभग आधा हिस्सा स्पेन में करों में देना होगा। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मेसी को कुल अनुबंध का 51 करोड़ यूरो पहले ही मिल गया है। साथ ही कहा कि अब तक मेसी के साथ से क्लब को करीब तीन दर्जन खिताब मिले हैं।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉयल रंबल आज से, जीत के प्रबल दावेदारों में शामिल ऐज और ऑर्टन

मुम्बई। डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉयल रंबल मुकाबले सोमवार से शुरु होने वाले हैं और इसमें जीत के प्रबल दावेदार माने जा रहे खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गयी है। रॉयल रंबल में पहले और दूसरे स्थान पर ऐज और रैंडी ऑर्टन एंट्री रहेंगे। यह दोनों ही बड़े स्टार्स में से हैं, ऐसे में ये देखना अहम होगा कि ये कितने समय तक मैच में जमे रहेंगे। ये मैच जीतने के प्रबल दावेदारों में भी शामिल हैं। एक फरवरी को होने वाली रंबल भारतीय समय के अनुसाल प्रातः 5.30 शुरु होगी जबकि किकऑफ शो प्रातः 4.30 बजे शुरु होगा। एक फरवरी को होने वाले रॉयल रंबल पे-पर-व्यू के लिए लाइनअप : 1- ड्रू मैकइंटायर (चैंपियन) व गोल्डबर्ग 2- रोमन रेंस (चैंपियन) और केविन ओवेंस 3- पुरुष रॉयल रंबल - एजे स्टाइल्स, रैंडी ऑर्टन, ओटिस, बॉबी लैश्ले, डेनियल ब्रायन, द मिज, जे उसो, सिजेरो, जैफ हार्डी, शिंस्के नाकामुरा, बिग ई, डॉल्फ जिगलर, सैमी जेन, जॉन मॉरिसन, मुस्तफा अली, ऐज, शेमस, ब्रॉन स्ट्रोमैन, किंग कॉर्बिन, रे मिस्टीरियो, डॉमिनिक मिस्टीरियो 4- महिला रॉयल रंबल - डैना ब्रुक, मैंडी रोज, नाया जैक्स, शार्लेट फ्लेयर, बेली, बियांका ब्लेयर, टमिना, रूबी रायट, लिव मॉर्गन, पेयटन रॉयस, शायना बैजलर, एलेक्सा ब्लिस, नटालिया 5 - शार्लेट फ्लेयर और असुका बनाम नाया जैक्स और शायना बैजलर 6- साशा बैंक्स बनाम कामेर्ला।

### ईपीएल फुटबॉल टूनामेंट: मैनचेस्टर सिटी शीर्ष के और करीब पहुंची

लंदन। मैनचेस्टर सिटी इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूनामेंट में शीर्ष के और करीब पहुंच गयी है। सिटी टीम ने शैफील्ड यूनाईड पर मिली 1-0 की जीत से इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूनामेंट में अपनी स्थिति बेहतर की है। वहीं मैनचेस्टर यूनाईटेड की टीम आर्सनल से गोलरहित ड्रा खेलने के कारण खिताब की दौड़ में पीछे हो गई है। मैनचेस्टर सिटी को शैफील्ड के खिलाफ मुकाबले में जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा पर नौवें मिनट में गैब्रियल जीसस के गोल से टीम अपनी बढ़त बरकरार रखने में कायम रही। उसे तीन अंक मिले हैं। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 20 मैचों में 44 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर कायम यूनाईटेड से तीन अंक आगे हो गयी है। यूनाईटेड के 21 मैचों में 41 अंक हैं। यूनाईटेड के पास आर्सनल के खिलाफ गोल करने के कई अवसर थे पर वह इसका लाभ नहीं उठा पायी और अंत में उसे अंक बांटने पड़े। वहीं लीग के अन्य मैचों में एस्टन विल्ला ने साउथम्पटन को 1-0 से हराया।




**विज्क आन जी।** भारत के पेंटाला हरिकृष्णा को टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज में जीत मिली है। हरिकृष्णा ने जर्मनी के अलेक्जेंडर डोनचेंकों को सफेद मोहरों से हराया। वहीं मेजबान देश नीदरलैंड के अनीश गिरि अपने निकटतम प्रतिद्वंदी फीडे के अलीरेजा फिरौजा से ड्रॉ खेलते हुए इस 83वे विज्क आन जी टूनामेंट को जीतने वाले नीदरलैंड के पहले खिलाड़ी बनने के करीब पहुंच गये हैं। वहीं अन्य मुकाबलों मे नॉर्वे के विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन नें पोलैंड के राडोस्लाव वोइटसजेक से ,अमेरिका के फबियानों करूआना नें स्पेन के अंटोन डेविड से ,नॉर्वे के आर्यन तारी नें स्वीडन के निल्स ,रूस के आन्द्रे एसीपेंकों से नीदरलैंड के जॉर्डन फॉरेस्ट जबकि फ्रांस के मकसीम लागरेव नें पोलैंड के जान डुड़ा से मुकाबला ड्रॉ खेलते हुए आधा अंक बांट लिए। राउंड 12 के बाद अनीश गिरि 8 अंक, करूआना, फॉरेस्ट, और अलीरेजा 7.5 अंक, इसीपेंकों 7 अंक और कार्लसन 6.5 अंक, निल्स और हरिकृष्णा 6 अंक, आर्यन 5.5 अंक, डुड़ा, मकसीम 5 अंक, राडोस्लाव और डेविड 4.5 अंक तो अलेक्जेंडर डोनचेंकों 3.5 अंको पर खेल रहे थे।

# अटल क्लब, यंग आदिवासी, चैलेंजर्स यूनाइटेड व आरोग्य क्लब सेमीफाइनल में

**इन्दौर।** अटल फुटबॉल क्लब, यंग आदिवासी क्लब, चैलेंजर्स यूनाइटेड व आरोग्य क्लब ने रविवार को क्वार्टर फायनल में उम्दा प्रदर्शन के दम पर जीत हांसिल करते हुए 'शहीद देवेन्द्रसिंह स्मृति फुटबॉल स्पर्धा' के सेमीफायनल में प्रवेश कर लिया है। पहले सेमीफायनल में चैलेन्जर्स युनाइटेड का मुकाबला अटल फुटबॉल क्लब से होगा तथा दूसरे सेमीफायन में आरोग्य व यंग आदिवासी क्लब की टीमें आमने-सामने होंगी। स्थानीय डीआरपी लाईन मैदान पर खेली जा रही इस स्पर्धा का पहला क्वाटर फायनल मैच अटल फुटबॉल क्लब और नयापुरा इलेवन के मध्य खेला गया। पूरे मैच में दोनों टीमों ने कड़ा मुकाबला



करते हुए एक दूसरे के विरुद्ध एक भी गोल होने नहीं दिया। मैच का निर्णय ट्राईब्रेकर के द्वारा हुआ जिसमें अटल फुटबॉल क्लब ने नयापुरा इलेवन को 5-4 से पराजित किया। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच सोनी ब्रदर्स एवं यंग आदिवासी क्लब के मध्य खेला गया। दोनों टीमों ने भी जोरदार रक्षात्मक खेल प्रदर्शन करते हुए, अपनी ओर कोई गोल नहीं होने दिया। इस मैच का निर्णय भी ट्राईब्रेकर के माध्यम से हुआ जिसमें यंग आदिवासी क्लब में सोनी ब्रदर्स को 5-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच डे बोर्डिंग क्लब एवं चैलेंजर्स यूनाइटेड के मध्य खेला गया। जिसमें डे बोर्डिंग क्लब के युवा खिलाड़ियों ने चैलेंजर्स यूनाइटेड से अंतिम समय तक कड़ा मुकाबला किया, लेकिन खेल के 60 वें मिनट पर चैलेंजर्स यूनाइटेड के स्पर्श ने एक गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाकर, सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम मैच आरोग्य क्लब एवं ताज क्लब महू के बीच खेला गया, अंतिम समय तक दोनों टीमों द्वारा कला मुकाबला करने से कोई गोल नहीं हो पाया इस मैच का निर्णय भी ट्राईब्रेकर ब्रेकर के माध्यम से हुआ जिसमें आरोग्य क्लब ने 2-0 से ताज क्लब को पराजित कर, उनके सेमी फाइनल मैच खेलने के सपने को तोड़ दिया। :: सेमीफायनल मुकाबले आज :: 1. चैलेन्जर्स युनाइटेड विरूद्ध अटल फुटबॉल क्लब 2. आरोग्य क्लब विरूद्ध यंग आदिवासी क्लब

# नटराजन ने मुरुगन मंदिर में अपने बाल अर्पित किये

**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया दौरे में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज टी नटराजन ने भगवान के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपना सिर मुंडवा लिया है। नटराजन ने तमिलनाडु के पलानी मुरुगन मंदिर में अपने बाल अर्पित किये। नटराजन यहां के चिन्नपामपट्टी गांव के रहने वाले हैं और धार्मिक मान्यता के तहत उन्होंने अपने बाल अर्पित किये हैं। आईपीएल 2020 में शानदार प्रदर्शन के कारण नटराजन को टीम इंडिया की टी20 टीम में जगह मिली थी पर कई खिलाड़ियों के फिट



न होने से उन्हें एकदिवसीय और टेस्ट में भी जगह मिली गयी। एक ही दौरे पर तीनों प्रारुपों में जगह मिलने के लिए नटराजन ने भगवान के प्रति आभार व्यक्त किया। नटराजन ने सोशल मीडिया पर अपनी फोटो पोस्ट की जिसपर उन्होंने लिखा, 'अच्छा महसूस कर रहा हूं।' ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टी नटराजन ने अपने डेब्यू वनडे में 2 विकेट लिये। इसके बाद उन्होंने तीन मैचों की टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए थे। नटराजन का वतन वापसी के बाद भव्य स्वागत हुआ था। नटराजन जब सलेम में अपने घर पहुंचे तो लोगों ने उनपर फूलों की बरसात की थी। इससे पहले साल 2011 विश्व कप में जीत मिलने के बाद उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी ने भी अपना सिर इसी तरह मुंडवा लिया था। इससे पहले साल 2011 विश्व कप में जीत मिलने के बाद उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी ने भी अपने बाल भगवान को अर्पित कर दिये थे।

# महिला हॉकी टीम लगातार दूसरा ओलंपिक खेलेगी

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम पहली बार लगातार दूसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेगी। भारतीय टीम की अनुभवी गोलकीपर रजनी एतिमार्पू के अनुसार अगर आगामी टोक्यो ओलंपिक में अगर भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन करती है तो खेल की ओर महिलाओं का रुझान बढ़ेगा। रानी के नेतृत्व वाली टीम ने साल 2019 में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर जीतकर लगातार दूसरे ओलंपिक खेलों के लिए प्रवेश हासिल किया है। 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहीं रजनी ने कहा, टोक्यो ओलंपिक खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने से निश्चित रूप से खेल की ओर रुचि बढ़ेगी और यह निश्चित रूप से अधिक महिलाओं को हॉकी खेलने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस खिलाड़ी ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न पुरस्कारों के माध्यम से जो सफलता हासिल की है, उससे खेल में महिलाओं की भागीदारी पहले ही बढ़ गई है और आने वाले समय में इसे भी एक बेहतर करियर विकल्प माना जाएगा।

# सीनियर महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पूजा जाट और रमन यादव ने जीता एक-एक कांस्य पदक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मार्शल आर्ट कुश्ती अकादमी की खिलाड़ी पूजा जाट और रमन यादव ने आगरा उत्तर प्रदेश में आयोजित 23वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के लिए एक-एक कांस्य पदक अर्जित किया। दोनों खिलाड़ियों का टोक्यो ओलंपिक हेतु आयोजित इंडिया कैंप के लिए चयन हुआ है। सीनियर महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पूजा जाट ने 53 किलो भार वर्ग और रमन यादव ने 57 किलो भार वर्ग में मध्य प्रदेश को कांस्य पदक दिलाया। खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने दोनों पदक विजेता खिलाड़ी बेटियों पूजा जाट और रमन यादव को बधाई दी है



तथा दोनों खिलाड़ियों के इंडिया कैंप में चयन होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का पलड़ा भारी: चैपल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने कहा है कि इंग्लैंड के साथ पांच फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। चैपल के अनुसार बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में जीत से भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। इसके साथ ही उसे अपने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी आक्रमण का भी लाभ मिलेगा। चैपल के अनुसार कप्तान विराट कोहली की वापसी से भी टीम अधिक मजबूत हुई है। चैपल ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तमाम परेशानियों के बाद भी शानदार जीत दर्ज करने से भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उभरी है। टीम के पास



कप्तान विराट कोहली जैसा बल्लेबाज है।' उन्होंने कहा, 'इसके अलावा आर अश्विन, हार्दिक पंड्या और इशांत शर्मा भी खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे जिससे भारतीय टीम और भी बेहतर हो गयी है।' चैपल के अनुसार इस दौरे से पहले भले ही इंग्लैंड ने श्रीलंका को 2-0 से हराया है पर इसके बाद भी मेजबान भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहेगा। उन्होंने कहा, 'प्रमुख खिलाड़ी बेन स्टोक्स की उपलब्धता इंग्लैंड की टीम के लिये सबसे अहम रहेगी। उन्होंने कहा कि स्टोक्स और पंड्या एक जैसी ऑलराउंड क्षमताएं रखते हैं पर इंग्लैंड का यह खिलाड़ी और बेहतर रहेगा। जोफ्रा आर्चर की वापसी से मेहमान टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण अधिक बेहतर होगा।' उन्होंने कहा, ' यह इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा जिसमें एक अन्य खिलाड़ी रोरी बर्न्स की वापसी हुई है। इस मामले में भारतीय टीम बेहतर नजर आती है।' उन्होंने कहा, 'भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों में प्रभावशाली शुभमन गिल, प्रतिभाशाली रोहित शर्मा और अदम्य साहसी चेतेश्वर पुजारा है जिससे वह इंग्लैंड के शीर्ष क्रम से बेहतर लगता है।' चैपल ने कहा कि अगर डॉम सिबले और रोरी बर्न्स नहीं चलते हैं तो इससे कप्तान जो रूट पर काफी दबाव बढ़ जाएगा।

# अपनी गलतियों को दूर करने पर है कुलदीप का ध्यान

**कोलकाता।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि जब तक हालात उनके अनुसार नहीं होते तब तक वह अपने खेल में हो रही कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान देंगे। कुलदीप पिछले कुछ समय से भारतीय टीम में किसी भी प्रारूप में अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पा रहा है। उन्हें हाल के आस्ट्रेलिया दौरे में केवल कैनबरा में एक एकदिवसीय मैच के लिए शामिल किया गया था। हालांकि कुलदीप को इंग्लैंड के खिलाफ पांच फरवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट



क्रिकेट मैच के लिये अंतिम एकादश में अवसर मिल सकता है क्योंकि रविंद्र जडेजा चोटिल होने के कारण पहले दो मैचों से बाहर हैं। बायें हाथ के इस स्पिनर ने से कहा कि कभी ऐसा मौका भी आता है जबकि आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते और यह वह समय होता है जबकि आप अपनी गलतियों पर ध्यान देते हैं और अनुभव हासिल करते हैं जिससे आप इन गलतियों को भविष्य में नहीं करें। कुलदीप के लिए आईपीएल का पिछला सत्र अच्छा नहीं रहा है। आईपीएल में उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। कुलदीप को 2021 की आईपीएल नीलामी से पहले केकेआर ने अपनी टीम में बनाए रखा है। इस स्पिनर ने कहा कि मैं सात साल से केकेआर के लिए खेल रहा हूं और सीनियर खिलाड़ी होने के नाते मुझे लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। यह चुनौतीपूर्ण है कि लेकिन आपको अपने खेल में लगातार सुधार करना होता है ताकि अपना स्तर बनाये रख सको।'

# फीफा ने अपने खिलाड़ियों को उत्पीड़न से बचाने कार्यक्रम शुरू किया

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने अपने खिलाड़ियों को उत्पीड़न से बचाने के लिये एक कार्यक्रम शुरू किया है। फीफा ने दुनिया भर में अपने सदस्य संघों को जागरूक करने के साथ ही यह बात ही है। फीफा ने अपने 211 सदस्य संघों के खिलाड़ी सुरक्षा अधिकारियों के लिये पांच खंड का 'फीफा गार्डियंस सेफगार्डिंग इन स्पोटर्स डिप्लोमा' शुरू किया है। फीफा के अध्यक्ष जियानी इनफानटिनो ने अपने एक बयान में कहा,'' जो भी फुटबॉल या कोई भी खेल खेलता है, उसे सुरक्षित और सहयोगात्मक माहौल की जरूरत होती है। फीफा गार्डियंस कार्यक्रम का लक्ष्य ऐसा ही माहौल बनाना है।'' गौरतलब है कि हाल ही में हैती में खिलाड़ियों के सुनियोजित यौन उत्पीड़न के आरोप सामने आये थे। उसके बाद फीफा की नैतिकता समिति ने इस महीने की शुरूआत में ही कहा था कि हैती फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष युवेस जीन बर्ट को खिलाड़ियों के उत्पीड़न के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए पाक टीम में हफीज शामिल नहीं

**लाहौर।** पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए अपनी टी20 टीम में अनुभवी बल्लेबाज मोहम्मद हफीज को शामिल नहीं किया है। पीसीबी ने कहा था कि सभी खिलाड़ियों को तीन फरवरी तक टीम के जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में शामिल होना होगा जिसके लिए हफीज तैयार नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला 11 फरवरी से शुरू होगी। वहीं हफीज पीसीबी के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं हैं और अभी यूएई में टी10 लीग में खेल रहे हैं। उन्होंने पीसीबी से आग्रह किया था कि उन्हें तीन फरवरी की समय सीमा के बाद लाहौर में टीम से जुड़ने की स्वीकृति दी जाए जो नहीं दी गयी। वहीं मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम ने कहा, ''प्रत्येक खिलाड़ी को तीन फरवरी को जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण से जुड़ना होगा, वहीं अगर खिलाड़ी ऐसा नहीं करता है तो इसका मतलब है कि वह उपलब्ध नहीं है।''चयनकताओं ने आसिफ अली को एक बार फिर टीम में वापसी का मौका दिया है। वह भी यूएई में टी10 लीग में खेल रहे हैं पर वसीम ने कहा कि वह तीन फरवरी की समय सीमा से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। इसके अलावा चयनकताओं ने हाल में खराब प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फखर जमां और तेज गेंदबाज वहाब रियाज को टीम से बाहर कर दिया है।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


'एक समय ऐसा भी था जब मुझसे कहा जाता था कि हीरो की पिछली फिल्म फ्लॉप रही है, इसलिए आप अपनी फीस कम कर लीजिए। ताकि फिल्म का बजट को कंट्रोल किया जा सके। कुछ एक्टर्स तो ऐसे भी थे जो चाहते थे कि मेरा इंट्रोडक्शन सीन बदल दिया जाए।



# हीरो की पिछली फिल्म फ्लॉप होने पर मुझे अपनी फीस कम करने को कहा जाता था: तापसी

एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने बॉलीवुड में भेदभाव को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। इसे लेकर उनका क्या एक्सपीरियंस रहा है, इसका भी खुलासा किया। तापसी ने बताया कि हीरो की पिछली फिल्म फ्लॉप होने पर मुझे अपनी फीस कम करने को कहा जाता था। जिससे फिल्म का बजट कंट्रोल किया जा सके।

मुझे अपनी फीस कम करने को कहा जाता था

इंटरव्यू में तापसी ने कहा, 'अपने करियर के शुरूआती दौर में मुझे इंडस्ट्री में कई अजीब चीजों का सामना करना पड़ा है। मैं बॉलीवुड की अन्य एक्ट्रेस की तरह बहुत खूबसूरत नहीं थीं। मुझे इसलिए भी फिल्म से रिप्लेस कर दिया जाता था, क्योंकि एक्टर की वाइफ नहीं चाहती थी कि मैं फिल्म का हिस्सा बनूं। मैं एक फिल्म के लिए डबिंग कर रही थी इस दौरान मुझसे कहा गया कि हीरो को तुम्हारा डायला-ॅग पसंद नहीं आया, इसलिए इसे बदल देना चाहिए। जब मैंने बदलने से मना कर दिया था तो किसी दूसरे डबिंग आर्टिस्ट से वो काम करा लिया गया।'

तापसी ने आगे कहा, 'एक समय ऐसा भी था जब मुझसे कहा जाता था कि हीरो की पिछली फिल्म फ्लॉप रही है, इसलिए आप अपनी फीस कम कर लीजिए। ताकि फिल्म का बजट को कंट्रोल किया जा सके। कुछ एक्टर्स तो ऐसे भी थे जो चाहते थे कि मेरा इंट्रोडक्शन सीन बदल दिया जाए। क्योंकि उन्हें ऐसा लगने लगा था कि कहीं मेरे सीन्स उनके इंट्रोडक्शन सीन्स पर भारी ना पड़ जाएं। ये तो वो चीजें हैं जो मेरे सामने हुईं, मुझे नहीं पता कि इंडस्ट्री में मेरे पीछे क्या-क्या होता है। इसके बाद से ही मैंने ये फैसला किया है कि अब मैं उन फिल्मों में ही काम करूंगी, जिसमें काम कर मुझे अच्छा महसूस हो।'

### 'शाबाश मिथु' की तैयारियों में जुटीं तापसी पन्नू

वर्क फ्रंट की बात करें तो तापसी पन्नू ने कुछ दिनों पहले ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'रश्मी रॉकेट' की शूटिंग पूरी कर ली है। अब वे क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक 'शाबाश मिथु' की तैयारियों में जुट गई हैं। इस फिल्म के लिए वे कोच नूशीन अल खदीर से क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही हैं। जिसका एक फोटो हाल ही में तापसी ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर किया था। यह फिल्म राहुल ढोलकिया के निर्देशन में बनेगी।

# ऋतिक रोशन से हॉस्पिटल के गेटकीपर ने की बदतमीजी, एक्टर ने कसकर लगाई डांट



मुंबईः बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में ऋतिक अपने अपने दोनों बेटों रिदान और रेहान के साथ नजर आ रहे हैं। ऋतिक अपने दोनों बेटों के साथ किसी वजह से अस्पताल पहुंचे थे। एक्टर जब अस्पताल के अंदर जाने लगे तो गेटकीपर ने उन्हें अस्पताल के गेट पर ही रोक दिया। ऋतिक रोशन ने जब उससे जाने की बात कही तो शख्स ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और उनसे बदतमीजी करने लगा. यह देख ऋतिक रोशन काफी गुस्से में आ गए और उसे डांट लगाने लगे।

इसके बाद ऋतिक अपने बेटों के साथ दूसरे दरवाजे से अस्पताल के अंदर चले गए। वीडियो में ऋतिक गुस्से में गेटकीपर से कह रहे हैं- 'अरे तो ऐसा बोलो ना।' ऋतिक रोशन का यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। Voompla ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। जिसे अब तक 3 लाख से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। एक्टर के फैन भी वीडियो पर कमेंट करते हुए उनके गुस्से का कारण पूछ रहे हैं।

बता दें, ऋतिक का यह वीडियो एंडोस्कोपी केन्द्र का है। जहां, ऋतिक रोशन किसी काम से पहुंचे थे। वीडियो वायरल होने के बाद एक्टर के फैन उनका समर्थन कर रहे हैं और अपना रिएक्शन दे रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में ऋतिक रोशन की नई फिल्म का ऐलान हुआ है। जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। इस फिल्म का टाइटर 'फाइटर' है। फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट करेंगे। दर्शकों को भी अपने फेवरेट स्टार की फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

# 'जोनस' फैमिली की ऑस्कर जीतने वाली पहली सदस्य होंगी प्रियंका: निक

मुंबई। ऐक्टिंग के दम पर बॉलिवुड से लेकर हॉलिवुड अपनी पहचना वाली ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा से उनके पति निक जोनस काफी प्रभावित हुए हैं। उनका कहना है कि प्रियंका ऑस्कर जीत सकती है। हाल ही में प्रियंका की नई फिल्म 'द वाइट टाइगर' रिलीज हुई है, जिसके लिए अभिनेत्री की काफी तारीफ हो रही है, लेकिन उनके अपने पति निक जोनस की तारीफ के आगे सब फेल है। वहीं, वेरायटी सर्किट पॉडकास्ट अवाड्र्स में प्रियंका चोपड़ा ने निक जोनस की तारीफ करते हुए कहा कि 'वह एक ऐसे परफेक्ट पति हैं, जो कुछ भी गलत नहीं करते और उनकी यही खासियत उन्हें उनके और करीब ले आती है।' प्रियंका चोपड़ा ने आगे कहा कि इससे एक इस तरह का भरोसा मिलता है कि आप जो कुछ कर रहे हैं, वो बहुत ही बेहतर है। प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि 'निक जोनस को उनके काम पर बहुत भरोसा है। वह कहते हैं कि आप ऑस्कर जीतने वाली पहली जोनास हो सकती हैं।' वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका इन दिनों कुछ बड़ी फिल्मों के साथ-साथ अमेरिकी टीवी प्रॉडक्शन के लिए काम कर रही हैं। 'मैट्रिक्स 4' के अलावा उनके पास कई अंतर्राष्ट्रीय फिल्में भी हैं, जिसमें वेब सीरीज और रुसो ब्रदर्स की 'एवेंजर्सः एंडगेम' भी शामिल है।





# संजय दत्त की 'केजीएफ 2' 16 जुलाई को होगी रिलीज

मुंबई। संजय दत्त और साउथ स्टार यश की फिल्म 'केजीएफः चैप्टर 2' 16 जुलाई को रिलीज होगी। संजय दत्त और यश ने सोशल मीडिया के जरिये यह जानकारी दी। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था। संजय दत्त ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म 'केजीएफः चैप्टर 2' का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि फिल्म 16 जुलाई को वर्ल्डवाइड थिअटर में रिलीज की जाएगी। वहीं, यश ने भी अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म की रिलीज की जानकारी दी है। इससे पहले, संजय दत्त ने ट्वीट कर बताया था कि वह फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करेंगे। प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'केजीएफः चैप्टर 2' कन्नड, हिंदी, तमिल तेलुगू और मलयालम में रिलीज की जाएगी। बता दें कि यह फिल्म साल 2018 में आई फिल्म 'केजीएफ' का सीक्वल है। फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था। फिल्म 'केजीएफः चैप्टर 2' में संजय दत्त अधीरा का रोल प्ले कर रहे हैं। इस फिल्म में रॉकी का सामना अधीरा से होगा। संजय दत्त और यश के अलावा फिल्म में रवीना टंडन, प्रकाश राज, श्रीनिधि शेट्टी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

# दूसरी बार पापा बनने पर ट्रोल हो रहे कपिल शर्मा



पॉप्युलर कमीडियन और ऐक्टर कपिल शर्मा एक प्यारे से बेटे के पिता बन गए हैं और उन्होंने फैन्स के साथ यह गुड न्यूज ट्विटर पर शेयर की थी। कपिल दूसरी बार पिता बने हैं। इससे पहले 2019 में वह एक बेटी अनायरा के पिता बने। जहां फैन्स खुश हैं और कपिल व गिन्नी चतरथ को जमकर बधाइयां दे रहे हैं, वहीं कुछ लोग कपिल को 3 साल के अंदर ही दो 2 बार पापा बनने पर ट्रोल कर रहे हैं।

बता दें कि कपिल शर्मा ने दिसबंर 2018 में गिन्नी चतरथ से शादी की थी और शादी के एक साल बाद यानी 10 दिसंबर 2019 को अनायरा पैदा हुई थीं। लोगों को लग रहा है कि 3 साल में कपिल ने दो बार गुड न्यूज काफी जल्दी दे दी है।

बता दें कि कपिल की वाइफ गिन्नी चतरथ ने सोमवार यानी 1 फरवरी को सुबह बेटे को जन्म दिया। ट्विटर पर गुड न्यूज शेयर करते हुए कपिल शर्मा ने लिखा, 'नमस्कार, आज सुबह हमें भगवान के आशीर्वाद से बेटा हुआ है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। आप सबके आशीर्वाद, प्यार और प्रार्थनाओं के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया।'

कपिल और गिन्नी ने प्रेग्नेंसी की खबरों को काफी वक्त से सीक्रेट रखा था। लेकिन चर्चा काफी जोरों पर थी कि गिन्नी दूसरी बार मां बनने वाली हैं। बताया जा रहा है कि इसी वजह से कपिल ने अपने शो 'द कपिल शर्मा शो' को भी कुछ महीनों के लिए ऑफ-एयर करने का फैसला कर लिया है।

## दलेर मेहंदी ने नई पीढ़ी को बताया हजार गुना बेहतर



गायक दलेर मेहंदी का कहना है कि उन्हें संगीत उद्योग में 26 साल पूरे हो गए हैं और इतने सालों में उन्होंने संगीत को काफी अच्छे तरह से जाना है। दलेर ने कहा कि 'इतने सालों में मैंने इंडस्ट्री को पागल होते देखा है। वे किसी भी तरह के गाने और रीमिक्स बनाने के बारे में कुछ भी करने की कोशिश कर रहे हैं। लता मंगेशकर, श्रेया घोषाल और सुनिधि चौहान जैसी महिला आवाजें ऐसी खूबसूरत आवाजें हैं। लेकिन अब महिलाए पुरुषों की आवाज में गा रही हैं और पुरुष महिलाओं की आवाज में गा रहे हैं। किसी गीत का कोई सिर या पूंछ नहीं है, यह सच है।' उन्होंने आगे कहा कि 'अब संगीत फिर से बदलना शुरू हो गया है और यह अच्छा है। शो में जो बच्चे गा रहे हैं, वे कितने अच्छे हैं और जो जज सामने बैठे हैं, उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है। प्रतिभागी उनसे एक हजार गुना बेहतर हैं। संगीत अब अच्छा है। नई पीढ़ी बहुत अच्छी है।

# कार्तिक और जान्हवी ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर किया अनफॉलो



मुंबई। बॉलिवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन और खूबसूरत जान्हवी कपूर ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। इसे कार्तिक और जान्हवी दोनों के फैन्स हैरत मान रहे हैं। क्योंकि नए साल के मौके पर कार्तिक और जान्हवी को गोवा के बीच पर देखा गया था। ऐसा माना जा रहा था कि दोनों रोमांटिक डेट पर गए हैं। फिर दोनों को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर भी देखा गया था। अब इन दोनों को एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। खबर है कि फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी टीम को लंदन जाना था लेकिन एक बार फिर इंग्लैंड में कोरोना वायरस के कारण लगे सख्त लॉकडाउन के कारण इसे टाल दिया गया है। कहा जा रहा है कि अगर कार्तिक और जान्हवी के बीच कोई अनबन हो गई है तो निश्चित तौर पर इस फिल्म पर इसका फर्क जरूर पड़ेगा। फिल्म 'दोस्ताना 2' कार्तिक और जान्हवी की साथ में पहली फिल्म है। इनके साथ फिल्म से लक्ष्य बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म को करण जौहर प्रड्यूस कर रहे हैं। वहीं, वर्क फ्रंट पर जान्हवी ने हाल में अपनी अगली फिल्म 'गुड लक जेरी' की शूटिंग शुरू कर दी है। इसके अलावा जान्हवी राजकुमार राव के साथ फिल्म 'रूही अफसाना' में भी नजर आएंगी। वहीं, कार्तिक भी अपनी अगली फिल्म 'धमाका'की शूटिंग कर रहे हैं। कार्तिक कियारा आडवाणी के साथ 'भूल भुलैया 2' में भी नजर आने वाले हैं।

# रोहित शेट्टी की फिल्म 'सर्कस' में नजर आएंगे रणवीर सिंह



मुंबई। ऐक्टर रणवीर सिंह एक बार फिर रोहित शेट्टी के साथ काम करने वाले हैं। रणवीर अब रोहित के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'सर्कस' में नजर आएंगे। खबर है कि इस फिल्म के लिए रणवीर ने बड़ी फीस ली है। चर्चा है कि इस फिल्म के लिए रणवीर सिंह ने 50 करोड़ फीस के तौर पर लिए हैं। कहा जा रहा है कि रणवीर हर फिल्म के साथ अपनी फीस को बढ़ाकर लेंगे। इस फिल्म के लिए 75 दिन का शेड्यूल तय किया गया है। इसके हिसाब से वह लगभग 66 लाख रुपये प्रतिदिन के हिसाब से फीस चार्ज कर रहे हैं। हालांकि अधिकारिक तौर पर ऐसी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन अगर यह सच है तो रणवीर सबसे ज्यादा फीस लेने वाले स्टार्स में शामिल हो गए हैं। बता दें कि 2019 में जो फोर्ब्स की लिस्ट जारी की गई थी, उसमें बताया गया था कि रणवीर सलाना करीब 118 करोड़ रुपये कमाते हैं। इस तरह से वह सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सेलेब्स में 7वें नंबर पर थे, जबकि 2018 में वह 8वीं पोजिशन में थे। हालांकि, फिल्म 'सर्कस' की मुंबई में शूटिंग जारी है। अनुमान है कि मार्च तक शूटिंग का काम खत्म हो सकता है और इसके बाद टीम पोस्ट प्रॉडक्शन के काम में लग जाएगी।

# यामी ने अपने बॉलीवुड के सफर को किया याद



बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने टेलीविजन कॉमर्शियल के दिनों से हिंदी सिनेमा तक के अपने मौजूदा सफर को याद किया है। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक थ्रोबैक तस्वीर पोस्ट की। शेयर तस्वीर में वह असिन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आ रही हैं।

यामी ने कहा कि 'इस तस्वीर को देखकर खुशी महसूस होती है। यह मेरा जन्मदिन था और मेरी मां दूर बैठी हुई थी और सुबह से मेरा काम देख रही थी।' तस्वीर में वह असिन के साथ बैकग्राउंड आर्टिस्ट के रूप में टीवीसी के लिए शूटिंग कर रही हैं। यामी साड़ी पहनी हुई हैं। वर्कफ्रंट की बात करें, तो यामी ने अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फ्लिक भूत पुलिस की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म के सह-कलाकार सैफ अली खान, जैकलीन फनार्डीज, अर्जुन कपूर और जावेद जाफरी हैं और इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया है।

डॉ. तपेन्द्र सिंह सिकरवार
M.B.E.H., M.D. (Medi.)

सौरायसिस चर्म रोग
सफेद दाग एक्जिमा, मुहांसे, चेहरे पर दाग धब्बे, बाल झड़ना व एलेर्जी आदि।
योग हरि क्लीनिक इलैक्ट्रोहोम्योपैथी दवाओं से चिकित्सा सम्भव
नगला बूढ़ी चौराहा, खन्दारी बाईपास, आगरा
Mob: 9411274164, 9259311321